www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024 | वर्ष-17 | अंक -10 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



भ्रष्टाचार अब अवसर का पासवर्ड नहीं बल्कि ...
02 ■ पुलिस आयुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी ने फूल... ■ 4 दिवसीय द्वितीय प्रशिक्षण का शुभारंभ
04 ■ ईरान के राष्ट्रपति करेंगे पाकिस्तान का दौरा ■ जर्मनी के चांसलर ने रूस को सहायता पर चीन ...
07 नवरात्रि के आठवें दिन आज होगी माता महागौरी की आराधना

### एक न्यूज एजेंसी को दिए गए साक्षात्कार में बोले प्रधानमंत्री

# मेरे निर्णय किसी को डराने के लिए नहीं : मोदी

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। मेरे निर्णय किसी को डराने के लिए नहीं हैं। मेरे निर्णय किसी को दबाने के लिए भी नहीं हैं। मेरे निर्णय देश के सर्वांगीण विकास के लिए हैं। यह कहना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का। एक न्यूज एजेंसी को दिए गए साक्षात्कार में पीएम मोदी ने कहा कि ज्यादातर सरकारों का स्वभाव होता है कि उन्हें लगता है कि उन्होंने सब कुछ कर लिया लेकिन मैं ऐसा नहीं मानता कि मैंने सब कुछ कर लिया। लेकिन यह जरूर है कि मैंने ज्यादा से ज्यादा करने का प्रयास किया है।

**प्रधानमंत्री बोले, मैंने ज्यादा से ज्यादा काम करने का प्रयास किया है**

#### मेरे मन में बड़े-बड़े प्लान है

'यह तो सिर्फ ट्रेलर है' का क्या मतलब होता है, इस सवाल का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं कहता हूं कि मेरे मन में बहुत बड़े-बड़े प्लान हैं। इससे किसी को डरने की जरूरत नहीं है। मेरे निर्णय किसी को डराने के लिए नहीं हैं। मेरे निर्णय किसी को दबाने के लिए भी नहीं हैं। मेरे निर्णय देश के सर्वांगीण विकास के लिए हैं। मेरे निर्णय जनकल्याण के लिए हैं। देश के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में मैं देर नहीं करना चाहता। मैं समय नहीं बिगाड़ना चाहता। मुझे पता है कि देश में बहुत चीजों की आवश्यकता है। हर परिवार के बहुत सपने होते हैं, उनका सपना कैसे पूरा किया जाए, वह मेरे दिल में है। इसलिए मैं कहता हूं कि जो हुआ वह बस ट्रेलर है। मैं अभी बहुत कुछ करना चाहता हूं।



**मेरे निर्णय देश के सर्वांगीण विकास के लिए हैं। मेरे निर्णय जनकल्याण के लिए हैं : नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

#### एक राष्ट्र-एक चुनाव से देश को फायदा

एक राष्ट्र-एक चुनाव पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह हमारी प्रतिबद्धता है। हमने इसके लिए समिति बनाई, जिसे कई लोगों ने अपने सुझाव दिए। एक राष्ट्र-एक चुनाव योजना को लेकर सकारात्मक सुझाव आए हैं। अगर हम इस रिपोर्ट को लागू कर पाए तो देश को बहुत फायदा होगा।

### चुनावी बॉन्ड पर झूठ फैला रहा विपक्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चुनावी बॉन्ड पर विपक्ष लगातार झूठ फैला रहा है। जबकि जांच एजेंसियों की कार्यवाही में यह बात सामने आई है कि 16 बड़ी कंपनियों ने जो चंदा दिया, उसमें से केवल 37 फीसदी राशि भाजपा को मिली और 63 फीसदी विपक्षी दलों के खाते में गई। उन्होंने कहा, चुनाव में खर्च होता ही होता है। सभी पार्टियां करती हैं, इससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। मैं चाहता था कि हम एक कोशिश करें कि काले धन से चुनाव को मुक्ति कैसे मिले। चुनावी बॉन्ड इसी इरादे से लाया गया था। चुनावी बॉन्ड पर रोक लगाने के संदर्भ में प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि इलेक्टोरल बॉन्ड नहीं होते तो किस व्यवस्था में ताकत है कि वो ढूंढ के निकालते कि पैसा कहां से आया और कहां गया? आज हमने देश को पूरी तरह से कालेधन की ओर धकेल दिया है इसीलिए मैं यह कहता हूं कि अगर ईमानदारी से सोचेंगे तो हर किसी को इसका पछतावा होगा।



चुनावी चंदे पर राहुल ने मोदी को घेरा

# प्रधानमंत्री पकड़े गए है इसलिए दे रहे इंटरव्यू

**नई दिल्ली,**15 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को न्यूज एजेंसी को इंटरव्यू दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर भी बयान दिया। अब इस पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने निशाना साधा है। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम पकड़े गए हैं। इसी वजह से इंटरव्यू दे रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, 'इलेक्टोरल बॉन्ड में नाम और तारीख जरूरी है। नाम और तारीख को देखकर पता लगेगा, जब उन लोगों ने बॉन्ड दिया है। पहले जांच एजेंसियां की कार्रवाई होती है, उसके एकदम बाद उन्हें पैसा मिलता है और एकदम बाद कार्रवाई बंद हो जाती है।' उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ये शुद्ध रूप से वसूली है। पीएम पकड़े गए हैं और अब इंटरव्यू दे रहे हैं।

**कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, ये शुद्ध रूप से वसूली है**

### राहुल के हेलिकॉप्टर की तलाशी ली

नीलगिरी (तमिलनाडु) । तमिलनाडु के नीलगिरी में चुनाव आयोग के अधिकारियों ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली। पुलिस ने बताया कि हेलीकॉप्टर के यहां उतरने के बाद उड़न दस्ते के अधिकारियों ने तलाशी ली। राहुल ने तमिलनाडु व केरल में कई चुनावी कार्यक्रमों में भाग लिया। नीलगिरी जिले में राहुल गांधी ने कला एवं विज्ञान कॉलेज के छात्रों से मुलाकात भी की।

## सार संक्षेप

### चुनाव आयोग ने मुर्शिदाबाद रेंज के डीआईजी को हटाया



**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को आईपीएस ऑफिसर मुकेश को पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद रेंज के डीआईजी पद से तत्काल हटाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, निर्वाचन आयोग ने मुकेश को चुनावी ड्यूटी करने से रोक दिया है। हाल ही में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने मुकेश पर टीएमसी के इशारों पर काम करने का आरोप लगाया था।

### भाजपा ने एजेंसियों का राजनीतिकरण किया : मायावती




**मुरादाबाद।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मुरादाबाद और पीलीभीत में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और भाजपा पर निशाना साधा। मायावती ने कहा कि कांग्रेस की तरह भाजपा ने भी केंद्र की तमाम सरकारी जांच एजेंसी का राजनीतिकरण कर दिया है। देश के जिस हिस्से में भाजपा की सरकार है, वहां के लोग उसकी नीतियों से परेशान हैं।

### के कविता को 23 तक न्यायिक हिरासत में भेजा



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति 2021-2022 कथित घोटाले के मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति विधान परिषद सदस्य के. कविता की केंद्रीय जांच ब्यूरो की तीन दिनों की हिरासत अवधि पूरी होने के बाद उन्हें सोमवार को 23 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने सीबीआई की ओर से सुश्री कविता की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने के अनुरोध पर विचार के बार यह आदेश पारित किया।

### सेना प्रमुख उज्बेकिस्तान की चार दिन की यात्रा पर



**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे सोमवार को उज्बेकिस्तान की चार दिन की यात्रा पर रवाना हो गए। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि जनरल पांडे की 15 से 18 अप्रैल तक की चार दिन की यात्रा भारत और उज्बेकिस्तान के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### तेलंगाना के पूर्व विधायक ने कांग्रेस का हाथ थामा

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भाजपा को झटका देते हुए पूर्व विधायक राठौड़ बापू राव ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया। बोथ निर्वाचन क्षेत्र से दो बार विधायक रहे बापू राव मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हुए।

### 17 फंसे भारतीयों पर बोले एस जयशंकर

# भारतीय दूतावास ने ईरानी अधिकारियों से बातचीत की

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने ईरान से ईरानी सैनिकों द्वारा जब्त किए गए पुर्तगाली मालवाहक जहाज पर सवार 17 भारतीयों को रिहा करने का आग्रह किया है। केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय दूतावास और ईरानी अधिकारियों के बीच बातचीत हुई है।

जयशंकर ने मीडिया से बात करते हुए कहा, मैंने कल रात अपने ईरानी समकक्ष हुसैन आमीर अब्दुल्लाहियन से बात की। मैंने उनपर दबाव डाला और उनसे कहा कि जहाज में 17 भारतीय सवार हैं। हम इन लोगों की रिहाई पर ईरानी सरकार से बात कर रहे हैं। हमने उनसे कहा कि इन लोगों को हिरासत में नहीं लिया जाए। शनिवार को ईरानी सेना ने इस्राइल से जुड़े एक कार्गो जहाज को होर्मुज जलडमरूमध्य के पास जब्त कर लिया था। इस जहाज में 17 भारतीय भी सवार थे। जयशंकर ने आगे कहा, मुझे कुछ रिपोर्ट मिले, लेकिन मैं चाहता हूं कि हमारे दूतावास के लोग वहां जाए और उन लोगों से मिले। यह मेरे लिए संतुष्टि का पहला पड़ाव होगा। मैं पूरी तरह से दबाव डालूंगा कि ये लोग भारत वापस आ जाए। मेरे ईरानी समकक्ष भी इससे बहुत हद तक सहमत थे।



**भारत ने सभी लोगों को रिहा करने का किया आग्रह**

### ईरान पर सैन्य कार्रवाई कर सकता है इजरायल : अरब

**अबू धाबी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ईरान के खिलाफ व्यापक सैन्य अभियान शुरू कर सकते हैं। एनबीसी न्यूज ने दो वरिष्ठ अरब अधिकारियों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि श्री नेतन्याहू ईरान के इजरायल पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले के जवाब में युद्ध शुरू कर सकते हैं। आईडीएफ के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार की रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने इजरायली क्षेत्र पर अपने पहले हमले में इजरायल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागीं।

# केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस

■ सुप्रीम कोर्ट 29 अप्रैल को करेगा अगली सुनवाई ■ 24 तक ईडी को जबाव दाखिल करने का निर्देश

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया, लेकिन मुख्यमंत्री केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी की इस मामले की अगली सुनवाई शीघ्र करने की गुहार साफ तौर पर ठुकरा दी। पीठ ने अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख मुकर्रर कर दी और उससे पहले 24 अप्रैल तक ईडी को अपना जबाव दाखिल करने का निर्देश दिया।



#### 21 मार्च को गिरफ्तार किया था

श्री केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने एक अप्रैल को उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया था। उच्च न्यायालय से अपनी याचिका खारिज होने के बाद उन्होंने 10 अप्रैल को शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### जेल में केजरीवाल से मिले भगवंत मान

कहा, मुख्यमंत्री के साथ आतंकियों जैसा व्यवहार



नई दिल्ली। दिल्ली के तिहाड़ जेल में सोमवार को अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करने वाले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बाहर आने के बाद कहा कि दिल्ली सीएम के साथ वहां आतंकवादियों जैसा बर्ताव किया जा रहा है। उन्हें बुनियादी सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। जब हम मिले तो मेरे और उनके बीच एक शीशे की दीवार थी।

# इस साल जमकर बरसेंगे बदरा

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को 2024 में औसत से अधिक मानसूनी बारिश का अनुमान लगाया है, जो देश के कृषि क्षेत्र के लिए अच्छी खबर है। पिछले साल अनियमित मौसम से कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ था। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम. रविचंद्रन ने कहा कि मानसून आम तौर पर 1 जून के आसपास केरल में आता है और सितंबर के मध्य में वापस चला जाता है।

इस साल औसत बारिश 106 फीसदी होने की उम्मीद है। रविचंद्रन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पूर्वानुमान से पता चलता है कि जून से सितंबर के दौरान मानसून मौसमी वर्षा लंबी अवधि के औसत का 106 फीसदी होने की संभावना है। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि अल नीनो, जो मानसून को बाधित करता है, कमजोर हो रहा है और मानसून आने तक यह हट जाएगा। ला नीना भारत में अधिक वर्षा का कारण बनती है। यह अगस्त तक स्थापित हो जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था में मानसून एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। देश की लगभग 50 फीसदी कृषि भूमि के पास सिंचाई का कोई अन्य साधन नहीं है। मानसून की बारिश देश के जलाशयों और जलभृतों को रिचार्ज करने के लिए भी महत्वपूर्ण है, जहां से पानी का उपयोग साल के अंत में फसलों की सिंचाई के लिए किया जा सकता है। भारत खाद्यान्न के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरा है, लेकिन पिछले साल अनियमित मानसून के चलते कृषि उत्पादन प्रभावित हुआ। इससे आपूर्ति बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए चीनी, चावल, गेहूं और प्याज के विदेशी शिपमेंट पर अंकुश लगाना पड़ा। कृषि क्षेत्र में मजबूत वृद्धि मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने में मदद करती है।



■ इस साल सामान्य से बेहतर रहेगा मानसून
■ कृषि क्षेत्र के लिए है बहुत अच्छी खबर

# संविधान की ओर आंख उठाने वालों की आंख निकाल लेगी जनता

**पटना,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर संविधान बदलने का आरोप लगाया और चेतावनी देते हुए कहा कि संविधान की तरफ आंख उठाकर भी देखा तो इस देश के दलित, पिछड़ा और गरीब मिलकर आंख निकाल लेंगे। श्री यादव ने 'एक्स' पर लिखे पोस्ट में कहा, भाजपा के वरिष्ठ नेता लगातार संविधान बदलने और समाप्त करने का दावा कर रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री और इनके शीर्ष नेता इन पर कुछ कारवाई करने की बजाय उन्हें ईनाम स्वरूप चुनाव लड़वा रहे है। ये भाजपा वाले चाहते क्या हैं। इन्हें संविधान, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और गरीबों से समस्या क्या है। राजद अध्यक्ष ने कहा कि संविधान बदल ये इस देश से समता, स्वतंत्रता, बंधुता, सामाजिक न्याय और आरक्षण खत्म करना चाहते है। ये लोगों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और पूंजीपतियों का गुलाम बनाना चाहते है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि संविधान की तरफ़ आंख उठाकर भी देखा तो इस देश के दलित, पिछड़ा और गरीब लोग मिलकर इनकी आंख निकाल लेंगे।



■ ये इस देश से समता, बंधुता और आरक्षण खत्म करना चाहते है

### खजुराहो से आरबी प्रजापति होंगे इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार

**भोपाल,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश की खजुराहो संसदीय सीट से कांग्रेस ने ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के उम्मीदवार आरबी प्रजापति को समर्थन देने का फैसला लिया है। ऐसे में आरबी प्रजापति गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार होंगे। खजुराहो संसदीय सीट से सपा ने मीरा यादव को मैदान में उतारा था, मगर उनका नामांकन तकनीकी गड़बड़ियों की वजह से निरस्त हो गया। दरअसल, इंडी गठबंधन ने आपसी समझौते के तहत खजुराहो सीट समाजवादी पार्टी (सपा) को दिया था। जब सपा के उम्मीदवार का नामांकन निरस्त हो गया तो पार्टी ने फारवर्ड ब्लॉक के उम्मीदवार प्रजापति को समर्थन देने का फैसला किया है।

**ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के उम्मीदवार हैं प्रजापति**

**अपील** *21 पूर्व न्यायाधीशों ने सीजेआई को लिखा पत्र*

# न्यायपालिका को कमजोर करने की हो रही कोशिश

**नई दिल्ली,15 अप्रैल (एजेंसियां)। शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालयों के 21 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा है। पत्र में न्यायपालिका को कमजोर करने के प्रयासों पर चिंता जताई गई है। चिट्ठी लिखने वालों में हाईकोर्ट के 17 पूर्व जज और सुप्रीम कोर्ट के चार पूर्व न्यायाधीश शामिल हैं।**

इसमें कुछ गुटों की ओर से सोचे-समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक अपमान के जरिए न्यायपालिका को कमजोर करने के बढ़ते प्रयासों का जिक्र किया गया है।

पत्र में कहा गया कि ऐसा करने वाले संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ के लिए न्यायपालिका को कमजोर और न्यायिक प्रणाली पर जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने उन घटनाओं के बारे में नहीं बताया, जिसके कारण उन्होंने सीजेआई को पत्र लिखा है। हालांकि, यह पत्र ऐसे वक्त लिखा गया है, जब भ्रष्टाचार के मामले में विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों के बीच जुबानी जंग जारी है।

सेवानिवृत्त न्यायमूर्तियों दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एमआर शाह समेत पूर्व जजों ने आलोचकों पर अदालतों और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाने का आरोप लगाया है। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के स्पष्ट प्रयासों के साथ गलत तरीके अपनाने का भी आरोप लगाया है।



■ न्यायिक प्रणाली पर जनता के विश्वास को कम करने का है प्रयास

#### पवित्रता व स्वायत्तता सुरक्षित रखने की अपील


उन्होंने 'न्यायपालिका को अनावश्यक दबाव से बचाने की आवश्यकता' शीर्षक वाले इस पत्र में लिखा, 'इस तरह की कार्रवाइयां न केवल हमारी न्यायपालिका की पवित्रता का अपमान करती हैं, बल्कि न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती भी पेश करती हैं, जिन्हें कानून के संरक्षक के रूप में न्यायाधीशों ने बनाए रखने की शपथ ली है।' उन्होंने इसकी पवित्रता और स्वायत्तता सुरक्षित रखने की अपील की।

# देश

उवाच

"भाजपा भी जानती है कि वह अब सत्ता में नहीं आने वाली, इसीलिए उसने अपने घोषणा पत्र में कोई नई घोषणा नहीं की है साथ ही वह किसी वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध नहीं है।

–रितु चौधरी, कांग्रेस प्रवक्ता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 25.0 |
| मुंबई | 34.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 33.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# भ्रष्टाचार अब अवसर का पासवर्ड नहीं बल्कि जेल जाने का रास्ता : धनखड़

- उपराष्ट्रपति ने भ्रष्टाचारियों पर जमकर बोला हमला
- एनएडीटी में आयकर विभाग के अधिकारियों को किया संबाधित



भ्रष्टाचार अब प्रशासन को निर्देशित नहीं करता है व भारत अब सोया हुआ देश नहीं रहा : जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नागपुर शहर में राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 76वें बैच के समापन समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को भ्रष्टाचारियों पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि सत्ता के गलियारों में भ्रष्ट तत्वों को पूरी तरह से बेअसर कर दिया गया है। भ्रष्टाचार अब अवसर, नौकरी या अनुबंध का पासवर्ड नहीं है, बल्कि जेल जाने का रास्ता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार अब प्रशासन को निर्देशित नहीं करता है। भारत अब सोया हुआ देश नहीं रहा, बल्कि वह तेजी से वैश्विक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान हम ग्लोबल साउथ की आवाज बने। राष्ट्रों का ऐसा शक्तिशाली संयोजन। जीडीपी और जनसंख्या को देखें जिसका वे प्रतिनिधित्व करते हैं और उनकी आवाज नहीं सुनी जा रही थी। यह अब एक प्रमुख मंच पर है, जिसका श्रेय भारत और हमारे दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है। आईआरएस अधिकारियों के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा कि नकदी को संभालना समाज में एक समस्या रही है और प्रौद्योगिकी ने नकदी की झंझट से मुक्ति दिलाई है।

इस तरह के कदमों से व्यवस्था में पारदर्शिता आई है। भारत में आज भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि मैं आज भ्रष्टाचार पर ज्यादा बात नहीं करूंगा, लेकिन एक बात सुनिश्चित है कि अब सत्ता के गलियारों में भ्रष्ट तत्वों से पूरी तरह बेअसर कर दिया गया है। धनखड़ ने कहा कि आजादी के बाद एक समय भारत दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक था। 1991 में भी भारत की अर्थव्यवस्था पेरिस और लंदन जैसे शहरों की तुलना में छोटी थी। यह भारत का आकार था, जिसे एक समय में सोने की चिड़िया के नाम से जाना जाता था। लेकिन आज भारत की अर्थव्यवस्था फ्रांस और ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था से बहुत आगे है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अगले दो साल में भारत जापान और जर्मनी से आगे हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बदलाव हमारे देश के अनुकूल नीति निर्माण और लागू की गई दृष्टि तथा नौकरशाही के कारण हुआ है। धनखड़ ने कहा कि भारत 6.5 से 7 प्रतिशत की औसत जीडीपी वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। गुप्त लेनदेन और धन पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, उन्होंने कहा कि कर प्रशासन को गति बनाए रखने, करदाताओं की नई जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करने और कर धोखाधड़ी को दूर रखने की चुनौती दी जाती है।

धनखड़ ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत विश्लेषण जैसी नई प्रौद्योगिकी कर प्रशासन में सुधार कर रही है और कर चोरी रोकने में मदद कर रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सिस्टम में करदाता के विश्वास को बढ़ाता है, जो बदले में अधिक अनुपालन को प्रोत्साहित करता है।

### आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ावा देने का किया आह्वान

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा है कि इससे भारतीय अर्थव्यवस्था और जनता को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों को स्थानीय लोगों के लिए मुखर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे देश को तीन बड़े लाभ होंगे पहला, परिहार्य आयात के कारण विदेशी मुद्रा बर्बाद नहीं होगी, दूसरा, हमारे युवाओं के लिए रोजगार पैदा होगा और तीसरा, देश में उद्यमिता एक बड़ी छलांग लगाएगी। देश में कर प्रशासन के बढ़ते डिजिटलीकरण और फेसलेस ई-असेसमेंट प्रणाली जैसे पारदर्शिता उपायों पर उप राष्ट्रपति ने कहा कि इससे कर व्यवस्था में नई शुरुआत हुई है और आयकर विभाग ईमानदार को सम्मान देने के अपने उद्देश्य को पूरा कर रहा है।

## विस चुनाव से पहले दस लाख लोंगो को देंगें नौकरी : सम्राट

**पटना,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के बीच डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सोमवार को बड़ा एलान किया। सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार में 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले 10 लाख लोगों को नौकरी दी जाएगी। उन्होंने तेजस्वी का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोग ख्वाब दिखाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन असल में वे जमीन लूटने की योजना बना रहे हैं। भाजपा के घोषणा पत्र की चर्चा करते हुए सम्राट ने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब ही है गारंटी का पूरा होना। भाजपा ने 2014 और 2019 के घोषणा पत्र में देश की जनता से जो वादे किए उसे पूरा करके दिखाया है। यह गरीब कल्याण, नारी शक्ति, युवा और किसान का संकल्प पत्र है। डबल इंजन सरकार ने बिहार जैसे राज्य को विकसित करने का काम किया है। सम्राट ने कहा कि लालू-राबड़ी के शासनकाल में उनके परिवार के लोग राजा की तरह रहे हैं। तेजस्वी यादव पांच विभागों के मंत्री रहे, उन्हें बताना चाहिए कि किस विभाग में कितने लोगों को नौकरी दी। बिहार के लोगों को ठगना राजद परिवार का पहला काम है।



## जम्मू-कश्मीर का दर्जा वापस दिलाने वाले दलों को देंगे समर्थन : बुखारी

### अपनी पार्टी ने इस बार घाटी से लड़ने का किया है फैसला

**श्रीनगर,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी उन राजनीतिक दलों का समर्थन करेगी, जो जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाएंगे। अपनी पार्टी पहले ही श्रीनगर और अनंतनाग लोकसभा सीटों के लिए दो उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर चुकी है। पार्टी ने जम्मू क्षेत्र की दो सीटों सहित बाकी तीन सीटों के लिए किसी उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है। बुखारी ने श्रीनगर में मीडियाकर्मियों से कहा कि वे उन लोगों का समर्थन करेंगे जो सच बोल रहे हैं।

जो जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाएगा, हम उसका समर्थन करेंगे जो हमारे युवाओं, बुजुर्गों और धार्मिक नेताओं को जेलों से रिहा कराएगा, हम उनके साथ हैं। समय आएगा और मैं उनके नाम भी बोलूंगा। यह पूछे जाने पर कि आगामी संसदीय चुनावों के लिए जम्मू संभाग से कोई उम्मीदवार क्यों नहीं नामित किया गया है, अपनी पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि इस बार हमने घाटी से लड़ने का फैसला किया है और संसदीय चुनावों के लिए अपने उम्मीदवार उतारे हैं। जम्मू में अपनी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में व्यस्त है। जब उनसे पूछा गया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने यह आरोप क्यों लगाया कि उनका पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन के साथ गठजोड़ है, बुखारी ने कहा कि यह दोष देने के लिए नहीं था आपसे गलती हुई है। उन्होंने कहा कि मैं स्पष्ट कर दूं कि मेरे संबंध हर राजनीतिक दल के साथ हैं, चाहे वह नेशनल कॉन्फ्रेंस हो, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी हो, कांग्रेस हो, भाजपा हो, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस हो या कोई अन्य पार्टी हो..मेरे घर के दरवाजे उनके लिए हमेशा खुले हैं।

बुखारी ने कहा कि मैं उमर साहब का सम्मान करता हूं, लेकिन यह भी सच है कि वह श्रीनगर से भाग गए और बारामूला से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कश्मीर घाटी के सभी हिस्सों से पुरुष, महिलाएं और युवा उनकी पार्टी में शामिल हो रहे हैं।





## सार संक्षेप

### कश्मीर घाटी के दो जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने अगले 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी के दो जिलों के ऊंची चोटियों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। जेकेडीएमए के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। जेकेडीएमए ने उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा जिले और मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में अगले 24 घंटे के दौरान 2,400 मीटर से ऊंची चोटियों पर 'मध्यम स्तर के खतरे' का हिमस्खलन होने का अनुमान जताया है। प्राधिकरण ने इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने और अगले आदेश तक हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी गई है।

### लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए करें मतदान : पटवारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि आम जनता से आव्हान किया कि कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। पटवारी सीधी, शहडोल व जबलपुर में विभिन्न स्थानों पर कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भाजपा सरकार को लेकर प्रहार किया। भाजपा की केंद्र सरकार ने जनता से जो वायदे किया उसे निभाया नहीं। देश के बाहर गया काला धन को वापस लाने, महंगाई को कम करने व किसान की खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए तरह-तरह की योजनाएं बताई थी वह एक भी अमल में नहीं आई है।

### झारखंड में सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

**रांची।** झारखंड के रांची में रातू के काठीटांड के शिव मंदिर के समीप चैती छठ पूजा के अंतिम दिन छठ पूजा करने जा रहे लोगों से भरी एक ऑटो के डिवाइडर से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 9 लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताएं कि मृतकों में दो महिला और एक 12 साल की बच्ची शामिल है जबकि नौ लोग घायल है। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि बताय कि राजेश साहू अपने परिवार के लोगों के साथ ऑटो (छोटा हाथी) में सवार होकर रवि स्टील के पास से रातू चट्टी तालाब में अर्घ्य देने जा रहे थे। इसी दौरान या दुर्घटना हुई।

### भाजपा नेताओं की कार से नौ लाख की नकदी बरामद

**जलपाईगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी क्षेत्र में पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के नेता राकेश नंदी की कार से 7.75 लाख रुपए समेत नौ लाख से अधिक की नकदी बरामद की है। रविवार रात जलपाईगुड़ी क्रांति इलाके में नाका चेकिंग के दौरान भाजपा नेता राकेश नंदी की कार से यह रुपया बरामद किया गया है।

## मणिपुर, पूर्वोत्तर का विकास होगा तो भारत चमकेगा : अमित शाह

### हप्ता कांगजीबुंग में जनसभा को किया संबोधित



**इंफाल,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को हप्ता कांगजीबुंग में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मणिपुर और पूरा पूर्वोत्तर इतना महत्वपूर्ण है कि जब वे तरक्की करेंगे तो पूरा देश आगे बढ़ेगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्वोत्तर और मणिपुर के मित्र हैं। उन्होंने लोगों से मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनने और मणिपुर को बचाने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश को बांटने में लगी है और उसने दक्षिण और उत्तर भारत की राजनीति शुरू कर दी है। उन्होंने लोगों को 14 अप्रैल, 1944 की घटना की याद दिलाई, जब आईएनए द्वारा मोइरांग में पहली बार भारतीय ध्वज फहराया गया था।


उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने राम मंदिर बनाने और देश में शांति लाने के लिये अलगाववादी आंदोलन से लड़ने का अपना वादा पूरा किया है। पिछले 10 वर्षों के दौरान 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया,80 करोड़ लोगों को मुफ्त भोजन दिया जा रहा है, चार करोड़ लोगों को घर दिये गये, 14 करोड़ लोगों को नल से पानी दिया गया। शाह ने कहा कि सरकार ने विभिन्न उग्रवादी संगठनों के साथ 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए और 9000 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। प्रधानमंत्री ने 70 बार पूर्वोत्तर का दौरा किया और मंत्रियों ने 700 बार इस क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि छोटे राज्य देश की आत्मा हैं।

### औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में योगी की मतदाताओं से अपील

# उत्तर प्रदेश की तरह बिहार वाले भी परिवारवाद को नकारें

**पटना/औरंगाबाद,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार में लोकसभा के चुनावी समर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एंट्री हो गई है। सीएम योगी ने सोमवार को औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान योगी अलग ही अंदाज में नजर आए। औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में पहली विजय संकल्प रैली में योगी ने भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के पक्ष में कमल खिलाने की अपील की। योगी ने कहा कि इस बार का चुनाव नेशन फर्स्ट बनाम फैमली फर्स्ट का है। आप लोग राजद पर भरोसा मत कीजिए। ये लोग सिर्फ अपने परिवार को बढ़ाना जानते हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी और बिहार का संबंध तो चोली-दामन का है। कभी अलग नहीं होने वाला संबंध है यह।

हमारे यहां संबोधन में जब बोलते हैं तो हम लोग कहते हैं जय सीताराम। पहले माता सीता का नाम लेते हैं तब राम का नाम लेते हैं। यह संबंध तो दोनों राज्यों के संबंध को जोड़ कर मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का है। इसके अलावा योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम तो लालू से कहेंगे कि आप संख्या बढ़ाएं। यहां रहने के लिए फ्री में मकान तो मोदी दे ही रहे हैं। योगी ने कहा कि राजद के समय बिहार की पहचान की संकट खड़ी हो गई थी और फिर वही गुंडाराज यह लोग वापस लाना चाहते हैं। देखो गुंडों का सबसे अच्छा इलाज यूपी में हो रहा है। आप लोग देख रहे हो न। योगी ने कहा कि यूपी में गुंडों का कैसा उपचार हो रहा है। वहां अगर कोई व्यापारी और बेटियों के साथ छेड़छाड़ करता है या बुरा व्यवहार करता है तो उल्टा लटका दिया जाता है और नीचे से मिर्ची का झोंका अलग से दिया जाता है। उसमें भी वो लोग गले में पट्टी लगाकर चलते हैं कि बस एक बार जान बक्श दो। आगे से कोई गलती नहीं होगी। योगी ने कहा कि एक तरफ हमने भगवान राम के लिए अयोध्या में भव्य मंदिर बनाया तो दूसरे तरफ गुंडे और माफिया को राम नाम सत्य की यात्रा पर भी भेजने का काम किया। बोलचाल की भाषा में हम राम-राम कहते हैं। मिलते हैं तो जय श्री राम कहते हैं।



- इस बार का चुनाव नेशन फर्स्ट बनाम फैमली फर्स्ट का है
- पहली विजय संकल्प रैली में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मांगे वोट

### लालू अपने परिवार तक ही सीमित

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार के अंदर तो लालू के परिवार को ही सीटें कम पड़ रही थी। लालू अपने परिवार तक ही सीमित रहे गए। परिवार से आगे उनकी सोच ही नहीं हैं। विकास होना है तो केवल परिवार का ही और सीट भी मिलनी है तो सिर्फ परिवार को ही। योजनाओं का लाभ लेना है तो सिर्फ परिवार के लोगों को लेना है। हालांकि आप जानते हैं कि एक परिवार यहां है तो एक परिवार इनका यूपी में भी है। यूपी की जनता तो पहले ही उनको जवाब दे चुकी है और अब बिहार के लोगों को भी जवाब देने के लिए तैयार होना होगा। जातिवादी ताकतों को नकार दें। इसलिए मैं यहां आया हूं।

## उलगुलान न्याय महारैली में जनता के सामने होगा भाजपा के झूठ व धोखाधड़ी का पर्दाफाश : कांग्रेस

### देश के लोगों को अलग-अलग मुद्दों में उलझाने का लगाया आरोप

**रांची,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि रांची के प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में भाजपा के झूठ, फरेब, धोखाधड़ी का पर्दाफाश जनता के सामने किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि पिछले पांच वर्षों से भाजपा पूरे देश के लोगों को अलग-अलग मुद्दों में उलझा कर भी देश की मूल समस्याओं बेरोजगारी और महंगाई से लोगों का ध्यान नहीं भटका सकी है और जनता प्रधानमंत्री मोदी से अपनी बदहाली के हिसाब मांग रही है। शांति ने कहा कि एक बार फिर देश के सामने मोदी साहब की जुगल जोड़ी लोक लुभावना घोषणाओं की बाढ़ लेकर आए हैं जिसे भाजपा संकल्प पत्र रहती है और इसे मोदी की गारंटी का नाम दिया गया है। महारानी में झारखंडी जनता को मोदी के 10 वर्षों में किए वादे और सच्चाई के साथ साथिया भी बताया जाएगा कि भाजपा ने आदिवासियों, किसानों, युवा, महिला, पिछड़ा, दलित समाज के लोगों के विकास के लिए काम करने की जगह देश के पूंजीपति औद्योगिक घरानों और कंपनियों के लिए काम किया।



### भाजपा ने लिया है वन नेशन वन इलेक्शन का संकल्प

शांति ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन का संकल्प भाजपा ने लिया है जो देश के संविधान में बदलाव कर न इलेक्शन में सिलेक्शन करने की तैयारी मोदी शाह द्वारा की जा रही है और इस इरादे के साथ वह अपने कदम बढ़ा चुके हैं।

यही कारण है कि अपने संविधान बदलो पत्र में भाजपा ने जनता को फिर मुफ्त बिजली, मुफ्त राशन, आयुष्मान का दायरा बढ़ाने का लॉलीपॉप जनता को दिया है। बुलेट ट्रेन चलाने को पटरियां नहीं है और बुलेट ट्रेन विस्तार का वादा किया जा रहा है।

## कांग्रेस-आप के संयुक्त प्रत्याशी घोषित हुए डॉ. उदित राज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सभी सातों सीटों पर आप-कांग्रेस गठबंधन और के उम्मीदवार तय हो चुके हैं। उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी ने रविवार देर शाम डॉ. उदित राज को कांग्रेस-आप का संयुक्त प्रत्याशी घोषित कर दिया। उनकी टक्कर भाजपा के उम्मीदवार योगेंद्र चंदोलिया से होगी। डॉ. उदित राज को उत्तर-पश्चिम दिल्ली संसदीय क्षेत्र से टिकट मिलने पर सुबह से ही शुभचिंतकों, कांग्रेस-आप के पदाधिकारयों, कार्यकर्ताओं का हुजूम उनके निवास पर बधाई देने पहुंच रहा है। डॉ. उदित राज ने सभी का शुक्रिया अदा किया। सोमवार को उनके निवास स्थान पर केकेसी चेयरमैन विनोद पंवार, दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार, नांगलोई विधानसभा ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कौशिक और ईस्ट दिल्ली लोकसभा इंचार्ज डॉ. जीत सिंह यादव अपने साथी कार्यकर्ताओं के साथ बधाई देने पहुंचे।



## लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का करें प्रयास : चोकालिंगम

### सोलापुर लोकसभा क्षेत्र की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



**सोलापुर,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस. चोकालिंगम ने कहा है कि चुनाव आयोग (ईसीआई) ने सुझाव दिया है कि इस लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत 75 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए। चोकालिंगम ने कहा कि जिला स्तर पर सभी सरकारी एजेंसियों को चुनाव कार्य के साथ-साथ मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाना चाहिए और उन्हें मतदान प्रतिशत बढ़ाने में मदद करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। चोकालिंगम यहां योजना निर्माण में आयोजित सोलापुर लोकसभा क्षेत्र की समीक्षा बैठक के दौरान बोल रहे थे, जिसमें सभी संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने स्वीप पहल के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाकर सोलापुर जिले में मतदान का प्रतिशत 75 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने का प्रयास करने की अपील की। चोकालिंगम ने कहा कि हमारा राज्य देश में सभी क्षेत्रों में अग्रणी है। लेकिन मतदान प्रतिशत अन्य राज्यों और राष्ट्रीय औसत की तुलना में कम है। उन्होंने सभी तंत्रों को एक-दूसरे के साथ अच्छा समन्वय रखते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। पिछले लोकसभा चुनाव में जिन स्थानों पर मतदान प्रतिशत कम था, वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय किये जाएं। जिस मतदान केन्द्र पर मतदान प्रतिशत अधिक हो, उसके लिए प्रतिस्पर्धा रखी जाए।

राजनीति

*लद्दाख में कांग्रेस को नेकां के समर्थन से उठे नाराजगी के स्वर*

# कारगिल इकाई का संयुक्त उम्मीदवार को समर्थन देने का संकेत

- **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 15 अप्रैल (एजेंसियां)। मैगसेसे पुरस्कार से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक द्वारा छेड़े गए आंदोलन के कारण जो लद्दाख क्षेत्र एक बार फिर से चर्चा में है वह संसदीय चुनावों को लेकर भी चर्चा में आ गया है।**

दरअसल नेशनल कॉन्फ्रेंस की लद्दाख इकाई क्षेत्र की एकमात्र लोकसभा सीट कांग्रेस को आबंटित करने के पार्टी आलाकमान के कदम से नाखुश है और इसके खिलाफ जाने के लिए विभिन्न विकल्प तलाशने के लिए जल्द ही करगिल में वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक आयोजित करने पर विचार कर रही है। कारगिल इकाई ने यह भी संकेत दिया है कि वे लेह के लोगों द्वारा संयुक्त रूप से मैदान में उतारे जाने वाले उम्मीदवार को ही समर्थन देंगें। अगर पार्टी के अंदरूनी सूत्रों पर विश्वास किया जाए, तो करगिल और लेह जिलों के वरिष्ठ नेता हाल ही में दो दलों द्वारा संसद चुनावों के लिए गठबंधन करने के बाद कांग्रेस के लिए लद्दाख सीट छोड़ने के पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के फैसले से नाराज थे। करगिल के नेकां नेताओं का कहना था कि यह निर्णय उन्हें विश्वास में लिए बिना एकतरफा और जल्दबाजी में लिया गया था और इसके जमीनी स्तर पर गंभीर परिणाम होंगे। एक नाराज पार्टी नेता ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए बताया। कि पिछले साल अक्टूबर में, हम लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद करगिल में कुल 17 में से 12 सीटें जीतकर सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में उभरे, जिस पर उसने अपने उम्मीदवार उतारे, जबकि कांग्रेस 10 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही।

नवगठित परिषद के नेतृत्व वाले नेकां द्वारा कई जन-समर्थक फैसले लेने के बाद हमने जिले में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली थी। उन्होंने कहा कि गठबंधन की व्यवस्था से लद्दाख में पार्टी के आधार पर बुरा असर पड़ेगा, जबकि कांग्रेस, जो धीरे-धीरे क्षेत्र में इसका आधार थी, इस फैसले से निश्चित रूप से मजबूत होगी। हमारे लिए, संसद लद्दाख के लोगों के वास्तविक मुद्दों को उठाने का एकमात्र मंच है, जो विधानसभा रहित केंद्र शासित प्रदेश है।

करगिल के नेकां नेताओं ने संकेत देते हुए कहा कि पार्टी गठबंधन सहयोगी-कांग्रेस के साथ किसी भी टकराव से बचने के लिए एक प्रॉक्सी उम्मीदवार को मैदान में उतार सकती है। हालांकि नेकां के अतिरिक्त महासचिव कमर अली अखून ने कहा कि वह जम्मू में हैं और करगिल पहुंचने के बाद वह जल्द ही पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ (संसदीय चुनाव के लिए उनकी योजनाओं और कांग्रेस को समर्थन देने के बारे में) चर्चा करेंगे। उन्होंने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि निश्चित रूप से, निर्णय करगिल जिले में पार्टी के मजबूत आधार को प्रभावित करेगा।



- कारगिल में वरिष्ठ नेताओं की हो सकती है बैठक

उल्टा पुल्टा

एक खूबसूरत लड़की बस स्टैंड पर खड़ी थी...
एक नौजवान बोला : चांद तो रात में निकलता हैं, आज दिन में कैसे निकल आया?
लड़की बोली : अरे उल्लू तो रात को बोलता था, आज दिन में कैसे बोल रहा है।

# कैपिटल ज़ोन

# लोकसभा सीट पर दो सौ संकल्प सभाएं करेगी आप

## राजधानी की चार लोस सीटों को लेकर पार्टी ने प्रचार अभियान किया तेज

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में मंगलवार से पार्टी संकल्प सभाएं आयोजित करेगी। इस सभा के माध्यम से करीब एक लाख लोगों को जेल का जवाब वोट से देने के लिए शपथ दिलाया जाएगा। यह लोग आगे चलकर आप उम्मीदवार के चारों लोकसभा सीटों में जाकर लोगों तक पार्टी की बात पहुंचाएंगे। अभी तक पार्टी जेल का जवाब वोट से अभियान चला रही है। अब इस अभियान को और तेज किया जाएगा। आम आदमी पार्टी के दिल्ली संयोजक व मंत्री गोपाल राय का कहना है कि जेल का जवाब वोट से अभियान के दूसरे चरण में पार्टी जेल का जवाब वोट से संकल्प सभा आयोजित करेगी। 23 मई तक आयोजित होने वाली इन 200 सभाओं में दिल्ली सरकार के मंत्री, विधायक और सांसद बैठक में मौजूद लोगों को शपथ दिलवाएंगे। पार्टी का लक्ष्य करीब एक लाख लोगों को शपथ दिलवाने का है। यह लोग दिल्ली में घर-घर जाएंगे और उन्हें आम आदमी पार्टी को वोट देने के लिए तैयार करेंगे। गोपाल राय ने कहा कि मंगलवार को वह पहले दिन पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में संकल्प सभाएं करेंगे। राज्यसभा सांसद संजय सिंह 18



दिल्ली में लोगों के घर-घर जाकर बताया जाएगा कि केजरीवाल को गलत तरीके से जेल में डाला गया है : **गोपाल राय**

अप्रैल को दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट के लिए संकल्प सभा करेंगे। सभा के अंत में लोगों को शपथ दिलाई जाएगी। लोगों से अपील की जाएगी कि वो जेल का जवाब चुनाव में वोट से दें। गोपाल राय का कहना है कि दिल्ली में लोगों के घर-घर जाकर बताया जाएगा कि केजरीवाल को गलत तरीके से जेल में डाला गया है। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में करीब तीन लाख घरों में जाकर मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को लेकर सवाल किया गया। इसमें 90 फीसदी लोगों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को गलत बताया। आप ने दो हजार टीम बनाई है। यह लोगों के घर जाती है और लोगों से पूछती है कि क्या अरविंद केजरीवाल के साथ गलत हुआ है। उन्होंने कहा कि अरविंद की गिरफ्तारी से लोगों गुस्सा है। इस गिरफ्तारी ने दिल्ली में एक नया मोड़ ला दिया है।

### स्टार प्रचार में गायब हो सकते हैं बड़े नाम

आम आदमी पार्टी के स्टार प्रचारक की लिस्ट में इस बार बड़े नाम गायब हो सकते हैं। पार्टी के बड़े नेता इस समय जेल में हैं। हालांकि गोपाल राय का कहना है कि आने वाले दिनों में स्टार प्रचारकों की लिस्ट को अंतिम रूप दिया जाएगा।

**साथ मिलकर बनाएंगे कॉमन अभियान**

गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस के साथ मिलकर अभियान बनाएंगे। अभी तक कांग्रेस ने उम्मीदवार घोषित नहीं किया था। घोषणा के बाद जहां जरूरत होती आप कांग्रेस का साथ देगी। वहीं जरूरत के आधार पर कांग्रेस का साथ लिया जाएगा।

### कन्हैया के नाम से नहीं कोई दिक्कत

कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया के नाम पर गोपाल राय ने कहा कि इससे कोई दिक्कत नहीं है। यह चुनाव किसी व्यक्ति का नहीं है, इस बार चुनाव पार्टी लड़ रही है। ऐसे में कन्हैया के नाम से कोई दिक्कत नहीं है। भाजपा टुकड़े टुकड़े गैंग का नैरेटिव बनाने का प्रयास कर रही है। इस बार यह नहीं चलेगा। समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद के इस्तीफे के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फैसला करेंगे। यह उनके अधिकार क्षेत्र में आता है।

फिलहाल अपनी सीटों पर अपने स्तर पर प्रचार किया जाएगा। वहीं रामलीला मैदान में सुनीता केजरीवाल ने जो कहा था वह इंडिया गठबंधन के सभी नेता को पता है। संजय सिंह भी विपक्ष के नेताओं को मिलकर सभी को एक मंच पर लाने के लिए काम कर रहे हैं। बता दें कि आम दिल्ली की चार और कांग्रेस तीन लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है।

# रेलकर्मियों ने धूमधाम से मनाई भीमराव अम्बेडकर की जयंती

### आंबेडकर के पदचिन्हों पर चलने पर दिया जोर

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। रेल कोच फैक्टरी (कपूरथला) के कर्मचारियों ने अपने तिलक ब्रिज कैम्प ऑफिस में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर वित्त मंत्रालय से डॉ. पूरण सिंह, वरिष्ठ सम्पादक धर्मपाल धनखड़, वरिष्ठ पत्रकार एवं एनसीआर मीडिया क्लब के प्रेजिडेंट अमित नेहरा, इंजीनियर सोहन बैठा, सत्येन्द्र यादव, शमशुल कमर, बीएस उपाध्याय, जयबीर लांग्यान, भूपेन्द्र कुमार, केदार, अशोक अटेला, शिवकुमार भिवानी, सुरेंद्र व अनिल समेत अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर डॉ. पूरण सिंह ने कहा कि आज हमें भीमराव आंबेडकर के पदचिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। धर्मपाल धनखड़ ने कहा कि जब तक दुनिया में भेदभाव खत्म नहीं हो जाता तब तक अम्बेडकर का मिशन अधूरा है। अमित नेहरा ने भीमराव आंबेडकर के अनेक संस्मरण सुनाए और कहा कि हमें अम्बेडकर को मनसा-वाचा-कर्मणा तीनों प्रकार से आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर वंचितों, दलितों और



अछूतों के वकील थे। इनको वाजिब हक दिलाने में उन्होंने अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया। सत्येन्द्र यादव ने कहा कि भीमराव अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक संस्था थे। बीएस उपाध्याय ने कहा कि अम्बेडकर वाकई में भारत रत्न हैं। शमशुल कमर ने कहा कि सभी को भीमराव अंबेडकर की शिक्षाओं आए प्रेरणा लेनी चाहिए। जयबीर लांग्यान ने कहा कि भीमराव अम्बेडकर राष्ट्रीय विरासत हैं, उन्होंने अपना पूरा जीवन वंचितों और अछूतों के उत्थान में लगा दिया। इस बौद्धिक संगोष्ठी में सभी वक्ताओं और उपस्थितजनों ने समाज में भेदभाव को खत्म करने का प्रण लिया। सभी को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए और लंगर वितरित किया गया।

## बाबा साहेब के विचारों पर करना चाहिए अमल : शोभन

■ **अम्बेडकर की जयंती पर समारोह आयोजित**



**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। सोमवार को उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बडौदा हाउस में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी के 134वें जन्म दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक शोभन चौधुरी, अपर महाप्रबन्धक अजय सिंघल सहित सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर चौधुरी ने पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहेब के जीवन चरित्र पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी के विचारों पर अमल करना चाहिए तथा कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वाह करना चाहिए। यह बाबा साहेब को हमारी सच्ची पुष्पांजलि होगी।

# जेल भेजने से मनोबल हुआ और मजबूत : संजय सिंह

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को एक वीडियो जारी कर कहा कि पिछले दस दिनों से मैं जेल के बाहर हूं और मुझे बहुत सुकून की नींद आ रही है। छह महीने मैं जेल में रहा। इस दौरान कुछ दिनों तक मुझे आइसोलेशन में रखा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शायद मुझे यह मौका नहीं दिया होता तो मैं अपने आप से मुलाकात नहीं कर पाता। मैं उन तमाम महापुरुषों से मुलाकात नहीं कर पाता, उन तमाम क्रांतिकारियों से मुलाकात नहीं कर पाता, जिनके बारे में मैं सुनता था, उनकी कहानी पढ़ता था, उनसे मैं मुलाकात नहीं कर पाता। क्योंकि जब कोई व्यक्ति एकांत में होता है तो उसे बहुत कुछ सोचने, समझने और चिंतन करने का मौका मिलता है। संजय सिंह ने कहा कि

**आप नेता ने छह महीने जेल में रहने के संघर्ष को किया साझा**



मोदी ने शायद मुझे यह मौका नहीं दिया होता तो मैं अपने आप से मुलाकात नहीं कर पाता : **सिंह**

6 महीना जेल में रहने के दौरान मैंने नेल्सन मंडेला से मुलाकात की। नेल्सन मंडेला का बहुत ही शानदार क्रांतिकारी जीवन था।

मैंने शहीद ए आजम भगत सिंह से मुलाकात की। 23 साल का एक नौजवान अपने हिंदुस्तान की आजादी के लिए कैसे सब कुछ न्यौछावर कर सकता है, यह भगत सिंह को पढ़कर जाना। मैंने अशफाक उल्ला जी से मुलाकात की। रौशन सिंह, राजेंद्र लहरी, रामप्रसाद बिस्मिल समेत पता नहीं कितने क्रांतिकारियों को पढ़ा और उनको जाना। काला पानी के दस्तावेज पढ़े। तब जाकर मुझे यह लगा कि 30 साल से समाज सेवा और राजनीति के माध्यम से लोगों की जो सेवा कर रहा था, शायद मेरा यह रास्ता सही था। मैंने गांधी जी को भी पढ़ा। तो यह जाना कि हम तो सही रास्ते पर चल रहे थे। शायद यह छह महीने जेल का सफर नहीं रहा होता तो मैं यह नहीं जान पाता कि मैं जो कर रहा था, जिन संघर्षों के रास्तों पर चल रहा था, वो कितना सही है या गलत है। इसलिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने मुझे अपने आप से बात करने और अपने रास्ते को और मजबूत बनाने का मुझे अवसर दिया। मैं 6 महीने जेल की यात्रा से तप कर आगे के रास्ते को तैयार करने और आगे के रास्ते को और मजबूत करने के लिए निकला हूं।

### इतिहास में वही दर्ज होता है जो आप करते हैं

आप ने नेता कहा कि मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि हो सकता है कि आज बहुत सारे माध्यम बिक गए हों, लेकिन इतिहास कभी नहीं बिकता। इतिहास में वही दर्ज होता है जो आप करते हैं। क्या सही है, क्या गलत है यह लोग तय करेंगे, लेकिन किस मंशा से प्रधानमंत्री जी ने मुझे जेल भेजा, यह मैं नहीं जानता। मुझे जेल भेजने के पीछे प्रधानमंत्री जी की जो भी मंशा रही हो, लेकिन मैं इतना ही कह सकता हूं कि मोदी जी आपको बहुत बहुत धन्यवाद। आपने मेरे 30 साल के संघर्ष के जीवन को और मजबूत बनाया और ये भरोसा दिलाया कि मैं जो काम कर रहा था, वो बिल्कुल सही था। आगे और मजबूती के साथ उसी रास्ते पर बढ़ूंगा।

## भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत का रोड मैप : मल्होत्रा



**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा के संकल्प पत्र पर प्रमुख समाजसेवी व कोरोना योद्धा चरणजीत मल्होत्रा ने लोकसभा चुनाव-2024 के लिए भाजपा की ओर से जारी संकल्प पत्र के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इसमें 2047 तक भारत सम्पूर्ण रूप से विकसित कैसे होगा उसका रोड मैप है। संकल्प पत्र से यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री का फोकस गरीब कल्याण, युवा, अन्नदाता किसानों के साथ महिलाओं को भी शक्ति सम्पन्न बनाना है। यह संकल्प पत्र देश को श्रेष्ठ बनाने की सद्इच्छा को स्वर देने वाला है। मल्होत्रा ने कहा कि विकास के दस वर्ष पूरा करके प्रधानमंत्री ने सर्वस्पर्शी-समावेशी विकास का एक अनूठा मॉडल प्रस्तुत किया है। नरेंद्र मोदी की गारंटी का ही नतीजा है कि देश पिछले दस वर्षों में एक विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर हो रहा है। पीएम की योजना देश के हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है। चरणजीत मल्होत्रा ने देश की नारी शक्ति को लेकर कहा कि नारी शक्ति वंदन के तहत भी करोड़ से अधिक माताओं-बहनों को पीएम उज्जवला योजना के अंतर्गत मुफ्त गैस कनेक्शन देकर स्वच्छ ईंधन की व्यवस्था की गई है वहीं तीन तलाक की कुप्रथा को खत्म कर मुस्लिम महिलाओं का सशक्तिकरण भी किया गया है।

पूर्वोत्तर को लेकर कांग्रेस का आरोप

# भाजपा को नहीं है संविधान की परवाह

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस ने पूर्वोत्तर को लेकर भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। पार्टी का दावा है कि प्रधानमंत्री को पूर्वोत्तर की विविधता और संविधान की चिंता नहीं है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि वे अभी पूर्वोत्तर का दौरा करके लौटे हैं। लोगों में मौजूदा मोदी सरकार को लेकर बडा संशय हैं। लोग कह रहे हैं कि जो सरकार कश्मीर से धारा 370 खत्म कर सकती है, वह नागालैंड से 371ए, असम से 371 बी, मणिपुर से 371 सी,सिक्किम से 371 एफ, मिजोरम से 371 जी और



प्रधानमंत्री को पूर्वोत्तर की विविधता और संविधान की चिंता नहीं है : **जयराम रमेश**

अरुणाचल प्रदेश से 371 एफ भी खत्म कर कर सकती हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इस विशेष संवैधानिक व्यवस्था से लोगों के स्थानीय रीति रिवाज को परम्पराओं को संरक्षण मिला हुआ है। लेकिन लोग डर रहे हैं कि मौजूदा सरकार उनके इस खास संवैधानिक अधिकार को खत्म कर देगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने के लिए भी प्रधानमंत्री नहीं बल्कि गृहमंत्री अमित शाह गए हैं। सरकार को देश के इस बेहद महत्वपूर्ण भाग की अनदेखी देश को भारी पड़ सकती है। जयराम ने कहा कि लोगो को अब कांग्रेस से ही उम्मीद हैं और लोगों का मौन समर्थन उसके साथ चल रहा है।

### एक साल से ज्यादा का समय हो गया मणिपुर हिंसाग्रस्त है : कांग्रेस

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि एक साल से ज्यादा का समय हो गया, मणिपुर हिंसाग्रस्त है। लेकिन प्रधानमंत्री को वहां के लोगों की विल्कुल परवाह नहीं है। जिसेके चलते वे सूबे में अमन चैन की बहाली के लिए अब तक एक भी दौरा नहीं किया है। गत दिनों भी वहां हिंसा हुई है, दो लोग मारे गए हैं, लेकिन प्रधानमंत्री वहां के लोगों के बारे में एक शब्द भी नहीं बोल रहे हैं।

# कन्या विवाह सुमंगला योजना की शुरुआत

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल काउंसिल के चीफ डॉक्टर वीपी सिंह ने आईएचआरसीसी कन्या विवाह सुमंगला योजना शुरूआत की है। यह अभियान पूरे देश भर में शुरू किया जाएगा। दिल्ली से कल इस अभियान की शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने बताया की नवम्बर 2024 तक 51 कन्याओं का विवाह संपन्न करवाने का लक्ष्य रखा गया है। इस



**डॉक्टर वीपी सिंह ने कन्याओं के लिए योजना की शुरू**

मौके पर डॉ. वी. पी. सिंह ने कहा कि यह योजना उनके जीवन की अब तक की सबसे अच्छी योजनाओं में से एक है इस योजना के तहत गरीब कन्याओं के विवाह पूरे विधि विधान और भव्य तरीके से आयोजित किए जाएंगे। डॉ वी. पी. सिंह ने कहा कि आज मैं बहुत खुश हूं क्योंकि आज नवरात्रि का पर्व भी पूरा देश मना रहा है और इस नवरात्रि के मौके पर आईएचआरसीसी के द्वारा एक कन्या का विवाह भी हम लोगों ने दिल्ली में संपन्न करवाया है। यह कार्य हम सभी के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है।

# भाजपा बाबा साहेब के संविधान को करना चाहती है खत्म : सोमनाथ भारती

### जो जांच एजेंसियों के सामने घुटने टेक रहा है वह बाबा साहब का अनुयायी नहीं

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। नई दिल्ली लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती ने रविवार को कई क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। इस दौरान भारती बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। आप उम्मीदवार सोमनाथ भारती ने एक कार्यक्रम में कहा कि आज पूरा देश और विश्व बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती 133 वीं जयंती मना रहा है। आज हमें इस मौके पर शपथ लेनी है कि, जो भी ताकते बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को खत्म करना चाहती है, उनके विरोध में हमें खड़े होना है। उन्हें किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देना है। हमें केवल एक कसम खानी है, केवल एक संकल्प लेना है कि, जो ताकत बाबा साहब का संविधान खत्म करना चाहती है और उसके पर अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहती है। उन्हें हमें सफल नहीं होने देना है।



आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने लोगों से कहा कि, जिन लोगों को भारत के संविधान की समझ नहीं है। जिन्हें देश की आजादी की समझ नहीं है। जो इस आजादी का इस्तेमाल दुरुपयोग करने के लिए कर रहे है। उन्हें हमें सफल नहीं होने देना है।

इस मौके पर आज हम सभी लोग मिलकर एक संकल्प ले कि, बाबा साहब के संविधान को बचाने के लिए एक एक व्यक्ति अपना पूरा वर्चस्व निछावर करेगा। आज भाजपा, ईडी, सीबीआई और तमाम प्रकार की जांच एजेंसियां हमारे पीछे लगा ले। हमें डरना नहीं हैं, हमें घुटने टेकना नहीं है। आज जो इन एजेंसियों के सामने घुटने टेक रहा है वह बाबा साहब का अनुयायी नहीं है। रविवार को आम आदमी पार्टी और इंडिया गठबंधन के साझा उम्मीदवार सोमनाथ भारती ने अपने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत सुबह पांच बजे नील-26 के मालवीय नगर में ध्यान के साथ की। इसके बाद सुबह छह बजे सीआर पार्क में सूर्य आराधना में शामिल हुए। सात बजे जहांपनाह सिटी फॉरेस्ट में मॉर्निंग वॉक के लिए पहुचे। सुबह की सैर के दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झाड़ू को वोट देने की अपील भी की।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम तिरथली, उप जिलाधिकारी, जेवर से प्राप्त परिवार वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 303/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024, दिनांक 19.03.2024 में मृतक श्री मंगल पुत्र गनेश निवासी ग्राम तिरथली परगना व तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है। दर्ज कर दिया जायेगा।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तिरथली | 558म | श्री मंगल पुत्र गनेश निवासी ग्राम तिरथली पगरना व तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर | प्रेमवती | पत्नी | 75 वर्ष | विधवा |
| | | | | शांति | पुत्री | 53 वर्ष | विवाहित |
| | | | | सोना देवी | पुत्री | 55 वर्ष | विवाहित |
| | | | | हरिचन्द | पुत्र | 51 वर्ष | विवाहित |
| | | | | मुकेश | पुत्र | 46 वर्ष | विवाहित |
| | | | | सुमन | पुत्री | 41 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड एवं 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रौनीजा में उप जिलाधिकारी, जेवर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 368/एस0टी0-एस0डी0एम0/2018, दिनांक 26.11.2018 से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक श्री महेन्द्र सिंह पुत्र गजराज सिंह निवासी ग्राम मौहम्मदाबाद खेडा के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रौनीजा | 691 699 | श्री महेन्द्र सिंह पुत्र गजराज सिंह निवासी ग्राम मौहम्मदाबाद खेडा | राजेश्वरी | पत्नी | 58 वर्ष | विधवा |
| | | | | आनन्द सिंह | पुत्र | 25 वर्ष | विवाहित |
| | | | | योगेन्द्र | पुत्र | 24 वर्ष | विवाहित |
| | | | | अनु देवी | पुत्री | 30 वर्ष | विवाहित |
| | | | | अंजली | पुत्री | 28 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

**ANNEXURE 47**
**FORMATS C-1 TO C-8 AND CA**
**Format C-1**

Declaration about criminal cases *(for candidate to publish in News Paper, TV*

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011
(Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name and address of candidate **MAHKAR SINGH** Village & Post Dujana, Tehsil Dadri Dist G.B. Nagar U.P.
Name of Political Party INDEPENDENT
(Independent candidates should write Independent here)
Name of Election 13, Gautambuddha Nagar
Name of Constituency LOKSABHA
I Mahakar Singh a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about may criminal antecedents.

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ACJMI G.B. Nagar | 105/2020, 8/4/24 | Pending | 427 IPC, 4 Indian Forest Act. Roognt UP Green Trees |
| 2. | ACJMI G.B. Nagar | 509/2011, 3/5/24 | Pending | 323, 324, 325, 452, Anti Family Causing Hurt |
| N.A | N.A | N.A | N.A | N.A |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offense**

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Descripation of offense(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| | N.A | N.A | N.A |
| | N.A | N.A | N.A |
| | N.A | N.A | N.A |

In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Note:**
1. The particulars regarding criminal cases pending against the candidate shall be in bold letters.
2. The matter in newspapers shall be published in font size of at least 12.
3. Details should be given separately for each case in separate rows.
4. If a candidate is contesting an election on the ticket of a particular party, he/she is required to inform the party about the criminal cases pending against him/her.
5. The candidate shall report about publishing of declaration regarding criminal cases immediately after such publication to the Returning Officer In addition, he shall submit a report about publishing of the declaration regarding cases in Format C-4 along with the account of election expenses within 30 days of declaration of result of election. (a) In case of elections to the Lok Sabha and the Legislative Assemblies, this shall be submitted to District Election Officer concerned, (b) In case of elections to the Rajya Sabha and the State Legislative Council, this shall be submitted to the Returning Officer concerned

This may be published in Newspapers and IV from the day following the last date for withdrawal of candidature
378 Handbook for Retuning Officer

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

वेस्ट टू वंडर पार्क से जहां घरेलू वेस्ट सामान का पार्क में उपयोग होगा तथा उसके उपयोग होने से वहां के क्षेत्र वासियों रुचि भी बढ़ेगी अपनी सहभागिता वेस्ट टू वंडर पार्क को सुसज्जित करने में आगे आएंगे, कई सामाजिक संस्थाएं तथा आरडब्ल्यूए पदाधिकारी भी एकजुट होकर वेस्ट टू वंडर पार्क जैसे अभियान में हिस्सा ले रहे हैं शहर के पांचो जोन में वेस्ट टू वंडर पार्क बनाए जाएंगे।

**विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त**

## पुलिस आयुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी ने फूल मंडी का किया निरीक्षण



■ ई.वी.एम./वीवीपैट मशीनों को वेयरहाउसों से फूल मंडी फेस-2 में किया गया शिफ्ट

**ग्रेटर नोएडा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से ई.वी.एम./वीवीपैट मशीनों को वेयरहाउसों से फूल मंडी फेस-2 नोएडा में शिफ्ट किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने फूल मंडी नोएडा फेस 2 में बनाए गए स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए अलग-अलग स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण करते हुए पुलिस कमिश्नर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मतगणना कक्ष, स्ट्रांग रूम कक्ष, मीडिया कक्ष, अधिकारी कक्ष एवं कर्मचारी कक्ष में सभी मूलभूत सुविधाएं ससमय दुरुस्त कर ली जाए तथा अन्य सभी व्यवस्थाओं को शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही बेरिकेटिंग, सीसीटीवी कैमरा, पार्किंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने स्ट्रांग रूम के प्रवेश द्वार में सुरक्षा के पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने तथा स्ट्रांग रूम में केवल अधिकृत व्यक्ति को ही समुचित रूप से जांच आदि के उपरांत प्रवेश देने के निर्देश दिए ताकि जिले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराया जा सके।

लोकसभा चुनाव के लिए जिले के 61-नोएडा, 62-दादरी एवं 63-जेवर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की ई.वी.एम./वीवीपैट की तैयारी का कार्य फूल मंडी, फेस-दो नोएडा में 16 अप्रैल से किया जाएगा। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित वेयरहाउस से ई.वी.एम./वीवीपैट को फूल मंडी, फेस-2 नोएडा को ले जाया गया। इस अवसर पर समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गण उपस्थिति रहे। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त सुनीति, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण, मंडी सचिव संजय कुमार सिंह एवं प्रशासन व पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## 4 दिवसीय द्वितीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



**दो पालियों में मास्टर ट्रेनर द्वारा पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण**

**नोएडा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को 4 दिवसीय द्वितीय प्रशिक्षण का राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सेक्टर- 51, होशियारपुर में शुभारंभ हुआ। मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण 15, 16, 18 एवं 19 अप्रैल 2024 तक कराया जाएगा। द्वितीय प्रशिक्षण के पहले दिन आज लगभग 2288 पीठासीन एवं प्रथम मतदान अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना था। जिनमें से पीठासीन अधिकारियों में प्रबंधक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण मनोज कुमार सहित 8 एवं प्रथम मतदान अधिकारियों में प्रबंधक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण संजय सिंह सहित 10 अनुपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि आज प्रशिक्षण में जो पीठासीन एवं मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे हैं, उनके विरुद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। 4 दिवसीय द्वितीय प्रशिक्षण के प्रथम दिन आज दोनों पालियों में मास्टर ट्रेनर द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों को लेकर सभी मतदान कार्मिकों को चुनाव प्रक्रिया के संबंध में पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सभी पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों से कहा कि बहुत ही सजगता के साथ भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन का कार्य पूर्ण निष्ठा व लग्न से संपन्न करायें। मतदान को आयोग की मंशा के अनुरूप संपन्न कराने में सभी पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए सभी मतदान कार्मिक भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के संबंध में गहन अध्ययन करते हुए मतदान के दौरान समस्त प्रक्रिया आयोग की मंशा के अनुरूप संपन्न कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

**सार संक्षेप**

### काम करते समय चोट लगने से श्रमिक की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-58 के बी ब्लॉक स्थित फैक्ट्री में काम करने के दौरान मशीन की चपेट में आने से श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। साथियों ने घायल को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल को देखते ही मृत घोषित कर दिया। उसके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट के निशान थे। सेक्टर-58 थाना प्रभारी ने बताया कि उड़ीसा का 34 वर्षीय रंजीत नायक बी- ब्लॉक स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। रविवार को वह काम कर रहा था, उसी समय मशीन की चपेट में आने से उसे चोट लग गई। रंजीत को अत्यंत गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है। इस संबंध में मृतक के परिजनों ने अभी तक थाने में शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।

### सड़क हादसे में पांच महीने बाद मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** बीपीएल कट के पास पांच महीने पहले हुए सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में अब फेज दो थाने में केस दर्ज हुआ है। केस कोर्ट के आदेश पर मृतक युवक के पिता की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुआ है। पुलिस आरोपी की पहचान और हादसे की जानकारी के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। मूलरूप से अलीगढ़ के रहने वाले किरणपाल अपने परिवार के साथ कुलेसरा में रहते हैं। पांच नवम्बर 2023 को किरणपाल का बेटा गुड्डू अपनी बाइक से फेज टू जा रहा था। बीपीएल कट के पास गलत दिशा से आ रहे दूसरी बाइक सवार ने गुड्डू की बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों ने घायल युवक को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक युवक के पिता किरणपाल ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। संबंधित अधिकारियों ने भी मामले का संज्ञान नहीं लिया। अब कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सातवें दिन मां कालरात्रि पूजन के लिए मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नोएडा।** चैत्र नवरात्र के सातवें दिन सोमवार को मंदिरों में मां कालरात्रि का पूजन किया गया। मंदिरों में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भक्तों ने घरों में भी मां कालरात्रि की विधि विधान से पूजा की। सेक्टर-19 सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर-2 लाल मंदिर, सेक्टर-100 वोडा महादेव मंदिर, सेक्टर-71 शिव शक्ति मंदिर, सेक्टर-62 बालक नाथ मंदिर, सेक्टर-22 स्थित दुर्गा मंदिर, सेक्टर-49 स्थित प्राचीन सनातन मंदिर, बिसरख स्थित दुर्गा मंदिर में सुबह से श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचने लगे। सेक्टर-20 श्रीहनुमान मंदिर में भक्तों ने चंदन, रोली, सिंदूर, फल और पान से माता की पूजा की। सनातन धर्म मंदिर के पूजारी हरेद्र नाथ दुबे ने बताया कि 16 अप्रैल को अष्टमी और 17 अप्रैल को नवमी होगी। अष्टमी को मंदिर में फूल से मां का श्रृंगार किया जाएगा। नवमी पर मां को 56 भोग लगाए जाएंगे। इसके अलावा भजन -कीर्तन का आयोजन भी होगा। अष्टमी पर कन्या पूजन की तैयारी के चलते सोमवार को बाजारों में रौनक रही। लोगों ने कन्याओं को भेंट करने के लिए बर्तन और गिफ्ट खरीदे।

## नोएडा में 12 हजार वर्गमी जमीन कब्जा मुक्त

■ 95 करोड़ रुपए आंकी गई जमीन की कीमत

■ चार दीवारी कर काटे जा रहे थे प्लॉट



**नोएडा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण का अवैध निर्माण हटाने का अभियान निरंतर जारी है। सोमवार को प्राधिकरण की टीम ने 12 हजार वर्गमीटर जमीन को अवैध निर्माण से मुक्त कराया। इस जमीन की कीमत करीब 95 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। ये जमीन प्राधिकरण के मास्टर प्लान के अनुसार नियोजित है। इसमें विकास परियोजना का निर्माण होना है। ध्वस्तीकरण की ये कार्यवाही वर्क सर्किल-6 की ओर से की गई।

प्राधिकरण ने बताया कि जेसीबी और स्थानीय पुलिस बल की मदद से अभियान सेक्टर-79 में चलाया गया। यहां खसरा नंबर-770 को चारो ओर से घेरकर उसकी बाउंड्री कर ली गई थी। साथ ही अंदर प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण के संज्ञान में आते ही जेसीबी, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ध्वस्तीकरण किया गया। साथ ही अतिक्रमण कर्ताओं को चेतावनी दी कि दोबारा ऐसा किया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने लोगों से अपील की कि वह कॉलोनाइजरों के बहकावे में नहीं फंसे। अन्यथा अपने जीवन भर की पूंजी डुबा देंगे। इसलिए जमीन खरीदने से पहले नोएडा प्राधिकरण में चेक करा ले। बता दे प्राधिकरण ने एक महीने में 12 स्थलों से अवैध निर्माण को हटाया गया। जिसमें 17 खसरों की करीब 56 हजार 885 वर्गमीटर जमीन जमीन है। ये जमीन सदरपुर, ममूरा, सोरखा, सलरपुर, असदुल्लापुर, मोहियापुर, गढ़ी समस्तीपुर, गुलावली गांव की है। इसकी लागत करीब 236.80 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

## नोएडा में पकड़ी गई 3 लाख नकदी

■ भंगेल में की जा रही थी जांच

■ आयकर विभाग को दी गई जानकारी

**नोएडा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव में नकद पकड़ने का सिलिसला लगातार जारी है। सोमवार को फेज-2 पुलिस भंगेल के पास जांच कर रही थी। इस दौरान एक पीले रंग की ब्रेजा कार आते दिखी। पुलिस ने जांच के लिए रोका। कार से 3 लाख रुपए नकद बरामद किया गया। ये 500-500 रुपए के नोट के रूप में थे। पुलिस ने आयकर विभाग को जानकारी दे दी है। कार्रवाई का जा रही है। फेज-2 थाना पुलिस ने भंगेल मार्केट में ब्रेजा रंग पीला रजिस्ट्रेशन नंबर- DL9CAR4807 को रोका। कार में हारून राशिद पुत्र मोहम्मद जहूल निवासी दिल्ली व शमीम अहमद पुत्र अब्दुल कुद्दूस निवासी दिल्ली थे। इनके पास से एक बैग था। बैग चेक करने पर उसमें 3,00,000 नगद बरामद हुए। पुलिस ने दोनों से पूछताछ की। जिसमें दोनों ही नगद पैसों का न तो कोई बिल प्रस्तुत कर सके और न ही साक्ष्य। ऐसे में धनराशि को जब्त कर आयकर विभाग को इसकी जानकारी दे दी गई।

बता दे इससे पहले भी लगातार नोएडा के बार्डर से वाहनों में कैश पकड़ा जा रहा है। ये पैसा हरियाणा, दिल्ली से होते हुए यूपी में प्रवेश कराया जा रहा है। हालांकि बार्डर पर सघन जांच होने के चलते ये पकड़ा जा रहा है। बता दे नोएडा में सभी बार्डर पर सघन जांच की जा रही है।

### गाजियाबाद पुलिस ने बरामद किए दस लाख रुपए

**गाजियाबाद।** थाना साहिबाबाद पुलिस टीम द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत जांच के दौरान 10 लाख रुपए बरामद की है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पटेल ने बताया कि रविवार की की रात्रि में थाना साहिबाबाद पुलिस टीम लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत संदिग्ध वाहन / व्यक्ति चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वैगानार कार को रोककर चैक किया गया तो उसमे सवार व्यक्ति विश्वास जायसवाल निवासी असौनी 05 बैरगानिया, बैरगनिया सीतामढी, वैरगनिया बिहार जांच की गई तो व्यक्तियों के कब्जे से दस लाख रुपए कैश बरामद हुए। दोनो व्यक्तियों से पूछने पर बरामद रुपयों के संबंध में कोई संतोष जनक जबाब नही दिया गया।

## बसपा व कई निर्दलीय पार्षदों ने थामा भाजपा का दामन



**अब नगर निगम के सदन में होंगे भाजपा के 76 पार्षद**

**गाजियाबाद,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। बसपा व कई निर्दलीय पार्षदों ने सोमवार को अपनी आस्था बदलते हुए भाजपा का दामन थाम लिया। अब नगर निगम सदन सदन में भाजपा के 76 पार्षद हो गए। नवयुग मार्किट स्थित चुनाव कार्यालय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया व महापौर सुनीता दयाल के समक्ष तीन निर्दलीय पार्षद (अनुज त्यागी वार्ड 87, राजीव भाटी वार्ड 73, नितिन कुमार वार्ड 31), 2 बसपा पार्षद (सुभाष चौधरी वार्ड 32, राधेश्याम त्यागी वार्ड 57), 1 अपनी जनतांत्रिक पार्टी (अजीत निगम), 1 पूर्व मंडल अध्यक्ष (आलोक शर्मा), 4 पूर्व पार्षद (हेमलता शर्मा, विनोद शर्मा, विनोद कुमार, आनंद गुप्ता) भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। जिसमें मुख्य रूप से पार्षद विरेन्द्र त्यागी, प्रेम त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## परिवहन विभाग ने की बसों, ऑटो व ई रिक्शा के विरुद्ध कार्रवाई

■ आठ स्कूल बस, 14 ई रिक्शा व 7 ऑटो की जांच की

■ स्कूलों में बच्चों को लाने जाने का करते है काम

**नोएडा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। परिवहन विभाग ने सोमवार को विद्यालयों में संचालित बसों, ऑटो, ई रिक्शा के विरुद्ध विशेष जांच चलाया। इस दौरान 7 ऑटो, 14 ई रिक्शा और 8 स्कूल बसों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। ऑटो और ई रिक्शा में कई चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना गाड़ी फिटनेस के वाहन संचालित करते पाये गए। इनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। इस दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. उदित नारायण पांडेय ने बताया कि ऑटो और ई रिक्शा विद्यार्थियों के आवागमन के लिए सुरक्षित नहीं हैं। सुरक्षा के लिए ग्रिल न होने, बंद बाडी न होने से इनमें स्कूल के बच्चों को ले जाना जोखिम भरा है। साथ ही क्षमता से अधिक बच्चों को ढोना दुर्घटना की सम्भावनाओं को कई गुना बढ़ाता है।

डॉ. पांडेय ने बसों के अंदर जाकर विद्यार्थियों से भी वार्ता कर उन्हें बताया कि यदि चालक वाहन चलाते समय मोबाइल से बात करे, ओवर स्पीडिंग अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करे तो उसकी सूचना विद्यालय और माता- पिता को अवश्य दें। बच्चे बस से बाहर अपने शरीर का कोई अंग न निकाले, चढ़ते-उतरते समय पूरी सावधान रखें। चलती बस में चढ़ना उतरना खतरनाक है। इसी प्रकार बसों के मानक पूरे होने पर ही उन्हें विद्यार्थियों के आवागमन के लिए प्रयोग करने प्रेरित किया।

## नार्थ ईस्ट में पहले उग्रवाद से ग्रस्त था, अब उसे अष्ट लक्ष्मी कहा जाता है : बीएल वर्मा



**नोएडा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा का घोषणा पत्र जारी होते ही सोमवार को प्रदेश के अलग-अलग जिलों में भाजपा के मंत्री और नेताओं ने प्रेस वार्ता करके घोषणा पत्र में किए गए मोदी की गारंटी की जानकारी दी। नोएडा के कैलाश सभागार में भी केंद्रीय राज्य मंत्री उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास एवं सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार के बीएल वर्मा ने प्रेस वार्ता की। उनके साथ नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी है। भाजपा हमेशा से ही घोषणा पत्र न बोलकर संकल्प पत्र बोलता है। क्योंकि हम जो हम संकल्प लेते है उसे पूरा करने में विश्वास रखते है। ये संकल्प पत्र आगामी पांच सालों का नहीं बल्कि 2047 का रोड मैप है। 10 साल पहले मोदी जी प्रधानमंत्री बने। सबसे बड़ी चुनौती भ्रष्टाचार की थी। तब प्रधानमंत्री ने कहा की देश के संसाधनों, आमदनी, सुविधाओं पर पहला हक गरीबों का है। ये गरीब, युवा, व्यापारी, उद्यमी, महिलाओं का संकल्प पत्र है। नॉर्थ ईस्ट के 8 स्टेट में 2014 से पहले उग्रवाद था। उसे अब अष्ट लक्ष्मी कहते है। सीमा सुरक्षा भी मजबूत है। 10 सालो में जितना विकास हुआ उतना 60 साल में नहीं हुआ। 5 लाख रुपए तक फ्री इलाज का वायदा हमने पूरा किया। अब भाजपा 70 साल के ऊपर सभी बुजुर्ग को आयुष्मान कार्ड में शामिल करेगी। उज्जवला योजना के तहत गरीब परिवारों को सिलेंडर दिए गए। हर घर नल लगाए गए। जिनको मीलो दूर पानी लेने जाना पड़ता था आज उनको घर में स्वच्छ पानी मिल रहर है। 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन दिया जा रहा है।

हमने 10 साल में 56 हजार किलोमीटर हाइवे। पहले 60 सालो में 74 एयरपोर्ट थे अब 174 है। देश का अनछुआ इलाका नॉर्थ ईस्ट था। हमारी सरकार ने वहां तक नेटवर्क फैलाया।

## शहर के पांचों जोन में निगम बनाएगा वेस्ट टू वंडर पार्क

### तेज होगी रिड्यूस, रीयूज, रि-साइकिल अभियान की रफ्तार



**पार्कों को सुसज्जित करने में वेस्ट का होगा उपयोग, जन-जन की बढ़ेगी रुचि : नगर आयुक्त**



**गाजियाबाद,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शहर में वेस्ट टू वंडर पार्क बनाने के लिए जोर दिया जा रहा है जिसके क्रम में स्वास्थ्य तथा उद्यान विभाग के साथ शहर में अधिक से अधिक वेस्ट टू वंडर पार्क बनाने की तैयारी चल रही है, जिस प्रकार गाजियाबाद की सिटी जोन कंपनी बाग में वेस्ट टू वंडर पार्क बनाया गया है जिसमें खराब टायर खराब बोतल अन्य वेस्ट से पार्क को सुसज्जित तथा सुव्यवस्थित बनाया गया है इसी प्रकार शहर के पांचों जोन में वेस्ट टू वंडर पार्क बनाने के लिए टीम को निर्देश दिए गए हैं जिसके लिए जन-जन को जागरूक करने के लिए भी कार्रवाई चल रही है। प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज तथा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश को प्रथम चरण में शहर के पांचों जोन से एक-एक पार्क लेकर उसमें तैयारी करने के लिए कहा गया है, जोनल प्रभारी को भी अपने क्षेत्र में वेस्ट टू वंडर पार्क तैयार करने के लिए जन संपर्क स्थापित करने तथा सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लेने के लिए निर्देश दिए गए हैं इस प्रकार की मुहिम न केवल कचरा निस्तारण करने के लिए सफल होगी बल्कि ट्रिपल आर रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल की प्रतिक्रिया को भी बढ़ावा मिलेगा। नगर आयुक्त द्वारा योजना बनाते हुए 15 दिन के भीतर ऐसे पार्क जिनको वेस्ट टू वंडर पार्क के रूप में व्यवस्थित करना है चयनित करने के लिए कहा गया है एसबीएम टीम द्वारा भी विशेष कार्रवाई करते हुए ऐसे पार्कों को जन सहयोग से सुव्यवस्थित कराया जाएगा। गाजियाबाद नगर निगम अलग-अलग तरीकों से कचरा निस्तारण के अभियानों को शहर हित में रफ्तार से धरातल पर ला रहा है इसी प्रकार के प्रयास के बारे में नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि वेस्ट टू वंडर पार्क से जहां घरेलू वेस्ट सामान का पार्क में उपयोग होगा तथा उसके उपयोग होने से वहां के क्षेत्र वासियों रुचि भी बढ़ेगी अपनी सहभागिता वेस्ट टू वंडर पार्क को सुसज्जित करने में आगे आएंगे, कई सामाजिक संस्थाएं तथा आरडब्ल्यूए पदाधिकारी भी एकजुट होकर वेस्ट टू वंडर पार्क जैसे अभियान में हिस्सा ले रहे हैं शहर के पांचो जोन में वेस्ट टू वंडर पार्क बनाए जाएंगे तथा इसी तर्ज पर अन्य पार्कों में भी ट्रिपल आर की मुहिम को जोड़ते हुए कचरा निस्तारण के साथ-साथ शहर की सुंदरता को भी बढ़ाया जाएगा, इस प्रकार गाजियाबाद नगर निगम स्वच्छता के प्रति शहर वासियों को जागरुक कर रहा है।

## किन्नर के घर में लूटने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार



**लाखों की जेवरात व तमंचा बरामद**

**गाजियाबाद,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना विजयनगर पुलिस टीम ने किन्नर के घर में घुसकर तमंचे के बल पर लूट करने वाले 2 शातिर लूटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लाखों रुपयों के लूटे गए सोने चांदी के जेवरात व रूपए एवं 1 अवैध तमंचा व चाकू बरामद किये गए हैं।

डीसीपी कुंवर ज्ञानजंय सिंह ने बताया कि 11 अप्रैल को किन्नर चंदा के घर में घुसकर बदमाशों ने तमंचों के बल पर लूटपाट की थी। जिसकी प्राथमिकी विजय नगर थाने में दर्ज कराई गई थी। सूचना पर थाना विजयनगर पर तत्काल सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण हेतु टीमो का गठन किया गया।

उन्होंने बताया कि थाना विजयनगर पुलिस टीम ने मुखबिर एवं लोकल इन्पुट के आधार पर नावेद उर्फ हिलाल निवासी चमन कालोनी व इस्लाम निवासी गुल्ज़ार कालोनी को गौशाला फाटक के पास से गिरफ्तार किया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है । गिरफ्तार आरोपियों ने ने पूछताछ पर बताया कि चांद उर्फ चंदा जो किन्नरों का गुरू था वह किन्नरों के साथ जिसमें लल्ला व सोनू उर्फ मुकर्रम, अन्नू, जोया, स्नेहा, बिपाशा व अन्य किनरों के साथ मिलकर बधाई लेते थे। जो बधाई के पैसे आते थे उनमें से सब को बट जाते थे तथा गुरू दोगुने पैसे रखता था। चांद उर्फ चंदा की मृत्यु माह फरवरी में हो गई थी। मृत्यु के बाद किन्नरों का गुरू लल्ला उर्फ इरशाद बन गया था। लल्ला को पता था कि चंदा के पास बधाई का काफी पैसा एवं सोना है। इससे लल्ला की नियत में खोट आ गया तथा लल्ला ने यह सूचना आकिल व रिंकू उर्फ खुर्शीद व हमे बतायी थी तब हमने साथ मिलकर चंदा के घर पर लूटपाट की थी तथा लूट का सामान हमने आपस में बांट लिया था । आज हम हमारे हिस्से के सामान को बेचने के लिये जा रहे थे कि पुलिस द्वारा हमें लूट के सामान के साथ पकड़ लिया गया।

उवाच "

10 मई 2024 अक्षय तृतीया के अवसर पर विवाह को शुभ मानते हुए बाल विवाह कराया जाता है, जो गैर कानूनी और एक सामाजिक बुराई है। बाल विवाह होने की सूचना निकटतम पुलिस थाना, चौकी, चाइल्डलाइन नंबर-1098 या जिला प्रोबेशन कार्यालय, पुरानी कोर्ट, फेस-2. नोएडा में दी जा सकती है।

अतुल कुमार सोनी, जिला प्रोबेशन अधिकारी

# कैपिटल ज़ोन

# देश के समग्र विकास की परिकल्पना भाजपा ने उकेरी : नरेन्द्र

### लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के संकल्प पत्र को आम लोगों के सामने रखा

**ग्रेटर नोएडा,**15 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की पत्रकार वार्ता वाईएमसीए क्लब ग्रेटर नोएडा में भाजपा के संकल्प पत्र पर पत्रकार वार्ता का आयोजन जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता व पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांग सशक्तिकरण मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र देश के समग्र विकास की परिकल्पना है। पूरे देश का विकास मोदी की गारंटी है, जिसका अर्थ है हर गारंटी पूरी होने की गारंटी। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों हर वक्त भारत को श्रेष्ठ भारत बनाने की दिशा में कार्य किया है 2024 संकल्प पत्र के माध्यम से भाजपा 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का रोडमैप लायी है रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के घोषणा पत्र के जरिये 15 लाख सुझाव प्राप्त कर भाजपा संकल्प पत्र बना है जिसके विभिन्न प्रकार के मुद्दे बातों को 24 भागों में बाटा गया है। पूरे देश का विकास मोदी की गारंटी है गरीब परिवारों के




सेवा, मोदी की गारंटी मध्यम वर्ग परिवारों का विकास, नारी शक्ति का सशक्तिकरण युवाओं को अवसर, वरिष्ठ नागरिकों को वरीयता किसानों को सम्मान मोदी जी गारंटी श्रमिक का सम्मान भारत को ग्लोबल मैन्यूफैक्चरिंग बनाने की मोदी जी गारंटी विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रेक्चर सुशासन और मेडिकल शिक्षा में सीटे बढ़ाई जाएंगी। खेल, टेक्निकल में नयाकर स्वास्थ्य में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाकर नया भारत विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की गारंटी मोदी की गारंटी भारत की इकोनॉमी को बढ़ाते हुए दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति संपन्न देश बनाना और भाजपा ने जो वादा 2014 घोषणा पत्र में किया। 2019 लोकसभा चुनाव में किया वो सब हमारी सरकार ने पूरे करने का काम किया हमारी पार्टी का मूलमंत्र सबका विकास सबका साथ सबका विश्वास जिस पर चलकर हमारी सरकार निरन्तर कार्य कर तीसरी बार फिर मोदी सरकार जनता को किये गए कार्यों के बल पर 4 जून को 400 पार के साथ आ रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी, लोकसभा प्रभारी अनिल शिसोदिया, लोकसभा संयोजक प्रणीत भाटी, जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा, जिला महामंत्री मनोज गर्ग, जिला मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, सांसद प्रतिनिधि बलराज भाटी, लोकसभा कोआर्डिनेटर अर्पित तिवारी, पंकज रावल, सत्यपाल शर्मा, मण्डल अध्यक्ष महेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## नेपाली छात्रों ने मनाया नववर्ष उत्सव

**ग्रेटर नोएडा,**15 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल रिलेशन डिविजन के सहयोग से नेपाली छात्रों ने नेपाल के नववर्ष को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में लगभग 500 नेपाली छात्रों ने कलाकार और दर्शक के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नेपाल के राजदूत डॉ शंकर प्रसाद शर्मा, विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर वाईके गुप्ता, प्रो वाइस चांसलर डॉ परमानंद और इंटरनेशनल रिलेशन डिविजन के निदेशक डॉ अशोक दरियानी ने दीप जलाकर की गई। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर पीआर डॉ अजीत कुमार ने बताया कि नेपाली छात्रों ने नेपाली छात्रों ने गायन, नृत्य और विश्वविद्यालय में प्रदान किए गए वैश्विक मंच पर अपने व्यंजनों और संस्कृति का प्रदर्शन करके अपना दिन मनाया। इस दौरान नेपाली छात्रों ने फैशन शो, विभिन्न गानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम में नेपाली छात्रों के साथ भारतीय और अन्य देशों के छात्रों ने भरपूर आनंद लिया। ऐसे कार्यक्रमों से विभिन्न देशों की कला और संस्कृति जानने का मौका मिलता है। संस्कृति और आकांक्षाओं को बढ़ावा देने और प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।



## डेक्सटेरिक्स-2024 हैकथॉन में नवाचार व सहयोग को किया गया प्रदर्शित

**ग्रेटर नोएडा,**15 अप्रैल (देशबन्धु)। डेक्सटेरिक्स-2024, प्रमुख हैकथॉन इवेंट, गलगोटिया विश्वविद्यालय में बड़ी सफलता के साथ संपन्न हुआ। जिसमें 145 टीमों के साथ 700 से अधिक प्रतिभागियों के साथ, इस कार्यक्रम ने सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, इंजीनियरों, प्रौद्योगिकीविदों, वैज्ञानिकों और डिजाइनरों सहित विविध पृष्ठभूमि से जुड़े उज्ज्वल दिमागों की सरलता और सहयोगी भावना पर प्रकाश डाला। इस आयोजन का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना और फिनटेक, स्थिरता, स्वास्थ्य और कल्याण, वेब-3 और ब्लॉकचेन, सुरक्षा और क्लाउड, शिक्षा और पहुंच, मनोरंजन सहित विभिन्न डोमेन में वास्तविक दुनिया के समाधान बनाना है। इसमें शिवांश श्रीवास्तव, सोटिफाई के फुल स्टैक डेवलपर, अभिमन्यु द्विवेदी, ब्राइटली के क्लाउड इंजीनियर, साक्षी गुप्ता, ब्राइटिटी सॉफ्टवेयर के सॉफ्टवेयर इंजीनियर, छवि गर्ग, एआर निर्माता और प्रशिक्षक, रोहन कुमार, बिगपिक्टो लैटिस के सॉफ्टवेयर विकास इंजीनियर, पीयूष चंद्र, सेल्सफोर्स डेवलपर हितेश गर्ग, आदि शामिल हुए। डेक्सटेरिक्स 2024 ने न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा दिया बल्कि सतत विकास लक्ष्यों के महत्व पर भी जोर दिया। विविध पृष्ठभूमि के सम्मानित न्यायाधीशों के साथ, हैकथॉन ने एक निष्पक्ष और कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित की।



## मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करते हुए दिलाई गई शपथ

**ग्रेटर नोएडा,**15 अप्रैल (देशबन्धु)। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत स्वीप प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह एवं सहायक प्रभारी अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में लोगों को जागरुक किया जा रहा है। जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर अर्चना शिरोमणि, इंदु गुर्जर, रति गुप्ता, महेश सिंह, धीरज कुमारी, बबीता यादव व ममता शर्मा ने विश्व भारती पब्लिक स्कूल सैक्टर-28 नोएडा में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें विद्यालय की प्रधानाध्यापिका के नेतृत्व में समस्त स्टाफ व छात्रों को मतदान की महत्ता के संबंध में बताया गया। स्वीप कॉर्डिनेटर मोहित गर्ग ने विधानसभा 63 जेवर के ग्राम नंगला पदम में जाकर वहां के निवासियों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। सभी निवासियों को वोट की महत्वता बताते हुए मतदान हेतु संकल्प दिलाया गया एवं मतदाता जागरूकता संबंधी स्टीकर वितरित एवं चस्पा किए गए। इस प्रोग्राम में नंगला पदम की प्रधानाचार्या चंदप्रभा और



समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। स्वीप कोऑर्डिनेटर शालिनी एवं बीएलओ द्वारा विधानसभा 62 दादरी में घर घर जाकर मतदाता जागरूकता स्टीकर का वितरण कर लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया गया।<

स्वीप कोऑर्डिनेटर गीता भाटी ने दादरी के ग्राम देवला की मलिन बस्तियों में जाकर वहां के निवासियों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। सभी निवासियों को वोट की महत्वता बताते हुए मतदान हेतु संकल्प दिलाया।

## बाल विवाह होता पाएं तो पुलिस, चाइल्ड लाइन नम्बर-1098 पर करें शिकायत

**ग्रेटर नोएडा,**15 अप्रैल (देशबन्धु)। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत 'बाल विवाह' करना या कराना या उसमें सहयोग करना कानूनी अपराध है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की धारा-10 के अनुसार कोई व्यक्ति किसी प्रकार से बाल विवाह करता या करवाता है, बाल विवाह करने या किसी को निर्देश देता है या प्रेरित करता है, तो उसे दोषी मानते हुए उसको दो वर्ष की सजा या 1 लाख रुपए का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने बताया कि 10 मई 2024 अक्षय तृतीया के अवसर पर विवाह को शुभ मानते हुए बाल विवाह कराया जाता है, जो गैर कानूनी और एक सामाजिक बुराई है। बाल विवाह होने की सूचना निकटतम पुलिस थाना, चौकी, चाइल्डलाइन नंबर-1098 या जिला प्रोबेशन कार्यालय, पुरानी कोर्ट, फेस-2 नोएडा में दी जा सकती है।

## ग्रेनो वेस्ट के लोगों की समस्या सुनने पहुंची प्राधिकरण की टीम

**ग्रेटर नोएडा,**15 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट में नेफोवा की टीम ने शहर की समस्या को लेकर बैठक की थी, जिसकी जानकारी प्राधिकरण के अधिकारियों को लगी। ग्रेनो वेस्ट के निवासियों की समस्या के समाधान को लेकर सोमवार को प्राधिकरण की टीम पहुंची। प्राधिकरण के अधिकारियों के संज्ञान में आने के पश्चात ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा टीम नेफोवा एवं सेक्टर के निवासियों के साथ जॉइंट सर्वे किया गया। सभी समस्याओं को चिन्हित करने के बाद इंदु प्रकाश ने यह आश्वासन दिया गया कि जिन समस्याओं का समाधान बिना टेंडर निकाले हो सकता है उसे तुरंत शुरू करवा कर हल करवाया जाएगा। जिस कार्य को



पूरा करने के लिए विधिवत टेंडर के माध्यम से किए जाने की आवश्यकता है, उसके लिए आदर्श आचार संहिता के समाप्त होने के बाद कारवाई की जाएगी। प्राधिकरण की टीम के दौरे के बाद निवासियों में उम्मीद की किरण जगी है और उनको लग रहा कि अब शायद उनके समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द हो जाएगा, क्योंकि अब तक अधिकारी सेक्टरों की तरफ ज्यादा ध्यान नहीं दिया करते थे।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत स्कूलों में चलाया गया अभियान



**ग्रेटर नोएडा,**15 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में चलाये जा रहे अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत सोमवार को अग्निशमन एवं आपात सेवा कमिश्नरेट के सभी फायर स्टेशनों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में अग्निसुरक्षा को लेकर जागरूक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सभी स्कूलों में अग्नि से सुरक्षा के उपर निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं इसके पश्चात छात्र-छात्राओं को अग्नि सुरक्षा संबंधी जानकारियां दी गई। अग्निशमन एवं आपात सेवा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सभी को इवैक्वेशन व मॉक ड्रिल करते हुए प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों का संचालन करना भी सिखाया गया।

## शिक्षण संस्थान को धोखे से हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा,**15 अप्रैल (देशबन्धु)। धोखाधड़ी कर इंस्टीट्यूट की संपत्ति हड़पने का आरोप लगाते हुए एक कारोबारी ने अपने पिता के साझेदार पर मुकदमा दर्ज कराया है। पिता की मौत के बाद साझेदार ने अपने साथी के साथ मिलकर उनकी संपत्ति हड़प ली। अब आरोपी इस्टीट्यूट में उन्हें घुसने भी नहीं दे रहे हैं। बीटा दो कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित मनीष मग्गू ने अपने पिता के साझेदार सीएम झा और उनके साथी राजकुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करवाया है। पीड़ित का आरोप है कि वर्ष 2018 में उनके पिता ने अपने साझेदार के साथ सेक्टर अल्फा दोनों में एक इंस्टीट्यूट की शुरुआत की थी। पीड़ित का आरोप है कि इस संस्थान में उनकी पत्नी सदस्य थी। दुर्भाग्यवश करीब दो साल बाद उनके पिता और पत्नी दोनों की मौत हो गई।

इस बीच आरोपी साझेदार ने धोखाधड़ी कर खुद को संपत्ति का मालिक काबिज कर लिया। कुछ दिनों बाद उनकी मां ने इंस्टीट्यूट में आना जाना शुरू किया तो आरोपी साझेदार ने उन्हें अंदर नहीं घुसने दिया। इस सदमे में आकर कुछ दिनों बाद उनकी भी मौत हो गई। पीड़ित को आरोपी ने संपत्ति में कोई हिस्सा नहीं दिया। अब पीड़ित ने परेशान होकर आरोपी साझेदार और उसके साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

बीटा दो कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## नन्हक फाउंडेशन के बच्चों को कहानीकार अंजलि तिवारी ने सुनाई कहानियां

**ग्रेटर नोएडा,**15 अप्रैल (देशबन्धु)। नन्हक फाउंडेशन एवं इसकी बिगनिंग मिशन एजुकेशन सेंटर में पढ़ने वाले बच्चे बहुत सौभाग्यशाली हैं जो उन्हें अंजलि तिवारी जी का सानिध्य और आशीर्वाद मिला। अंजली तिवारी एक जानी मानी कहानीकार हैं जिन्होंने कुछ वर्ष पहले वेविंग टेल्स के नाम से अपना कहानियों का सफर शुरू किया था। इनको बच्चों के लिए दुनिया भर से कहानियां ढूंढना और सुनाना बहुत पसंद है। अंजली का मानना है कि कहानियां श्रोताओं तक पहुंचने के लिए अपना रास्ता खुद बना ही लेती हैं। फाउंडेशन की अध्यक्ष साधना सिन्हा ने बताया कि हमारे बच्चों को बहुत ही नायाब तरीके से कहानी सुनाया। यह कहानी न केवल कहानी थी बल्कि इसमें कई तरह की शिक्षा जिज्ञासा एवं हंसी के उठे थे। बच्चे और हम सब इनकी कहानी में कुछ इस तरह मशगूल हो गए जैसे हम सब उसे जी रहे हों। बीच-बीच में सवाल जवाब भी बच्चों के साथ चलता रहा।



## अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की त्रैमासिक बैठक आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,**15 अप्रैल(देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी के अन्तर्गत गठित की गई जिला स्तर पर समिति द्वारा नियमित अंतराल पर एवं प्राप्त कार्ययोजना के अनुसार बैठकों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की त्रैमासिक की प्रथम बैठक सोमवार को जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर अवनीश सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यगण के विचार-विमर्श तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को पात्रता के आधार पर बंदियों के जमानत प्रार्थना पत्र, निजी बंध-पत्र 436ए सी.आर.पी.सी. के अन्तर्गत पात्र बंदियों की रिहाई हेतु समिति द्वारा विचार किया गया। बैठक में जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों में से पात्र बंदियों की रिहाई हेतु दिशा-निर्देश दिये गये। अध्यक्ष ने चिन्हित बंदियों के प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर के माध्यम से संबंधित न्यायालयों में अग्रिम कार्यवाही के लिए भेजे जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर ऋचा उपाध्याय, पुलिस उपायुक्त सुनिति शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन नितिन मदान, जेलर जे.पी. तिवारी एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित हुऐ।



## सीमा हैदर, सचिन मीणा सहित शादी कराने वाले पंडित को जारी हुआ समन

**ग्रेटर नोएडा,**15 अप्रैल (देशबन्धु)। पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर की ओर से दायर याचिका पर गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय की फैमिली कोर्ट ने सीमा हैदर, सचिन मीणा सहित शादी कराने वाले पंडित को भी अदालत ने समन जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 27 मई को होगी। पानीपत के अधिवक्ता मोमिन मलिक की ओर दायर की गई याचिका को स्थानीय अदालत ने स्वीकार किया। अधिवक्ता मोमिन मलिक ने बताया कि सीमा हैदर और सचिन मीणा की हाल में मनाई गई शादी की सालगिरह को अदालत में चुनौती दी गई है। इस कार्यक्रम में जो लोग शामिल हुए हैं, उनको भी मामले में पक्षकार बनाया गया है।

अदालत में शादी के अलावा बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया, धर्म परिवर्तन आदि को अदालत में चुनौती दी है। मोमिन मलिक ने बताया कि सीमा को अदालत में यह साबित करना होगा कि उन्होंने धर्म परिवर्तन कब किया। इसके अलावा नाबालिग बच्चों का धर्म भी इस प्रकार नहीं बदला जा सकता है। जिन लोगों को समन जारी किया है, उन्हें सुनवाई की तारीख को अदालत में हाजिर होना है। 3 जुलाई 2023 को हरियाणा के बल्लभगढ़ से सीमा हैदर को गिरफ्तार कर लिया गया था। वह गौतमबुद्ध नगर के रबूपुरा निवासी सचिन मीणा के साथ नेपाल रास्ते भारत आई थी। सीमा हैदर के अधिवक्ता एपी सिंह का कहना है कि वह देश जिसके साथ शत्रुता पूर्ण संबंध हैं, उस देश के नागरिक की याचिका अदालत में नहीं जा सकती है। अदालत में सभी तथ्य रखे जाएंगे।

## रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में जीते पदक
### 3 स्वर्ण, 2 रजत, 2 कांस्य पदक

**ग्रेटर नोएडा,**15 अप्रैल (देशबन्धु)। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में स्केटिंग रिंक बुक कराकर कर रहे बच्चे स्केटिंग की प्रैक्टिस गाजियाबाद ओपन इंटर क्लब रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में जीते मेडल 3 स्वर्ण पदक 2 रजत पदक 2 कांस्य पदक।

गाजियाबाद ओपन इंटर क्लब रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप जेएसआर बैंक्ड ट्रैक गाजियाबाद में 13 से 14 अप्रैल तक कराई गई। स्केटिंग कोच चरण सिंह ने बताया कि गाजियाबाद ओपन इंटर क्लब रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में लगभग 500 से 550 सौ छात्र छात्राएं पार्टिसिपेशन किया गाजियाबाद, मेरठ, दिल्ली गौतम बुद्ध नगर जिला से आए थे और एकेडमी के 6 छात्र ने पार्टिसिपेशन किया जिसमें से पांच बच्चे मेडल जीतने में कामयाब रहे।

समरजीत सिंह रावत आयु वर्ग 5 जव 7 वर्ग इन-लाइन स्केट्स 300 मीटर और 500 मीटर स्वर्ण पदक। रीदा माथुर मयूर स्कूल, नोएडा आयु वर्ग 9 जव 11 वर्ग एडजेस्टेबल स्केट्स 300 मीटर स्वर्ण पदक। वैष्णवी उपाध्याय के.आर.मंगलम वर्ल्ड स्कूल ग्रेटर नॉएडा आयु वर्ग 11 जव 14 वर्ग क्वाड्स स्केट्स 1000 मीटर रजत पदक। नियति सिंह जेपी पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा आयु वर्ग 9 जव 11 वर्ग इन-लाइन स्केट्स 500 मीटर रजत पदक और 1000 मीटर कांस्य पदक।




ऋत्विक गुप्ता एस्टर पब्लिक स्कूल ग्रेटर नॉएडा आयु वर्ग 5 जव 7 वर्ग एडजेस्टेबल स्केट्स 300 मीटर कांस्य पदक। अपने नाम किया विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ओएसडी विश्वराज ने बच्चों को जीतने पर शुभकामनाएं दी और ड्रॉप बाई ड्रॉप फाउंडेशन की संस्थापक श्वेता अग्रवाल ने बच्चों को बधाई दी और भविष्य में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
क्रमांक. 2024 / आरएस (ई)/टीएमएस / 1 नई दिल्ली, दिनांक 12/04/2024
भारतीय रेल ट्रैक मशीनों हेतु 14 नग कैटरपिलर इंजन की खरीद के लिए दिनांक 16/05/2024 को खोली जाने वाली ई-खुली वैश्विक निविदा क्रमांक 2024-टीएमएस-1
भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से भारतीय रेल ट्रैक मशीनों हेतु 14 नग कैटरपिलर इंजन की खरीद के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे अधिक जानकारी के लिए, निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने और अपनी ई-बोली जमा करने के लिए वेबसाइट http://ireps.gov.in पर जाएं।
निदेशक, रेलवे स्टोर्स (एफ)
(रेलवे बोर्ड)
1123/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
ई-निविदा (ई-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण
निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/नई दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/नई दिल्ली के अनुभाग में 2024-25 के लिए ट्रैक का वार्षिक संचालन और रखरखाव। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 1,19,93,565.83/- (एक करोड़ उन्नीस लाख तिरानवे हजार पांच सौ पैंसठ रूपये तिरासी पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs. 2,10,000/- (दो लाख दस हजार रुपये) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 4 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 03.05.2024 को 15:00 तक। |
| 5 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 6 | आवंटन | 04-400-32 |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं.: 128-W/280/इ-निविदा सूचना/17/2024-25/W-3 दिनांक : 12.04.2024
1121/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01,सैक्टर-नॉलेज पार्क-4,ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम /सैक्टर-रामपुर फतेहपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-डी.ए.012092, भूखण्ड संख्या-24, क्षेत्रफल-180 वर्ग मीटर सर्वश्री राजेन्द्र, रामेन्द्र उर्फ ज्ञानेन्द्र, तिमराज पुत्रगण स्व0 श्री नरायण सिंह, निवासी-ग्राम-डाढा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहः आवंटी श्री राजेन्द पुत्र स्व0 श्री नरायण सिंह की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्रीमती रेशम पत्नी स्व0 श्री राजेन्द्र, सर्वश्री जीतेन्दर, सोबीन्द्र पुत्रगण स्व0 श्री राजेन्द्र, निवासी-ग्राम-रामपुर फतेहपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्रीमती रेशम पत्नी स्व0 श्री राजेन्द्र, निवासी-ग्राम-रामपुर फतेहपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्रीमती रेशम पत्नी स्व0 श्री राजेन्द्र, निवासी-ग्राम-रामपुर फतेहपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01,सैक्टर-नॉलेज पार्क-4,ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-रामपुर फतेहपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-डी.ए.012358, भूखण्ड संख्या-25, क्षेत्रफल-180 वर्ग मीटर सर्वश्री राजेन्द्र, रामेन्द्र उर्फ ज्ञानेन्द्र, तिमराज पुत्रगण स्व0 श्री नरायण सिंह, निवासी-ग्राम-डाढा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहः आवंटी श्री राजेन्द पुत्र स्व0 श्री नरायण सिंह की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्रीमती रेशम पत्नी स्व0 श्री राजेन्द्र, सर्वश्री जीतेन्दर, सोबीन्द्र पुत्रगण स्व0 श्री राजेन्द्र, निवासी-ग्राम-रामपुर फतेहपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्रीमती रेशम पत्नी स्व0 श्री राजेन्द्र, निवासी-ग्राम-रामपुर फतेहपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्रीमती रेशम पत्नी स्व0 श्री राजेन्द्र, निवासी-ग्राम-रामपुर फतेहपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 16 अप्रैल 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# संघ को कांग्रेस की फिर से चुनौती

अपने अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के जरिये कांग्रेस ने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को यह कहकर बड़ी ललकार लगाई है कि 'लोकसभा का आसन्न चुनाव मनुवाद से देश को बचाने तथा संविधान की रक्षा के लिये है।' नागपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी विकास ठाकरे के पक्ष में सोमवार को आयोजित एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए खरगे ने साफ किया कि उनके लिये 'यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या नितिन गडकरी के खिलाफ नहीं बल्कि मनुवादी विचारधारा के खिलाफ लड़ाई है।' उल्लेखनीय है कि नागपुर में ही संघ का मुख्यालय है और ठाकरे भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता व केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के विरूद्ध मैदान में हैं। खरगे ने चेताया कि अगर इस बार के चुनावों में भाजपा व मोदी की जीत होती है तो देश में फिर कोई चुनाव नहीं होंगे।

खरगे द्वारा जनता को आरएसएस के गढ़ में खड़े होकर चेताना एक तरह से उन्हें इस चुनाव के महत्व एवं स्थिति की गम्भीरता से अवगत कराना है। देश किस नाज़ुक स्थिति में है- यह संदेश जनसामान्य तक जाना ज़रूरी है। संघ की देश के स्वतंत्रता आंदोलन से अनुपस्थिति की आलोचना करते हुए खरगे ने कहा कि अब ये लोग (भाजपा वाले) राममंदिर तथा बाबा साहेब अंबेडकर के नाम पर वोट मांगने आते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि इतने वर्षों तक संघ के लोगों ने अंबेडकर की एक तस्वीर भी नहीं लगाई और कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज तक नहीं लगाते थे। मोदी के पिछले दस वर्षीय कार्यकाल में देश की गिरती जीडीपी, भ्रष्टाचार आदि के बारे में मोदी का दोहरा रवैया आदि अनेक बातें थीं, लेकिन उनके भाषण का केन्द्र संघ की विचारधारा को चुनौती देना रहा जिसका संदेश दूर तक जायेगा।

यह पहला अवसर नहीं है जब कांग्रेस ने संघ की सोच को उसके ही मुख्यालय में चुनौती दी हो। पिछले साल 28 दिसम्बर को कांग्रेस ने अपना 139वां स्थापना दिवस इसी शहर में मनाकर अपने इरादे जाहिर कर दिये थे। तब भी खरगे ने अपने भाषण में कहा था कि इस आयोजन के लिये उनकी पार्टी ने नागपुर को इसलिये चुना है ताकि जनता में संदेश जाये कि कांग्रेस अपनी विचारधारा के बल पर आगे बढ़ेगी। वह संघ की विभाजनकारी तथा नफ़रती विचारधारा के विरोध में खड़ी रहेगी। वैसे नागपुर के उस कार्यक्रम के बहुत पहले ही संघ के खिलाफ कांग्रेस की निर्णायक लड़ाई की शुरुआत उसी दिन से मानी जानी चाहिये जब 7 सितम्बर, 2022 को राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर की लगभग 3600 किलोमीटर की पैदल यात्रा की थी। उन्होंने इसका नाम दिया था- 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दूकान'। यह नारा अपने आप में संघ पर खुला प्रहार था। इसके साथ ही कांग्रेस की संघ से वैचारिक लड़ाई का बड़ा व खुला स्वरूप देशवासियों के सामने आ गया था।

अपने दो कार्यकालों में मोदी व भाजपा ने जो अनेक तरह की प्रशासनिक अराजकता व आर्थिक बदहाली फैलाई है, उसे अगर एक तरफ रख दें तो जनता के बीच वैमनस्यता फैलाना तथा विभिन्न सम्प्रदायों व वर्णों को आमने-सामने खड़ाकर उसका राजनैतिक फायदा उठाना ही भाजपा का प्रमुख हथियार बन गया है। राहुल की यात्रा 30 जनवरी, 2023 को श्रीनगर के लालचौक में झंडा फहराने के साथ समाप्त हुई थी। यात्रा के दौरान पुनर्रचित विमर्श के माध्यम से कांग्रेस ने संघ व भाजपा की विचारधारा से सीधी लड़ाई प्रारम्भ की थी। यह लड़ाई परवान चढ़ी मणिपुर से 14 जनवरी को शुरू हुई 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के नाम से निकली राहुल की दूसरी यात्रा से। इसका समापन हुआ था 18 मार्च को मुम्बई पहुंचकर। अगले दिन यहीं के ऐतिहासिक शिवाजी पार्क में संयुक्त प्रतिपक्ष 'इंडिया' के बैनर तले हुई विशाल रैली ने साबित कर दिया कि संघ की विचारधारा के खिलाफ लड़ने के लिये लोग अब कांग्रेस के साथ हैं।

नागरिकों के लिये न्याय हासिल करना संघ एवं भाजपा के साथ लड़ाई का एक अन्य महत्वपूर्ण मोर्चा है। संघ एक तरफ़ सामाजिक विद्वेष फैलाता है, तो दूसरी ओर उसकी मान्यता नागरिक आजादी छीनने और आर्थिक गैरबराबरी में भरोसा करती है। संघ तमाम राजनैतिक व आर्थिक शक्ति कुछ मुट्ठी भर लोगों के हाथ में ही सौंप देने में विश्वास करता है। पिछले 10 वर्षों का इतिहास देखें तो यही साबित होता है।

आज कांग्रेस को नया रूप और लौटी हुई शक्ति इसी लड़ाई के ऐलान से प्राप्त हुई है। कांग्रेस का वैचारिक आधार ही संघ तथा उसकी संकीर्ण व मध्ययुगीन सोच के मुकाबले समतामूलक व न्यायपूर्ण समाज की रचना करना है। कांग्रेस के लिये यह कोई नयी बात नहीं है क्योंकि देश ने देखा है कि लगभग 65 वर्षों तक भारत इसी रास्ते पर चला है। बीच में कई बार ऐसा भी हुआ जब भारत में गैर कांग्रेसी सरकारें बनी थीं, परन्तु देश व संविधान के निर्माताओं द्वारा जो राह दिखाई गयी थी, उससे किसी ने भी अलग राह नहीं पकड़ी। स्वतंत्रता, समानता व बन्धुत्व पर आधारित समाज और शासन प्रणाली देखने के आदी हो चुके भारत को जब मोदी एवं भाजपा ने अलग राह पर हांकने की कोशिश की तो उसे कुछ हद तक कामयाबी तो ज़रूर मिली लेकिन जैसे-जैसे भाजपा के काम करने के कुटिल उद्देश्य व बुरे परिणाम आने शुरू हुए, देश को समझ में आने लगा कि उसके लिये वही सारा कुछ सही है जो आजादी की लड़ाई के नायकों ने तय किया था। कांग्रेस को भी पता चल गया है कि उसकी ताकत का राज संघ के विरोध में है। प्रगतिशील व लोकतांत्रिक लोगों की उससे अपेक्षा भी यही है।

# सुप्रीम कोर्ट की बाबा रामदेव को फटकार


पिछले कुछ दशकों में भारत में कई बाबाओं का उदय हुआ है। इसके पहले भी बाबा हुआ करते थे मगर इन दिनों बाबाओं का जितना राजनैतिक और सामाजिक दबदबा है, उतना पहले शायद कभी नहीं रहा कई बाबा अनेक तरह के काले कामों में लिप्त भी पाए गए हैं मगर उनकी दैवीय छवि के चलते उनके अपराधों को नज़रअंदाज़ किया जाता रहा है। शंकराचार्य जयेंद्र सरस्वती पर उनके आश्रम के एक कर्मी शंकर रमण की हत्या का आरोप था। सत्य सांई बाबा के प्रशांति निलयम में भी एक हत्या हुई थी. गुरमीत राम रहीम के कुकर्मों को उजागर करने के लिए पत्रकार छत्रपति रामचंद्र को अपनी जान गंवानी पड़ी। अंततः राम रहीम कानून के पंजे में फंस गया और इन दिनों जेल में है. यह अलग बात है कि वो अधिकांश समय पैरोल पर बाहर रहता है। आसाराम बापू लम्बे समय तक कानून की पकड़ से दूर रहे मगर अब वह सीखचों के पीछे है। इस समय बागेश्नर धाम नामक एक बाबा काफी लोकप्रिय हैं। ये कुछ उदाहरण मात्र हैं। देश में असंख्य बाबा हैं जो अपने-अपने अंधभक्तों की भीड़ से घिरे रहते हैं। उनकी रईसी देखते ही बनती है।

दो अन्य बाबाओं का ज़िक्र ज़रूरी है। एक हैं -श्री श्री रविशंकर, जिन्होंने अपने उत्सव के लिए यमुना को बर्बाद कर दिया था। वे अन्ना हजारे के आरएसएस-समर्थित आन्दोलन से भी जुड़े हुए थे। फिर बाबा रामदेव हैं। रामदेव ने अपने कॅरियर की शुरुआत योग गुरु के रूप में की थी। लेकिन बाद में उन्होंने पतंजलि ब्रांड नेम से व्यापार शुरू कर दिया। आयुर्वेदिक उत्पादों को बनाने और बेचने वाली इस कंपनी ने बाबा रामदेव को अरबपतियों की श्रेणी में ला खड़ा किया। बाबा रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण ने एक बड़ा साम्राज्य स्थापित कर लिया है और उन्हें चुनौती देने वाला कोई नहीं है या कम से कम अब तक तो नहीं था। उनके आयुर्वेदिक उत्पादों का जबरदस्त प्रचार-प्रसार हुआ और मीडिया का एक बड़ा तबका उनका गुणगान करने लगा।

बाबा और आचार्य की शैक्षणिक योग्यता के बारे में हम बहुत नहीं जानते। इस समय देश में कई आयुर्वेदिक कॉलेज हैं मगर इन दोनों के पास शायद आयुर्वेद की कोई डिग्री नहीं हैं। पड़ताल से बचने के लिए रामदेव ने देशभक्ति का लबादा ओढ़ लिया और यह कहते रहे कि वे बहुराष्ट्रीय कंपनियों से मुकाबला कर रहे हैं।

असली खेल शुरू हुआ कोविड-19 महामारी के दौरान। एक ओर सरकार ने पुणे स्थित भारत बायोटेक को कोवैक्सीन का विकास और उत्पादन करने हेतु भारी आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई वहीं बाबा रामदेव ने यह दावा किया कि उनकी कंपनी ने कोविड-19 के इलाज और उससे बचाव के लिए एक दवाई विकसित की है जिसका नाम है कोरोनिल। हमें यह भी बताया गया कि कोरोनिल को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) का अनुमोदन प्राप्त है। जब आयुष मंत्रालय ने इस दावे को चुनौती दी तो पंतजलि की ओर से यह कहा गया कि कोरोनिल 'डब्लूएचओ के मार्गनिर्देशों के अनुरूप है'। आयुष मंत्रालय ने कोरोनिल के बारे में दावों को सत्यापित करने से इंकार कर दिया। इसके बाद भी कोरोनिल के कांबो पैक को बड़ी धूमधाम से दो केबिनेट मंत्रियों- डॉ. हर्षवर्धन और नितिन गडकरी, की उपस्थिति में जारी किया गया। हर्षवर्धन स्वयं एलोपैथिक डाक्टर हैं। इस कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति से यह जाहिर है कि वे भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों के कितने अंधभक्त हैं।

बाबा ने दावा किया कि कोरोनिल का परीक्षण मामूली से लेकर मध्यम श्रेणी के कोविड संक्रमण से पीड़ित लोगों पर किया गया और कोरोनिल का सेवन करने के कुछ ही दिनों के भीतर उनका कोविड टेस्ट निगेटिव हो गया। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में किसी भी नई दवा को सामान्य उपयोग के लिए जारी करने के पहले उसका जैव रासायनिक विश्लेषण किया जाता है, पशुओं पर उसका परीक्षण किया जाता है और फिर समुचित आकार के नमूनों पर उसकी 'डबल ब्लाइंड' ट्रायल की जाती है। कोरोनिल के मामले में इनमें से कुछ भी नहीं किया गया।



राम पुनियानी

> आस्था पर आधारित ज्ञान और उससे जुड़ी चिकित्सा प्रणालियों पर प्रश्न नहीं उठाए जा सकते। हर बाबा अपनी तरह से रोगों का इलाज करता है। चिकित्सा प्रणालियों के प्रोटोकाल में लगातार सुधार इसलिए होता रहता है क्योंकि उसकी समीक्षा करने का अधिकार सभी को होता है। इसके विपरीत रामदेव जैसे लोग अपने दैवीय दर्जे का लाभ उठाते हुए मनमाने दावे करते हैं और उन्हें न तो कोई चुनौती देता है और न कोई उनकी आलोचना करता है।

अपनी व्यवसायिक सफलता से गदगद बाबा रामदेव ने गोदी मीडिया की प्रशंसा को कबूल किया। इससे एक कदम आगे बढ़कर उन्होंने एलोपैथी को एक बेवकूफाना विज्ञान बताना शुरू कर दिया। इससे व्यथित होकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने रामदेव के खिलाफ प्रकरण दायर किया जिसकी सुनवाई हाल में हुई। रामदेव ने अदालत में आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का अपमान करन के लिए आईएमए से क्षमायाचना की। यहां पाठकों को यह याद दिलाना श्रेयस्कर होगा कि बाबा रामदेव ने जब भ्रष्टाचार के खिलाफ भूख हड़ताल की थी तब उन्होंने यह दावा किया था कि योग के कारण उनका शरीर इतना मजबूत हो गया है कि वे लंबे समय तक बिना भोजन के रह सकते हैं। मगर उपवास प्रारंभ करने के कुछ ही दिनों के बाद उनकी हालत इतनी पतली हो गई कि उन्हें एक एलोपैथिक अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। इसी तरह करीब एक वर्ष पहले जब आचार्य बालकृष्ण बीमार पड़े तो वे एक एलोपैथिक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हो गए।

उच्चतम न्यायालय की चेतावनियों के बाद भी बाबा की कंपनी भ्रामक विज्ञापन जारी करती रही। अदालत ने उन्हें बुलाया और बाबा ने गिड़गिड़ाते हुए माफी मांगी। मगर अदालत ने उनकी माफी मंजूर नहीं की।

अदालत में चल रहे प्रकरण का नतीजा चाहे जो हो सवाल यह है कि देसी चिकित्सा पद्धतियों और आस्था पर आधारित ज्ञान के आधार पर कोई भला किस तरह आधुनिक चिकित्सा पद्धति का मखौल बना सकता है? यह मानने से किसी को इंकार नहीं है कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में ही नहीं बल्कि दादी मां के नुस्खों में भी कुछ ज्ञान हो सकता है। मगर आधुनिक चिकित्सा पद्धति साक्ष्य और साथी चिकित्सकों व वैज्ञानिकों की समीक्षा पर आधारित होती है। हर दावे को हर तरह की समीक्षा और समालोचना का सामना करना पड़ता है और इसके नतीजे में ही ऐसी चीजें विकसित होती हैं जो मानवता के लिए उपयोगी साबित होती हैं।

इसके विपरीत आस्था पर आधारित ज्ञान और उससे जुड़ी चिकित्सा प्रणालियों पर प्रश्न नहीं उठाए जा सकते। हर बाबा अपनी तरह से रोगों का इलाज करता है। चिकित्सा प्रणालियों के प्रोटोकाल में लगातार सुधार इसलिए होता रहता है क्योंकि उसकी समीक्षा करने का अधिकार सभी को होता है। इसके विपरीत रामदेव जैसे लोग अपने दैवीय दर्जे का लाभ उठाते हुए मनमाने दावे करते हैं और उन्हें न तो कोई चुनौती देता है और न कोई उनकी आलोचना करता है। बाबा ने यह दावा भी किया था कि वे कैंसर और एड्स का इलाज भी कर सकते हैं। वे तो समलैंगिकता को भी एक रोग मानते हैं और उनका दावा है कि वे इलाज से उसे ठीक कर सकते हैं।

अब तक उन्हें सत्ता का संरक्षण प्राप्त था और इसी के चलते वे इतने अहंकारी हो गए थे कि वे एलोपैथी का मजाक बनाते थे और 'अपनी' प्रणाली को सर्वश्रेष्ठ बताते थे।

बाबा लोग इतने मजे में क्यों हैं? इसका कारण यह है कि पिछले कुछ सालों में भारत में धर्म के नाम पर राजनीति का बोलबाला बढ़ा है। इसके साथ ही प्राचीन ज्ञान का भी महिमामंडन किया जा रहा है। वैज्ञानिकता और तार्किकता में विश्वास करने वाले लोग चाहते हैं कि प्राचीन ज्ञान को आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर कसा जाए। यही बात डॉक्टर दाभोलकर, गोविंद पंसारे, एमएम कलबुर्गी और गौरी लंकेश कहते थे। और उन्हें इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। आज हमारे देश में तार्किक सोच और पद्धतियों को परे हटाकर केवल आस्था पर आधारित ज्ञान का ढोल पीटा जा रहा है। यहां तक कि शैक्षणिक संस्थाओं में भी आस्था आधारित ज्ञान विद्यार्थियों को पढ़ाया जा रहा है।

बाबा रामदेव श्रद्धा और अंधश्रद्धा के कांबो से पीड़ित रोगी समाज के लक्षण हैं। सुप्रीम कोर्ट ने चिकित्सा की दुनिया में बाबाओं की मनमानी को रोकने का जो प्रयास किया है वह सराहनीय है।

**( अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया )**

# 5 ट्रिलियन का मोदी का लक्ष्य चूक गया, 5 साल के लिए आगे खिसकाया

■ के रवीन्द्रन

भाजपा के 2019 के घोषणापत्र में भारतीय अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने की परिकल्पना की गई थी, जो एक साहसिक लक्ष्य था, जिसे कर सुधारों, बुनियादी ढांचे के विकास और रोजगार सृजन के बल पर हासिल किया जाना था। जैसे-जैसे देश समय सीमा के करीब पहुंच रहा है, पार्टी ने लक्ष्य हासिल करने के लक्ष्य को और आगे बढ़ा दिया है, अब 2029 तक, यानी लोकसभा के एक और कार्यकाल तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने का वायदा किया है।

शायद 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की बात से तंग आकर इस बार घोषणापत्र में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने के लक्ष्य की बात की गई है, जिसका मूल अर्थ एक ही बात को अलग ढंग से कहना है। जापान, जिसे भारत प्रतिस्थापित करना चाहता है, की वर्तमान अनुमान के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद 4.2 ट्रिलियन और पीपीपी-समायोजित आकार 5.7 ट्रिलियन डॉलर है। तो कमोबेश यह 2019 के लक्ष्य के अनुरूप है। यह कहना भी कम ही होगा कि भारत ऐसा करने में विफल रहा क्योंकि सपना सिर्फ टिमटिमाता रहा लेकिन प्रज्वलित नहीं हुआ। 'मेक इन इंडिया' अभियान विफल हो गया और 'डिजिटल इंडिया' के दृष्टिकोण को अंतर्निहित गड़बड़ियों का सामना करना पड़ा था।

> बुनियादी ढांचे का विकास, कनेक्टिविटी में सुधार और माल और लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए सड़कों, रेलवे और बंदरगाहों में भारी निवेश तेजी से प्रगति कर रहा है। इसके अतिरिक्त, इंटरनेट पहुंच और सरकारी सेवाओं में सुधार के लिए डिजिटल इंडिया जैसी पहल पर ध्यान देने के साथ डिजिटलीकरण के प्रयास भी चल रहे हैं। ये सुधार, यदि सफल रहे, तो व्यावसायिक संचालन को सुव्यवस्थित कर सकते हैं।

भारत का आर्थिक उत्थान वैश्विक आकर्षण का विषय बन गया है। नया लक्ष्य भी कारकों की एक जटिल परस्पर क्रिया पर आधारित है, जो संभावित और जोखिम दोनों से भरा मार्ग प्रस्तुत करता है।

भारत का सबसे बड़ा लाभ इसका जनसांख्यिकीय लाभांश है। देश में एक विशाल युवा आबादी है, जिसमें 65 प्रतिशत से अधिक 35 वर्ष से कम आयु के हैं। यह आसानी से उपलब्ध कार्यबल में तब्दील हो जाता है, जो आर्थिक विकास को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। युवा आबादी घरेलू खपत को भी बढ़ावा देती है, जिससे व्यवसायों के लिए एक बड़ा बाजार तैयार होता है। यह जनसांख्यिकीय लाभ कई दशकों तक बने रहने की उम्मीद है, जिससे भारत को आर्थिक विस्तार के लिए एक लंबा रास्ता मिलेगा।

बुनियादी ढांचे का विकास, कनेक्टिविटी में सुधार और माल और लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए सड़कों, रेलवे और बंदरगाहों में भारी निवेश तेजी से प्रगति कर रहा है। इसके अतिरिक्त, इंटरनेट पहुंच और सरकारी सेवाओं में सुधार के लिए डिजिटल इंडिया जैसी पहल पर ध्यान देने के साथ डिजिटलीकरण के प्रयास भी चल रहे हैं। ये सुधार, यदि सफल रहे, तो व्यावसायिक संचालन को सुव्यवस्थित कर सकते हैं, विदेशी निवेश को आकर्षित कर सकते हैं और अधिक प्रतिस्पर्धी आर्थिक वातावरण बना सकते हैं।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का अनुमान है कि भारत की निरंतर विकास दर, जो वर्तमान में 7 प्रतिशत से अधिक है, आने वाले वर्षों में इसे जर्मनी और जापान जैसी आर्थिक शक्तियों से आगे ले जायेगी। यह आशावाद इस विश्वास से उपजा है कि उपरोक्त सुधार, जनसांख्यिकीय लाभ के साथ मिलकर, आर्थिक गतिविधि का एक अच्छा चक्र बनायेंगे।

हालांकि, सकारात्मक दृष्टिकोण के बावजूद, भारत के आर्थिक सुपरस्टार बनने की राह में चुनौतीपूर्ण बाधाएं हैं। सबसे बड़ी चिंताओं में से एक आय असमानता है। जबकि अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लाभ समान रूप से वितरित नहीं हो रहा है। आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी गरीबी में रहता है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। इससे न केवल सामाजिक अशांति पैदा होती है बल्कि घरेलू खपत भी सीमित होती है, जिससे आर्थिक विकास बाधित होता है।

एक अन्य चुनौती ग्रामीण स्थिरता है। जबकि शहरी केंद्र तेजी से बढ़ रहे हैं, ग्रामीण क्षेत्र लगातार पिछड़ रहे हैं। इससे विकास में असमानता पैदा होती है और आबादी के एक बड़े हिस्से की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान करने की क्षमता सीमित हो जाती है। समावेशी और सतत विकास के लिए इस अंतर को पाटना महत्वपूर्ण है।

नियामक वातावरण भी विवाद का एक मुद्दा है। आलोचकों का तर्क है कि नियमों का जटिल जाल निवेश को हतोत्साहित करता है और नये प्रयासों को रोकता है। घरेलू और विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने और बनाये रखने के लिए नियमों को सुव्यवस्थित करना और अधिक व्यापार-अनुकूल वातावरण बनाना आवश्यक होगा।

घरेलू चुनौतियों के अलावा, बाहरी कारक भी महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करते हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था इस समय बढ़ती मुद्रास्फीति से जूझ रही है, जिससे भारत की विकास संभावनाएं कमजोर हो सकती हैं। इसके अलावा, यूक्रेन में चल रहे युद्ध जैसे भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर सकते हैं और तेल और गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं की लागत में वृद्धि कर सकते हैं, जिससे भारत की आर्थिक स्थिरता पर और असर पड़ेगा।

कुछ विश्लेषकों का मानना है कि अधिक यथार्थवादी समय-सीमा 2030 की शुरुआत हो सकती है। यह उन चुनौतियों को स्वीकार करता है जिन्हें संबोधित करने की आवश्यकता है और आर्थिक विकास के लिए अधिक नपे-तुले दृष्टिकोण की अनुमति देता है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि आने वाले वर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा के होंगे। इसकी सफलता आय असमानता और ग्रामीण ठहराव जैसी आंतरिक बाधाओं को दूर करने की क्षमता के साथ-साथ वैश्विक आर्थिक परिदृश्य की अनिश्चितताओं से निपटने की क्षमता पर निर्भर करती है। यदि भारत अपनी ताकत, विशेषकर अपनी युवा आबादी का लाभ उठा सके और प्रभावी सुधार लागू कर सके, तो दशक के अंत तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का खिताब उसकी पहुंच में हो सकता है। हालांकि, इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार, व्यवसायों और समग्र रूप से आबादी के ठोस प्रयास की आवश्यकता होगी। भारत का आर्थिक भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि इन चुनौतियों पर काबू पाने और अपनी क्षमता को निरंतर और समावेशी विकास में कैसे परिवर्तित किया जाता है।

## पावन प्रसंग

# नवरात्रि में आदि शक्ति महागौरी स्वरूप की उपासना

मां दुर्गा का अष्टम रूप महागौरी हैं। जो देवी गौरी की पूजा करते हैं उनका जीवन सुखमय रहता है देवी उनके पापों को नाश करती हैं और शुद्ध अंत:करण देती हैं। मां अपने भक्तों को अक्षय आनंद और तेज प्रदान करती हैं। इनका वर्ण पूर्णत: गौर है, इसलिए ये महागौरी कहलाती हैं। नवरात्रि के अष्टम दिन इनका पूजन किया जाता है। इनकी उपासना से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। मां महागौरी की आराधना से मनोवांछित फल प्राप्त किया जा सकता है। उजले वस्त्र धारण किये हुए महादेव को आनंद देवे वाली पवित्रता की मूर्ति देवी महागौरी मंगलदायिनी हैं।

इनका वर्ण पूर्णत: गौर है। इस गौरता की उपमा शंख, चन्द्र और कुन्द के फूल से की गई है। इनका दाहिना ऊपरी हाथ में अभय मुद्रा में और निचले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। बांये ऊपर वाले हाथ में डमरू और बांया नीचे वाला हाथ वर की शान्त मुद्रा में है। इन्होंने भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इन्होंने प्रतिज्ञा की थी कि व्रियेअहं वरदं शम्भुं नान्यं देवं महेश्वरात्। गोस्वामी तुलसीदास के अनुसार इन्होंने शिव के वरण के लिए कठोर तपस्या का संकल्प लिया था इनकी तपस्या से प्रसन्न होकर जब शिव जी ने इनके शरीर को पवित्र गंगाजल से मलकर धोया तब वह विद्युत के समान अत्यन्त कांतिमान गौर हो गया, तभी से इनका नाम गौरी पड़ा।

महागौरी आदी शक्ति हैं इनके तेज से संपूर्ण विश्व प्रकाश-मान होता है इनकी शक्ति अमोघ फलदायिनी है। मां महागौरी की अराधना से भक्तों को सभी कष्ट दूर हो जाते हैं तथा देवी का भक्त जीवन में पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी बनता है।

दुर्गा सप्तशती में शुम्भ निशुम्भ से पराजित होकर गंगा के तट पर जिस देवी की प्रार्थना देवतागण कर रहे थे वह महागौरी हैं। देवी गौरी के अंश से ही कौशिकी का जन्म हुआ जिसने शुम्भ निशुम्भ के प्रकोप से देवताओं को मुक्त कराया। यह देवी गौरी शिव की पत्नी हैं यही शिवा और शाम्भवी के नाम से भी पूजित होती हैं।

मां महागौरी पूजा विधि-नवरात्रि के दसों दिन कुंवारी कन्या भोजन कराने का विधान है परंतु अष्टमी के दिन का विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं। देवी गौरी की पूजा का विधान भी पूर्ववत है अर्थात जिस प्रकार सप्तमी तिथि तक आपने मां की पूजा की है उसी प्रकार अष्टमी के दिन भी देवी की पंचोपचार सहित पूजा करें। महागौरी रूप में देवी करूणामयी, स्नेहमयी, शांत और मृदुल दिखती हैं।

महागौरी जी से संबंधित एक अन्य कथा भी प्रचलित है इसके जिसके अनुसार, एक सिंह काफी भूखा था, वह भोजन की तलाश में वहां पहुंचा जहां देवी उमा तपस्या कर रही होती हैं। देवी को देखकर सिंह की भूख बढ़ गई परंतु वह देवी के तपस्या से उठने का इंतजार करते हुए वहीं बैठ गया। इस इंतजार में वह काफी कमज़ोर हो गया। देवी जब तप से उठीं तो सिंह की दशा देखकर उन्हें उस पर बहुत दया आती है, और मां उसे अपना सवारी बना लेती हैं क्योंकि एक प्रकार से उसने भी तपस्या की थी। इसलिए देवी गौरी का वाहन बैल और सिंह दोनों ही हैं।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

# बंधुआ मजदूरी का जीवन जीने को मजबूर हैं ईंट भट्ठे के मजदूर

ईंट भट्ठों पर मजदूर दिन-रात काम करते रहते हैं. यहां पर काम का कोई समय निर्धारित नहीं है। सारा काम पीस (ईंट के टुकड़े) पर निर्धारित होता है. उसी आधार पर मजदूरी मिलती है। हालांकि ईंट भट्टों पर मजदूरों को नियमित रूप से मजदूरी नहीं मिलती है। शुरुआत में पेशगी दी जाती है और बीच-बीच में खाने के खर्चे के नाम पर 15 दिन में एक बार खर्चा दिया जाता है। भीलवाड़ा जिले के कई ईंट भट्ठों पर तो बिहार के मजदूरों को खाने के खर्चे के नाम पर पैसे भी नहीं दिए जाते हैं। उन्हें पैसे के नाम पर सिर्फ एक पर्ची दी जाती है। इस पर्ची से उन्हें एक निश्चित राशन दुकान पर जाकर बिना मोल भाव किये सामान खरीदना होता है। यह दुकान भी भट्ठा मालिक व इनके ही किसी रिश्तेदार की ही होती है। भट्ठों पर मजदूरी का हिसाब व भुगतान सीजन के अंत में ही होता है। जहां इनके राशन के पैसे भी काट लिए जाते हैं। कई बार सीज़न के अंत में बहुत से मजदूरों को राशन और अन्य भुगतान का हवाला देकर उनके पैसे काट लिए जाते हैं और नाममात्र की मज़दूरी अदा की जाती है।

इस संबंध में भट्टे पर काम करने वाले उत्तर प्रदेश के बांदा जिला के मिथलेश रैदास बताते हैं कि 'मैं यहां के ईंट भट्ठों पर पिछले कई सालों से परिवार सहित काम कर रहा हूं। यहां पर जितनी मेहनत लगती है हमें उसकी आधी मजदूरी भी नहीं मिलती है। यह ऐसा जाल है जिसमें एक बार कोई मज़दूर आ जाता है तो पूरे सीजन भर के लिए उलझकर रह जाता है। हमारी मजबूरी है इसलिए हम इतना दूर आकर यहां इतना मेहनत वाला काम करते हैं। हमें शुरुआत में पेशगी देकर बांध दिया जाता है और भट्ठा मालिक व ठेकेदार उस दबाव में पूरे सीजन काम कराता रहता है। अगर हम जैसे अनपढ़ों के लिए गांव में ही रहकर रोज़गार का कोई इंतज़ाम हो जाता तो हमें इतनी दूर परिवार के साथ प्रवास करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। लेकिन पैसे के लिए हम यहां बंधुआ मज़दूरी करने के लिए विवश हैं।'

ईंट भट्ठा मजदूरों के काम के समय के आधार पर देखा जाए तो इन मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिलती है। ईंट भट्ठे गांवों से दूर होने की वजह से उनके बच्चे शिक्षा व स्वास्थ्य से कोसों दूर हैं। वहीं दूसरे राज्य के निवासी होने के कारण सरकारी योजनाएं इनकी पहुंच से बाहर होती हैं। यहां के ज्यादातर मजदूर वोट देने के अधिकार से भी वंचित रहते हैं, क्योंकि यह मजदूर अक्सर बाहर के राज्यों में ही काम करते हैं। ऐसे में जब चुनाव होते हैं तब मतदान के समय भट्ठे मालिक इन मजदूरों को घर नहीं जाने देता है ताकि उसके काम का किसी प्रकार से नुकसान न हो। वोट बैंक नहीं होने के कारण स्थानीय राजनीतिक दल भी इनके हितों के लिए आवाज़ उठाने में दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं।

इन ईंट भट्टों पर मजदूरों को कर्ज देकर काम पर लाया जाता है। उन्हें कभी भी नियमित मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता है। यह मजदूर कहीं भी आने जाने के लिए स्वतंत्र नहीं होते, यह सब भट्ठा मालिक की मर्जी पर निर्भर होता है। इन मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिलती है एवं भट्ठों पर काम करने का कोई हाजरी रजिस्टर, काम व मजदूरी का हिसाब संबंधी कोई भी दस्तावेज नहीं होता है। जिससे यह साबित किया जा सके कि कौन मज़दूर किस भट्ठे पर कब से काम कर रहा है और उसकी मज़दूरी कितनी है? यूं कहें कि इतने सारे श्रम कानूनों के बावजूद एक भी श्रम कानून इन ईंट भट्ठों पर काम करने वाले मज़दूरों पर लागू नहीं होता है।

**शैतान रेगर,**
**भीलवाड़ा राजस्थान**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## यूक्रेन के सीमावर्ती शहर में रूसी गोलाबारी में चार की मौत

**कीव,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। यूक्रेन के पूर्वी शहर सिवरस्क में रूसी गोलाबारी के परिणामस्वरूप कम से कम चार लोग मारे गए हैं। क्षेत्रीय गवर्नर ने सोमवार को यह जानकारी दी। दोनेत्स्क क्षेत्र के सैन्य गवर्नर वादिम फिलाश्किन ने टेलीग्राम पर कहा कि सभी मृतक पुरुष हैं और उनकी उम्र 36 से 86 वर्ष के बीच थी। उन्होंने सिवरस्क के शेष निवासियों से शहर से छोड़ने का आह्वान किया, जो अग्रिम मोर्चे से लगभग 10 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। युद्ध से पहले सिवेर्स्क की आबादी 10 हजार से अधिक थी।

# देश विदेश

# ईरान के राष्ट्रपति करेंगे पाकिस्तान का दौरा



- राष्ट्रपति जरदारी, प्रधानमंत्री व सेना के साथ करेंगे बैठक
- ईरानी राष्ट्रपति ने दी जहाज पर फंसे पाकिस्तानियों की रिहाई की मंजूरी

**इस्लामाबाद,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। तेहरान की तरफ से मिसाइल और ड्रोन हमले के बाद ईरान और इजरायल के बीच तनाव बढ़ने के बाद ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी 22 अप्रैल को पाकिस्तान पहुंचने के लिए तैयार हैं।

सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रपति रायसी के दौरे से संबंधित मामलों पर इस्लामाबाद और तेहरान सहमत हो गए हैं। रायसी उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आएंगे। वह राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना सहित पाकिस्तान सरकार के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

ईरान के राष्ट्रपति इजरायल पर 300 से ज्यादा ड्रोन और मिसाइलें दागे जाने के बाद पाकिस्तान का दौरा करने जा रहे हैं। उन्होंने इस हमले को सीरिया के दमिश्क स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के हवाई हमले का जवाब करार दिया है। हमले में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के वरिष्ठ कमांडर मोहम्मद रज़ा जाहेदी और वरिष्ठ कमांडर हादी हज रहीमी की जान चली गई थी। यह दौरा पाकिस्तान के लिए भी बहुत महत्व रखता है, क्योंकि यह तेहरान द्वारा पाकिस्तानी क्षेत्र के अंदर सीमा पार हमलों को अंजाम दिए जाने के बाद हो रहा है। हमलों में ईरान विरोधी विद्रोही समूहों को निशाना बनाए जाने का दावा किया गया है।

इस्लामाबाद ने 24 घंटों के भीतर ईरान की आक्रामकता के लिए जैसे को तैसा रवैया अपनाते हुए जवाब दिया और ईरानी पक्ष पर सीमा पार हवाई हमले किए, जिसमें बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के सदस्य मारे गए। ईरान ने बाद में घोषणा की कि पाकिस्तानी हवाई हमलों में मारे गए लोग गैर-ईरानी हैं। यह पहली बार होगा कि ईरानी राष्ट्रपति जनवरी के हवाई हमलों के बाद इस्लामाबाद में उतरेंगे। इस दौरान पाकिस्तान ने ईरान से अपने राजदूत को भी वापस बुला लिया और कहा कि वह ईरानी दूत को पाकिस्तान लौटने की अनुमति नहीं देगा।

## कंटेनर जहाज को नियमों का उल्लंघन करने पर किया जब्त : ईरान



**पेरिस।** ईरानी विदेश मंत्रालय ने 'एमएससी एरीज' कंटेनर जहाज की हिरासत को इस आधार पर उचित ठहराया है कि उसने शिपिंग नियमों का उल्लंघन किया था और ईरानी अधिकारियों को उचित प्रतिक्रिया प्रदान करने में विफल रहा ।

सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए की एक रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात से भारत जा रहे जहाज ने अंतरराष्ट्रीय नियमों की अनदेखी की थी। इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) द्वारा इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन हमला शुरू करने से कुछ घंटे पहले शनिवार को एरीज़ को आईआरजीसी की नौसेना ने हिरासत में लिया था। आईआरजीसी जहाज को इजराइल से जुड़ा हुआ मान रहा है। कच्चे तेल के शिपमेंट पर नजर रखने वाली एक ऑनलाइन सेवा टैंकरट्रैकर्स ने एक्स पर बताया कि कंटेनर जहाज वर्तमान में केशम और होर्मुज द्वीपों के बीच ईरानी समुद्री सीमा में है और पिछले साल ईरान द्वारा जब्त किए गए तीन टैंकरों से बहुत दूर नहीं है।

## सऊदी अरब का प्रतिनिधिमंडल करेगा पाकिस्तान का दौरा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच हुए हाल ही में रियाद में हुए समझौतों को मूर्त रूप देने के लिए सऊदी का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को इस्लामाबाद पहुंचेगा। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने यात्रा की पुष्टि करते हुए कहा कि उच्च स्तरीय सऊदी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वहां के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान बिन अब्दुल्ला करेंगे। उनके साथ व्यापारियों व अन्य लोगों की एक टीम होगी। सऊदी प्रतिनिधिमंडल में उद्योग और खनिज संसाधन मंत्री बंदर इब्राहिम अलखोरायफ, जल और कृषि मंत्री अब्दुल रहमान अब्दुल मोहसिन अल-फदले, निवेश उप मंत्री बद्र अल-बद्र, सऊदी विशेष समिति के प्रमुख मोहम्मद माजिद अल तोवैजरी और अन्य गण्यमान्य लोग शामिल होंगे। यह प्रतिनिधिमंडल 15 और 16 अप्रैल को इस्लामाबाद में रहेगा। इसका उद्देश्य मक्का में हाल की बैठक के दौरान पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज़ शरीफ और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच हुए समझौतों को आगे बढ़ाना है।


## सुडोकू 6526

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 2 | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | | 2 | |
| | 1 | 6 | | | 8 | | | 9 |
| | | | | | 5 | | 9 | |
| 5 | | | 1 | | 4 | | | 7 |
| | 4 | | 6 | | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 3 | 7 | |
| | 3 | | 7 | | | | | |
| | | 4 | | | | 1 | | 5 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

*हल आज ही के अंक में*

## वर्ग पहेली 6526



**बायें से दायें:-**
१. लोगों की मानसिकता
४. नक्शेकमद
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. धीमा
८. एक से अधिक
१०. पत्थर
११. एक छोटी जिड़िया
१३. असहमति (उर्दू)
१४. दुर्घटना
१५. सैनिकों का अभ्यास, कसरत
१७. वह धन जिसे तुरंत अदा किया जाए, सिक्कों के रूप में धन
१९. मातृभूमि (उर्दू)
२१. राक्षस, असुर
२२. जंगल में पैदा होने वाला
२४. कौशल्या

**ऊपर से नीचे:-**
१. करत करत अभ्यसा के —— होत सुजान
२. मृत्यु शोक (उर्दू)
३. टाईम कीपर४. पधारना
५. उत्तर भारत की एक नदी
९. कलाकार (उर्दू)
११. निमंत्रण
१२. ऊंचा
१३. मानव (उर्दू)
१४. आवश्यकता, चाह (उर्दू)
१५. ऋणी
१६. आजीवन अविवाहित रहने वाली स्त्री
१८. कछुआ
१९. व्यापारी
२० मक्खन
२३. शीघ्र (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6525



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 16 अप्रैल, 2024 चैत शुक्ल पक्ष 8**

### राशिफल

मेष - आज आप में भावुकता काफी रहेगी, इस कारण किसी की बात या व्यवहार से आपकी भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है। मां के स्वास्थ्य की चिंता आपको हो सकती है। आपके स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

वृषभ - आपकी चिंताएं कम होने से आप काफी राहत का अनुभव करेंगे। आज आप काफी भावुक और संवेदनशील रहेंगे, इससे आपकी कल्पनाशक्ति और सृजनशक्ति उभर कर सामने आएगी।

मिथुन - शुरुआती परेशानी के बाद आपके निर्धारित काम आसानी से पूरे होंगे। इससे आपको काफी प्रसन्नता होगी। आर्थिक योजनाओं के कारण आपकी कई परेशानियां कम होती लगेंगी।

कर्क - आपके दोस्तों, परिजनों तथा परिवार के साथ आपका दिन काफी बेहतर रहेगा। उनकी ओर से मिले उपहार आपके हर्ष को दोगुना कर देगा। बाहर घूमने का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन करने का अवसर मिलेगा।

सिंह - आज आपके लिए कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहना हितकर होगा। मन में बेचैनी रहेगी। विभिन्न चिंताएं सताएंगी। शारीरिक स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

कन्या - आज आपको विविध क्षेत्रों में यश, कीर्ति और लाभ मिलेगा। धन की बेहतर आवक होगी। बुजुर्गों तथा मित्रों के साथ आपका दिन आनंदमय रहेगा। कहीं घूमने जा सकते हैं। पत्नी और बच्चों के साथ अच्छा समय गुजरेगा।

तुला - आज आपके घर और कार्यस्थल पर बेहतर वातावरण रहने से काफी प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नौकरी करने वालों के लिए पदोन्नति का योग है। काम में उच्च अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे।

वृश्चिक - आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से काफी थकान और आलस्य का अनुभव करेंगे, जिससे उत्साह की कमी रहेगी। इसका प्रभाव व्यावसायिक क्षेत्र में देखने को मिलेगा। इससे परेशानी हो सकती है।

धनु - आज आपको कोई भी नया काम शुरू न करने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहने की सलाह दी जाती है। कफ तथा पेट संबंधी बीमारियां आपको परेशान कर सकती हैं। शल्यक्रिया जैसे बड़े मामलों को आज टाल दें।

मकर - आज का दिन पैसों की दृष्टि से बहुत अच्छा रहेगा। व्यापार वृद्धि के योग हैं। इसके अलावा दलाली, ब्याज, कमिशन से मिलनेवाले पैसों से धन में वृद्धि होगी। प्रेमियों के लिए भी आज का दिन बेहतर है। विजातीय आकर्षण रहेगा।

कुंभ - काम में सफलता पाने के लिए आज का दिन उत्तम है। आपके द्वारा किए गए काम से आपको यश और कीर्ति मिलेगी। परिवार में अच्छा वातावरण रहेगा। तन-मन से आप ताज़गी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे।

मीन - आज का दिन विद्यार्थियों के लिए अच्छा होने वाला है। उनको अभ्यास में सफलता मिलेगी एवं प्रगति के लिए नए मौके मिलेंगे। आप अपनी कल्पना शक्ति से साहित्य लेखन में नया काम कर सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1853-भारत में पहली रेल बम्बई (अब मुबंई) से ठाणे के बीच चली।
1889-अपने बेहतरीन अभियान से दुनिया को हंसाने वाले चार्ली चैपलिन का जन्म।
1913-भारत के प्रसिद्ध चित्रकार के एच आरा का जन्म।
1917-पेट्रोग्राड में रूसी सैनिकों का विद्रोह, रूस में अस्थायी सरकार का गठन, जार निकोलस द्वितीय द्वारा सिंहासन एवं देश का त्याग।
1919-अमृतसर में हुए जालियांवाला बाग हत्याकांड में मरने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए महात्मा गांधी ने प्रार्थना सभा और उपवास की घोषणा की।
1919-भारतीय वायु सेना के सबसे वरिष्ठ और पांच सितारा वाले रैंक तक पहुँचने वाले एकमात्र मार्शल अर्जन सिंह का जन्म।
1945-सोवियत पनडुब्बी के कारण जर्मन शरणार्थी पोत डूब गया जिससे 7000 लोग मारे गए।
1961-प्रसिद्ध सिख नेता और क्रांतिकारी रणधीर सिंह का निधन।
1964-ब्रिटेन के चर्चित अपराधों में शामिल %द ग्रेट ट्रेन रॉबरी% के लिए 12 लोगों को 307 साल की सज़ा सुनाई गई।
1976-आठ वर्ष तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और 13 वर्षो तक लेबर पार्टी के नेता रहे हेरल्ड विल्सन ने त्यागपत्र दिया।
1978-भारतीय अभिनेत्री लारा दत्ता का जन्म।
1990-बिहार की राजधानी पटना के निकट एक खचाखच भरी यात्री गाड़ी के दो डिब्बो में विस्फोट के बाद कम से कम 80 लोगों की जान गई और 65 अन्य घायल हो गए।
1999-पाकिस्तान ने भारत को हराकर कोका कोला कप त्रिकोणीय टूर्नामेंट (शारजाह) जीता।
2002-दक्षिण कोरिया में विमान दुर्घटना में 120 लोग मरे।
2004-भारत में रावलपिंडी में तीसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान को हराकर दोनों देशों के बीच आयोजित श्रृंखला 2-1 से जीती।

# जर्मनी के चांसलर ने रूस को सहायता पर चीन को दी चेतावनी



**यूक्रेन के खिलाफ रूस की लड़ाई महज यूरोप का मसला नहीं है : स्कोल्ज**

**शंघाई,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने कहा है कि वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को रूस को सैन्य सहायता देने के खिलाफ आगाह करेंगे। स्कोल्ज ने सोमवार को शंघाई में कहा कि वह इस बात पर भी जोर देंगे कि रूस ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा है, और किसी को भी उसकी सफलता के लिए सहायता नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसीलिए हम सभी से घुमा-फिराकर प्रतिबंधों को बेअसर न करने की अपील करते हैं।

### जर्मनी ने ईरानी राजदूत को किया तलब

**बर्लिन।** जर्मन विदेश कार्यालय ने इजरायल पर तेहरान के हमले के बाद ईरान के राजदूत को तलब किया है। एक प्रवक्ता ने सोमवार दोपहर को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, बातचीत फिलहाल मंत्रालय में हो रही है। बर्लिन में प्रवक्ता ने बताया कि ईरान ने रविवार को तेहरान में जर्मन राजदूत को तलब किया था। ईरान ने जर्मनी के साथ-साथ फ्रांस और ब्रिटेन के गैर-जिम्मेदाराना रुख के साथ अपने समन को उचित ठहराया था, जिनके राजदूतों को भी बुलाया गया था। इस्लामिक रिपब्लिक के इतिहास में पहली बार ईरान ने शनिवार को अपने कट्टर दुश्मन इजरायल पर सीधे हमला बोल दिया। लगभग 300 ड्रोन व मिसाइलें दागी गई।

## सिडनी में बिशप पर सामूहिक प्रार्थना के दौरान चाकू से हमला



**सिडनी,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में फिर से एक बार एक घटना ने सनसनी फैला दी है। यहां एक सामूहिक प्रार्थना के दौरान असीरियन पादरी को कैमरे पर चाकू मार दिया गया। इस घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

अभी हाल ही में एक चाकूबाज द्वारा छह लोगों की हत्या करने का मामला सामने आया था। इसके बाद यह घटना घटी है। बता दें कि मीडिया से जो खबरें मिल रही है उसकी मानें तो सिडनी में एक प्रार्थना सभा के दौरान बिशप मार मारी इमैनुएल पर एक संदिग्ध ने हमला किया और उन पर चाकू से लगातार कई बार वार कर दिया। घटना सोमवार रात करीब 7 बजे वेकले के क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च में एक लाइव स्ट्रीम के दौरान हुआ।

## इंडोनेशिया के सुलावेसी में भूस्खलन से 14 ग्रामीणों की मौत



**जकार्ता,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और एक अन्य लापता है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में चार घर भूस्खलन में दब गए। शनिवार की आधी रात से लगातार हुई भारी बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। मुहारी ने कहा कि बचावकर्मी अभी भी पहाड़ी दक्षिण मकाले गांव में एक लापता ग्रामीण की तलाश कर रहे हैं। हालांकि, बिजली की कमी, क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के कारण ताना तोराजा के ऊंचे इलाकों में सड़कें अवरुद्ध होने से बचाव कार्य में बाधा आ रही है।

### मौसमजनित दुर्घटनाओं में 12 की मौत

**दोहा।** ओमान में मौसमजनित दुर्घटनाओं में करीब 12 लोगों की मौत हो गई। ओमान समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। ओमान की नेशनल कमेटी फॉर इमरजेंसी मैनेजमेंट के मुताबिक वाहनों के पानी में बह जाने से हादसे हुए । मृतकों में नौ छात्र और एक विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। उत्तरी ए शरकियाह के गवर्नरेट में पांच लापता नागरिकों का पता लगाने के लिए खोज और बचाव प्रयास अभी भी जारी हैं।

## तंजानिया में भारी बारिश से 58 लोगों की मौत

**दार एस सलाम।** अफ्रीका के पूर्वी हिस्से में स्थित देश तंजानिया के 10 क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के कारण में पिछले दो सप्ताहों में अचानक बाढ़ आने से कम से कम 58 लोग मारे गए। यह जानकारी एक अधिकारी ने सोमवार को दी। मुख्य सरकारी प्रवक्ता और सूचना सेवा के निदेशक, मोभारे मतिनयी ने पुलिस के हवाले से कहा कि पीड़ितों की मौत 01 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच हुई है।

## भारतीय सैन्य टुकड़ी अभ्यास के लिए उज्बेकिस्तान रवाना

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय सेना की टुकड़ी उज्बेकिस्तान के साथ पांचवें संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को उज्बेकिस्तान रवाना हो गई। यह वार्षिक सैन्य अभ्यास 28 अप्रैल तक उज़्बेकिस्तान के टर्मेज़ में होगा। यह हर वर्ष बारी बारी से दोनों देशों में होता रहा है और पिछली बार यह गत फरवरी में पिथोरागढ़ हुआ था। साठ सैन्यकर्मियों वाली भारतीय सशस्त्र बल टुकड़ी में सेना की जाट रेजिमेंट के 45 और वायु सेना के 15 सैन्यकर्मी शामिल हैं। उज़्बेकिस्तान सेना और वायु सेना के लगभग 100 सैन्यकर्मी इस अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। डस्टलिक अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना और पहाड़ी तथा अर्ध शहरी इलाकों में संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाना है। इसमें उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना, संयुक्त सामरिक अभ्यास और विशेष हथियार कौशल की बुनियादी बातों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अभ्यास के दौरान सामरिक अभ्यास में एक संयुक्त कमान पोस्ट का निर्माण, एक खुफिया और निगरानी केंद्र की स्थापना, लैंडिंग साइट की सुरक्षा, छोटी टीम , विशेष हेलिबोर्न संचालन, घेरा और खोज संचालन, कक्ष हस्तक्षेप अभ्यास और विध्वंस कार्रवाई शामिल होंगे।




**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि**

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

**05656/05655 गुवाहाटी - जम्मू तवी - गुवाहाटी ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी — 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 05656 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 05655 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 20:30 | गुवाहाटी | 13:20 | --- |
| 17:35 | --- | जम्मू तवी | — | 10:00 |

**चलने के दिन: 05656 गुवाहाटी** से प्रत्येक सोमवार दिनांक 06.05.2024 से 01.07.2024 तक एवं **05655 जम्मू तवी** से प्रत्येक गुरुवार दिनांक 09.05.2024 से 04.07.2024 तक।
**ठहराव:** कामाख्या जं., रगिंया जं., बरपेटारोड, न्यु बंगाई गांव जं., कोकराझार, न्यु कोचबिहार, न्यु जलपाईगुड़ी, किशनगंज, कटिहार जं., नवगछिया, खगड़िया जं., बेगुसराय, बरौनी जं., शाहपुर पटोरी, देसरी, हाजीपुर जं., सोनपुर, छपरा जं., सिवान जं., मटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., गोंडा जं., लखनऊ एनआर, हरदोई, बरेली जं., मुरादाबाद जं., लक्सर जं., रुड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बला कैंट, लुधियाना जं., जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, एवं कठुआ स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर एवं शयनयान।

**09405/09406 साबरमती - पटना जं. - साबरमती ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी — 22 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 09405 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 09406 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 18:10 | साबरमती | 13:30 | --- |
| 15:35 | 15:45 | लखनऊ | 16:05 | 16:15 |
| 02:00 | --- | पटना जं. | — | 05:00 |

**चलने के दिन: 09405 साबरमती** से प्रत्येक मंगलवार दिनांक 16.04.2024 से 25.06.2024 तक एवं **09406 पटना जं.** से प्रत्येक गुरुवार दिनांक 18.04.2024 से 27.06.2024 तक।
**ठहराव:** महेसाना जं., पालनपुर जं., आबूरोड, अजमेर जं., फूलेरा जं., जयपुर, बांदीकुई जं., भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला जं., कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ एनआर, सुलतानपुर, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**पूर्व घोषित रेलगाड़ी संख्या 09309/09310 इंदौर - नई दिल्ली - इंदौर सुपरफास्ट द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी अब इंदौर - हज़रत निज़ामुद्दीन-इंदौर के बीच निम्नलिखित विवरण के अनुसार चलाई जायेंगी: — 42 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 09309 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 09310 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 17:00 | इंदौर | 21:00 | --- |
| 04:30 | --- | हज़रत निज़ामुद्दीन | — | 08:20 |

**चलने के दिन: 09309 इंदौर** से प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को दिनांक 19.04.2024 से 30.06.2024 तक एवं **09310 हज़रत निज़ामुद्दीन** से प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को दिनांक 20.04.2024 से 01.07.2024 तक।
**ठहराव:** देवास, उज्जैन जं., नागदा जं., शामगढ़, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुरसिटी, भरतपुर जं. एवं मथुरा जं. स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**09064 गोरखपुर जं. - उधना जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 09064 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| गोरखपुर जं. | ---- | 04:45 |
| लखनऊ | 13:05 | 13:10 |
| उधना जं. | 15:30 | --- |

**चलने के दिन: 09064 गोरखपुर जं.** से दिनांक 16.04.2024 (मंगलवार) को।
**ठहराव:** आनन्द नगर जं., सिद्धार्थ नगर, बढनी, गैंसड़ी तुलसीपुर, बलरामपुर, गोंडा जं., बाराबंकी जं., लखनऊ एनआर, कानपुर सेन्ट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, विदिशा, रानी कमलापति, इटारसी जं., खंडवा जं., भुसावल जं., नंदुरबार, बारडोली एवं चलथान स्टेशन।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

**04145/04146 प्रयागराज - आनन्द विहार (ट) - प्रयागराज सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी — 12 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04145 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04146 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 21:20 | प्रयागराज | 19:20 | --- |
| 08:00 | --- | आनन्द विहार (ट) | ---- | 09:30 |

**चलने के दिन: 04145 प्रयागराज** से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 26.04.2024 से 31.05.2024 तक एवं **04146 आनन्द विहार (ट)** से प्रत्येक शनिवार दिनांक 27.04.2024 से 01.06.2024 तक।
**ठहराव:** फतेहपुर, कानपुर सेन्ट्रल, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**08475/08476 पुरी - हज़रत निज़ामुद्दीन - पुरी विशेष रेलगाड़ी — 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 08475 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 08476 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 04:50 | पुरी | 06:55 | --- |
| 17:40 | --- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 23:35 |

**चलने के दिन: 08475 पुरी** से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 19.04.2024 से 28.06.2024 तक एवं **08476 हज़रत निज़ामुद्दीन** से प्रत्येक शनिवार दिनांक 20.04.2024 से 29.06.2024 तक।
**ठहराव:** खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मार्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल,रेढ़ाखोल, सम्भलपुर सिटी, झारसुगुडा रोड, बिलासपुर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**05051 छपरा जं. - दिल्ली जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 05051 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| छपरा जं. | ---- | 11:25 |
| लखनऊ | 22:00 | 22:10 |
| दिल्ली जं. | 11:40 | --- |

**चलने के दिन: 05051 छपरा जं.** से दिनांक 16.04.2024 (मंगलवार) को।
**ठहराव:** बलिया, इन्दारा जं., मऊ जं., आजमगढ़, खोरासन रोड, शाहगंज जं., अयोध्या कैंट, लखनऊ, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे आपकी सुविधा – हमारा ध्येय

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रादेशिकी

## रोहतांग सहित ऊंची चोटियों पर हुआ ताजा हिमपात

**शिमला**, 15 अप्रैल (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में इन दिनों मौसम कूल-कूल बना हुआ है। ऊंची चोटियों पर हिमपात हो रहा है। हिमपात देखने के लिए सोमवार को पर्यटक अटल टनल रोहतांग होकर नॉर्थ पोर्टल व सिस्सू पहुंचे। 13,050 फीट ऊंचे रोहतांग दर्रा सहित लाहौल व मनाली की ऊंची चोटियों में ताजा बर्फबारी हुई है। ताजा बर्फबारी के बाद पहाड़ों पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। जिसके चलते अप्रैल के तीसरे सप्ताह में घाटी में पारा काफी लुढ़क गया है। हालांकि सोमवार सुबह से बारिश का क्रम रुका हुआ है। सोमवार को मनाली से काफी ज्यादा संख्या में पर्यटक अटल टनल रोहतांग होकर नॉर्थ पोर्टल व सिस्सू पहुंचे। पर्यटकों ने यहां पर बर्फ के बीच जमकर मस्ती की। सैलानियों ने यहां साहसिक गतिविधियों का जमकर लुत्फ उठाया।

# हिमाचल को केंद्र से मिलने वाले राजस्व घाटा अनुदान में लगातार हो रही कमी

- हिमाचल जैसे कमजोर राज्यों पर हो रहा प्रतिकूल असर
- सरकार को अपने खर्चों में करनी होगी कटौती
- जीएसटी के तौर पर मिलने वाली रकम जून 2022 से है बंद

**शिमला,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। हिमाचल को केंद्र से मिलने वाली राजस्व घाटा अनुदान में लगातार कमी हो रही है। 15 वें वित्तायोग की सिफारिशों के तहत केंद्र से मिलने वाली राजस्व घाटा अनुदान की राशि में इस साल हर माह करीब 150 करोड़ की कमी हुई है।

राजस्व घाटा अनुदान में कमी होने से प्रदेश सरकार को वेतन व अन्य बढ़ते खर्चों को पूरा करने के लिए कर्ज पर निर्भर रहना होगा। कर्ज पर निर्भरता कम करने के मकसद से सरकार को न सिर्फ आय के संसाधन बढ़ाने होंगे, बल्कि खर्चों में कटौती भी करनी होगी। हिमाचल की आर्थिक स्थिति किसी से छिपी नहीं है। कमजोर आर्थिक सेहत होने की वजह से प्रदेश को केंद्र से वित्तायोग की सिफारिश के तहत मिलने वाली राजस्व घाटा अनुदान की राशि संजीवनी का काम करती है। मगर बीते कुछ सालों से वित्तायोग की सिफारिशों के तहत प्रदेश को मिलने वाली राजस्व घाटा अनुदान की राशि में कमी आ रही है। हालांकि इसमें कोई सियासत का मुद्दा नहीं, क्योंकि वित्तायोग समूचे देश के लिए एक तय फार्मूले के तहत ही राजस्व घाटा अनुदान की मंजूरी करता है, मगर हिमाचल जैसे कमजोर वित्तीय सेहत वाले राज्यों पर इसका प्रतिकूल असर पड़ता है। 515 वें वित्तायोग ने प्रदेश के लिए राजस्व घाटा अनुदान के तौर पर 2021-22 से 2025-26 तक के वित्तीय वर्षों के लिए 37199 करोड़ की रकम मंजूर की। इससे पहले कोरोना काल में भी 2020-21 में हिमाचल को राजस्व घाटा अनुदान के तौर पर 11431 करोड़ की रकम केंद्र ने मुहैया करवाई।

मगर वित्तायोग की सिफारिशों के तहत राजस्व घाटा अनुदान के तौर पर मिलने वाली कुल रकम में से करीब 85 फीसद पहले तीन सालों में ही राज्यों को मिलेगी। अंतिम दो सालों में राज्य को सिर्फ 15 फीसद रकम राजस्व घाटा अनुदान के तौर पर मिलनी है। वित्त विभाग से जुटाए गएआंकड़ों के मुताबिक प्रदेश को माली साल 2021-22 में 10249 करोड़ ,2022-23 में 9377 करोड़ ,2023-24 में 8052 करोड़ , चालू माली साल 2024-25 में 6252 करोड़ तथा आगामी माली साल 2025-26 में 3257 करोड़ राजस्व घाटा अनुदान के तौर पर मिलेंगे।

### भाजपा ने महिलाओं को किया अपमानित : नेगी

**शिमला।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि के 1500 रुपए रुकवाकर महिलाओं को अपमानित किया है। विपक्षी दल भाजपा महिला हितैषी होने का सिर्फ ढोंग रचती है, वह पूरी तरह से महिला शक्ति की विरोधी है। राज्य के राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी और विधानसभा में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सोमवार को यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनावों में वोट लेने के अलावा महिलाओं के लिए कुछ नहीं करती। दोनों नेताओं ने कहा कि भाजपा ने चुनाव आयोग के जरिए महिलाओं को 1500 रुपए देने पर जो रोक लगवाई है, अगर वह नहीं हटती है तो जून में सरकार तीन महीने की राशि एक साथ पात्र महिलाओं को देगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का बीते दिनों नादौन विधानसभा क्षेत्र के गलोड़ में दिया गया यह बयान स्वागत योग्य है। भाजपा 1500 रुपए का जितना मर्जी विरोध कर ले, यह राशि अप्रैल 2024 से महिलाओं को मिलकर रहेगी।

# उत्तराखंड को बेहतर व श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए काम कर रही सरकार : धामी

**देहरादून,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। जनसभा में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मैं शहीदों की धरती को नमन करता हूं। उत्तराखंड को बेहतर और श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए सरकार काम कर रही है। यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य है। नकल विरोधी कानून को संकल्प पत्र में स्थान दिया गया है। उत्तराखंड में तो हमने लागू कर दिया। दंगा विरोधी कानून बनाया है, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा, लेकिन कांग्रेस उसमे में भी राजनीति कर रही है। उत्तराखंड के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ करने की किसी को इजाजत नहीं देंगे। प्रदेश में पर्यटन को बढ़ाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। हमें विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए हमें सहयोग करना है। पीएम मोदी के नेतृत्व में आज देश आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस चुनाव हारती है तो ईवीएम का बहाना बनाती है। कांग्रेस को जनता पर विश्वास नहीं है। कांग्रेस देश और राज्य में हर अच्छे कार्य का विरोध करती है। इससे पूर्व जनसभा में पहुंचने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उनका स्वागत किया। वहीं, महिला मोर्चा की ओर से भी उनका माला पहनाकर स्वागत किया गया।

### भाजपा में शामिल हुए अग्रवाल

**देहरादून।** मसूरी ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रजत अग्रवाल कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया। उन्होंने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। उनके साथ मसूरी के कई और लोग भी भाजपा में शामिल हुए। रजत अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री धामी की नीतियों से प्रभावित होकर वह भाजपा में शामिल हुए हैं।




### उत्तराखंड को पीएम मोदी ने मुख्य धारा में रखा

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि उत्तराखंड को प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्य धारा में रखा है। मोदी ने राजनीति की परिभाषा के साथ सोच भी बदली है। प्रधानमंत्री जी ने देश के अंतिम गांव को देश का पहला गांव बनाया है। वाइब्रेंट विलेज के तहत इन गावों का विकास हो रहा है। जिसमे 51 गांव वाइब्रेंट विलेज योजना में शामिल किए गए हैं, साथ ही इनके विकास के लिए 758 करोड़ रूपए खर्च होगा। चारधाम सड़क का निर्माण कार्य हुआ है।

## सार संक्षेप

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**हरिद्वार।** एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल की अध्यक्षता में पुलिस लाइन रोशनाबाद स्थित सम्मेलन कक्ष में आज आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के सभी पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक के दौरान कप्तान प्रमेन्द्र डोबाल द्वारा चुनाव ड्यूटी हेतु अन्य राज्यों से हरिद्वार पहुंचे केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों एवं होमगार्ड्स की ठहरने एवं खाने की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के पश्चात मातहतों से लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अब तक गुण्डा-गैंगस्टर एक्ट एवं 107,116 सीआरपीसी के तहत अब तक की गई कार्यवाही का लेखा-जोखा मांगकर दिनांक 19 अप्रैल को होने वाले मतदान से पूर्व 72 घन्टे एवं 48 घन्टे में की जाने वाली कार्यवाही को लेकर योजना तैयार की गई। तत्पश्चात पोस्टल बैलट के माध्यम से पुलिस कर्मियों द्वारा अब तक किए गए मतदान एवं शेष कर्मचारियों के प्राप्त ईडीसी की अद्यावधिक स्थिति को जांचा गया। जनपद को प्राप्त अद्धसैनिक बल एवं होमगार्डस के माध्यम से आगामी दिनों में की जाने वाली कार्यवाही एरिया सर्चिंग फ्लैग मार्च चेकिंग की गई ।

### बरनाला में 21 क्विंटल चूरा पोस्त के साथ एक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब के बरनाला में पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 2100 किलोग्राम चूरा पोस्त के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान हरियाणा के सिरसा निवासी विक्रम कुमार के तौर पर हुई है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में थाना धनौला में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गयी है। पुलिस विक्रम कुमार के संपर्कों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### रिश्वत लेते पुलिस का एएसआई गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब सतर्कता विभाग ने सोमवार को अमृतसर जिले के पुलिस स्टेशन अजनाला में तैनात एएसआई नछत्तर सिंह को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। राज्य विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने कहा कि नछत्तर सिंह को ब्लॉक फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव शमशेरपुर निवासी अवतार सिंह की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलेंस ब्यूरो से संपर्क किया और आरोप लगाया कि उक्त आरोपी उसके पुत्र के खिलाफ पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले की जांच के दौरान उसके पुत्र का पक्ष लेने के लिए 10 हजार रुपये की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजीलेंस ब्यूरो की टीम ने एक जाल बिछाया, जिसमें उक्त एएसआई को दो आधिकारिक गवाहों की उपस्थिति में रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

### सुडोकू 6526 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 4 |
| 8 | 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 3 |
| 4 | 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 9 |
| 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 6 | 3 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 |

# इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों की फौज : जेपी नड्डा

**देहरादून**, 15 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष में सबने अलग-अलग संकल्प पत्र बनाया, सभी मिल नहीं पा रहे हैं। इंडिया गठबंधन में सारे भ्रष्टाचारी मिल गए, कांग्रेस शासन काल में धरती से लेकर आसमान तक घोटाला किया। यूपी में गोमती रिवर घोटाला, लैपटॉप घोटाला किया, लालू ने जमीन के बदले नौकरी, चारा घोटाला किया, ममता बनर्जी सरकार में घोटाले हुए, सारे परिवार की पार्टियां हैं। इंडिया गठबंधन के कई नेता या जेल में हैं या बेल पर हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि अबकी बार चार सौ पार को सफल बनाना है।



सोमवार को मसूरी में आयोजित जनसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प के साथ आज हम आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। कोरोना काल ने भारत की ताकत को सबने देखा है। लॉकडाउन लगाया, लोगों को बचाने का काम किया, वैक्सीन बनाई, दुनिया को नई राह दिखाई। देश ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। कई महामारी में वैक्सीन दशकों तक नहीं आई, लेकिन मोदी सरकार ने उन्होंने कहा कि भारत के गांवों की तस्वीर बदल रही है। मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में शौचालय, पानी, सड़क सुविधा मिल रही है। सड़कों का जाल बिछ रहा है। पहले गांवो में लोग पैदल चलते थे, लेकिन आज सड़क सुविधा से लोग जुड़े हैं। पहले लोग गंभीर बीमारी से इलाज नहीं करा पाते थे, लेकिन मोदी सरकार ने पांच लाख तक की मुफ्त स्वास्थ्य योजना दी है। भाजपा के संकल्प पत्र में अब 70 साल से ऊपर के लोगो को भी पांच लाख तक का उपचार देने का वादा किया है।कोरोना वैक्सीन कम समय मे बनाकर मिसाल कायम की। डिजिटल के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। कहा कि पहले महिलाएं घरों में लकड़ी जलाकर खाना बनाती थीं, लेकिन मोदी सरकार ने उज्ज्वला योजना दी।

# गरीब कल्याण व विकास की ओर संकल्पित भाजपा का घोषणा पत्र : राजीव बिंदल

**भाजपा का घोषणा पत्र गरीब, महिला, युवा व किसानों के लिए हितकारी**

**शिमला,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने जैसी खरी व स्पष्ट है। विकसित भारत के संकल्प और मोदी की गारंटी के द्वारा भाजपा ने अपना लक्ष्य संकल्प पत्र के माध्यम से सामने रखा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने शिमला में मीडिया से बात करते हुए कहा कि भाजपा ने अपने 2019 के संकल्प पत्र में किए गए वायदे पूरे किए है जिसमें मुख्य रूप से धारा 370 समाप्त करना, नारी शक्ति अधिनियम में 33 प्रतिशत आरक्षण देना, राम मंदिर निर्माण करना, गरीब कल्याण, 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन देना और 25 करोड लोगों को गरीबी रेखा से निकलने जैसे अनेक उदाहरण है, जो प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पिछले कार्यकाल में पूरे किए हैं।

उन्होंने कहा भाजपा ने इस संकल्प पत्र के लिए पूरे देश भर से 15 लाख से ज्यादा सुझाव एकत्रित किए गए। इन सुझावों को एकत्रित करने के लिए विभिन्न माध्यमों का प्रयोग 4 लाख नमो ऐप के माध्यम से 10 लाख वीडियो और संदेश के माध्यम से एकत्रित कर अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने कहा 70 साल और उससे अधिक की उम्र के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक का मुफ्त ईलाज, आने वाले पांच साल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की गारंटी, पांच साल तक मुफ्त राशन, पानी व गैस कनेक्शन और पीएम सूर्यघर योजना से जीरो बिजली बिल। मध्यम वर्ग परिवारों के लिए पक्के घर, स्वास्थ सेवाओं का विस्तार, नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू होगी, हर नागरिक को हाई क्वालिटी शिक्षा प्राप्त होगी। युवाओं के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेंट, मैन्युफैक्चरिंग, हाई वैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप व टूरिज्म और खेल के द्वारा लाखों रोजगार के अवसर मिलेंगे। नारी तू नारायणी के तहत आने वाले समय में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाएंगे। महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप को सर्विस सेक्टर से जोड़कर नए अवसर प्रदान करेंगे व महिलाओं में र्स्वाइकल कैंसर के ईलाज पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और नारी वंदन अधिनियम को लागू करेंगे। बीज से बाजार योजना के तहत किसानों की आय बढ़ाने के लिए काम किया जाएगा, श्रीअन्न योजना को सुपर फूड की तरह स्थापित किया जाएगा, नैनो यूरिया और प्राकृतिक खेती से जमीन की सुरक्षा होगी, कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जाएगा, मछुआरों के लिए नाव का बीमा, फिश प्रोसेसिंग यूनिट, सैटेलाइट के जरिये समय पर जानकारी इन सब को मजबूत करेंगे, मछली पालकों को सी-वीड और मोती की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ओबीसी, एससी, एसटी समुदायों को जीवन के हर क्षेत्र में सम्मान दिया जाएगा। भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की गारंटी, अर्बन हाउसिंग, ट्रांसपोर्टेशन, वाटर मैनेजमेंट, साफ हवा, कचरे के ढेर से मुक्ति और स्वच्छ पानी के लिए मिशन मोड पर काम होगा, विश्वभर में रामायण उत्सव मनाएंगे और अयोध्या का विकास होगा।



भाजपा ने अपने 2019 के संकल्प पत्र में किए गए वायदे पूरे किए है: राजीव बिंदल

उन्होंने कहा कि 5-जी नेटवर्क टेक्नोलॉजी का विस्तार किया जाएगा भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिक सख्त कार्रवाई होगी, भारतीय न्याय संहिता लागू होगी, वन नेशन-वन इलेक्शन के साथ ही कॉमन इलेक्टोरल रोल की व्यवस्था होगी। समृद्ध भारत के लिए विश्वकर्मा योजना के तहत छोटे ट्रेडर्स को स्किल सिखाने, क्रेडिट देने, और उनके उत्पादन को बाजार से जोड़ने की मोदी गारंटी हमारी सरकार पूरा करेगी।

# धमकाने के आरोप में दो अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज




**एनजीओ के कार्यालय से 63 हजार रुपए लूटने का भी लगाया आरोप**

**अल्मोड़ा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश पर राजस्व पुलिस ने दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी नरेश कुमार और एक अन्य अधिकारी राजशेखर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नरेश कुमार को दिल्ली का मुख्य सचिव बताया जा रहा है। इन अधिकारियों पर शिकायत वापस न लेने पर एनजीओ के पदाधिकारियों को फंसाने और धमकाने का भी आरोप लगाया गया है। साथ ही एनजीओ के कार्यालय से 63 हजार रुपए लूटने का भी आरोप लगा है। एससी-एसटी का मामला देखते हुए इसे रेगुलर पुलिस को हस्तांतरित कर दिया गया है। द प्लीसेंट वैली फाउंडेशन के संयुक्त सचिव विपिन कुमार आर्य की ओर से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में वाद दायर किया गया था। इसमें कहा गया है कि उनका संगठन दिल्ली में पंजीकृत हैं। वह यहां अल्मोड़ा जिले के ग्राम डाडाकांडा में धमार्थ विद्यालय चलाते हैं जिसमें संगठन का कार्यालय भी है। उनके संगठन ने दिल्ली सरकार के प्रमोटी अधिकारी राजशेखर निवासी एचआइजी फ्लेट्स मोतिया खान दिल्ली के खिलाफ केंद्रीय सतर्कता आयोग में 11 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज कराई थी।

आरोप है कि विभिन्न घोटालों को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय और गृहमंत्री समेत विभिन्न अधिकारियों को भेजी गई शिकायत वापस लेने के लिए नरेश कुमार और राजशेखर ने उन पर दबाव बनाया।

एनजीओ का आरोप है कि14 फरवरी को दोनों अधिकारियों ने चार व्यक्तियों को दिल्ली से डाडाकांडा भेजा। दिल्ली से आए व्यक्तियों ने एनजीओ के संयुक्त सचिव को धमकी दी कि यदि शिकायतों को वापस नहीं लिया तो संगठन के पदाधिकारियों के खिलाफ कई झूठे मामले दर्ज किए जाएंगे।

# सतपुली शराब प्रकरण में निर्वाचन आयोग का कांग्रेस को नोटिस

**गोदियाल के बयान पर 24 घंटे में देना होगा जवाब**

**श्रीनगर**, 15 अप्रैल (देशबन्धु)। गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल की मुश्किले बढ़ सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी पौड़ी कार्यालय की तरफ से गणेश गोदियाल को लेकर कांग्रेस जिला कमेटी को नोटिस जारी किया और 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा है। यदि पार्टी की तरफ से 24 घंटे के अंदर कोई जवाब नहीं दिया जाता है तो गणेश गोदियाल के ऊपर सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने के संबंध में कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस को ये नोटिस हाल ही में गणेश गोदियाल के उस बयान पर मिला है, जिसमें उन्होंने पौड़ी जिले के सतपुली के पास बंद फैक्ट्री में मिली करीब 9 हजार शराब की पेटियों को बीजेपी प्रत्याशी की बताया था। और इसकी शिकायत निर्वाचन आयोग व आबकारी विभाग से भी की थी। गोदियाल ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर आरोप लगाया था कि सतपुली के बॉटलिंग प्लांट में अवैध रूप से शराब रखी गई है।

# चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

**देहरादून,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। चारधाम यात्रा में देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालु अपना पंजीकरण करा सकते हैं। सुबह सात बजे से पंजीकरण कराने के लिए वेबसाइट खुल गई। इसके अलावा मोबाइल एप, व्हाट्सएप नंबर और टोल फ्री नंबर भी पंजीकरण की सुविधा के लिए उपलब्ध है। केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण अनिवार्य होगा।

बता दें कि चारोंधाम के कपाट खुलने की तिथि तय होने के बाद पर्यटन विभाग ने पंजीकरण की तैयारी पूरी कर ली है। इस बार चारधाम यात्रा शुरू होने से 25 दिन पहले यात्रियों को पंजीकरण की सुविधा दी जा रही है। जिससे प्रदेश में बाहर से आने वाले तीर्थयात्री अपना यात्रा प्लान बना कर आसानी से पंजीकरण करा सके। इस बार भी चार माध्यमों से देश के किसी कोने से तीर्थयात्री अपना पंजीकरण का सकते हैं। पंजीकरण के लिए नाम, मोबाइल नंबर के साथ यात्रा करने वाले सदस्यों का ब्योरा, निवास स्थान के पत्ते के लिए आईडी देनी होगी। पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर लॉगिन कर पंजीकरण किया जा सकता है। इसके अलावा व्हाट्सएप नंबर 8394833833 पर यात्रा लिख कर मैसेज करके भी पंजीकरण कर सकते हैं। जो यात्री वेबसाइट पर पंजीकरण नहीं कर पाते हैं, उनके लिए पर्यटन विभाग ने टोल फ्री नंबर 01351364 पर कॉल करने पर पंजीकरण की सुविधा दी है। विदित हो कि बीते वर्ष चारधाम यात्रा में 74 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया गया था।



चारधाम यात्रा शुरू होने से 25 दिन पहले दी जा रही पंजीकरण की सुविधा

# पुरानी पेंशन का अतिरिक्त भुगतान शुरू होने से चिंताजनक हुई वित्तीय स्थिति

**शिमला,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार आमतौर पर नए वित्त वर्ष में जून माह के दौरान ऋण लेने की शुरूआत करती थी। पहली बार ऐसा हुआ कि सरकार को वित्त वर्ष के पहले ही महीने में एक हजार करोड़ का ऋण उठाने के लिए विवश होना पड़ा है। कर्मचारियों को वेतन देने के लिए हर महीने 1200 करोड चाहिए। इसमें मजदूरी और मानदेय को जोड़ दिया जाए तो 1400 करोड़ की आवश्यकता शुरू हो गई है।

पुरानी पेंशन शुरू करने से पहले मासिक 750 करोड़ की जरूरत रहती थी, अब पेंशन के लिए हर महीने 1000 करोड़ चाहिए। केंद्र सरकार ने राज्य सरकार के लिए ऋण की सीमा को भी निश्चित कर दिया है। कुल मिलाकर प्रदेश सरकार को हर महीने कर्मचारियों को वेतन और पेंशनर्ज को पेंशन देने के लिए 2500 से 2700 करोड़ चाहिए। सरकार की आय से हर महीने मुश्किल से दो हजार करोड़ एकत्र नहीं हो रहे हैं। यानि आय और व्यय में सात सौ करोड़ का अंतर शुरू हो चुका है। हालत ये है कि प्रदेश सरकार को वित्तीय स्थिति संतुलन में रखने के लिए अग्रिम ऋण प्राप्ति के लिए केंद्र सरकार के समक्ष जाना पड़ सकता है। इस वर्ष सरकार ऋण के क्षेत्र में 8780 करोड़ का कुल ऋण ले सकती है। इसमें खुले बाजार से लिया जाने वाला ऋण और लघु बचत सहित अन्य ऋण सुविधा शामिल रहेगी।

दो वर्ष पहले तक कर्मचारियों के वेतन पर चौदह हजार करोड़ से कुछ अधिक धनराशि खर्च होती थी। छठा वेतन आयोग लागू होने के बाद वेतन की देनदारियां करीब पांच सौ करोड़ अधिक बढ़ गई हैं। पेंशनरों को पेंशन चुकाने के लिए करीब 9300 करोड़ की जरूरत रहती थी, ऐसा माना जा रहा था कि सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन की देनदारियां 2032 तक घटकर बहुत कम रहने की संभावना थी। लेकिन सरकार ने पुरानी पेंशन योजना लागू कर दी। जिसका खर्च मौजूदा वित्त वर्ष में झलक कर सामने आ गया है यानि पेंशन का भुगतान करने के लिए 10000 करोड़ चाहिए होंगे। यानि पेंशन के बजट में सात सौ करोड़ की वृद्धि सामने आ गई है।




पुरानी पेंशन पर खर्च होंगे एक हजार करोड़

### कोरोनाकाल में लिया ऋण कम

कोरोनाकाल के दो वर्ष के दौरान राज्य में विकास गतिविधियां ठप हो चुकी थी। कर्मचारियों को वेतन और पेंशनरों को पेंशन चुकाने के लिए बजट में प्रविधान था। इन दो वर्ष में सरकार को ऋण कोरोनाकाल से पहले और बाद में अधिक लेना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के बाद केंद्र सरकार ने दो फीसदी अतिरिक्त ऋण की सुविधा को समाप्त कर दिया है। ऐसे में प्रदेश सरकार मौजूदा वित्त वर्ष में कुल 8780 करोड़ का ही ऋण ले सकेगी।

| वर्ष, | ऋण करोड़ में |
|---|---|
| 2020-21 | 4886 करोड़ |
| 2021-22 | 2743 करोड़ |
| 2022-23 | 12915 करोड़ |
| 2023-24 | 11137 करोड़ |
| 2024-25 | 8780 |
| | करोड़ प्रस्तावित ऋण धनराशि |

# प्रादेशिकी

## 2036 में भारत में आयोजित किए जाएंगे ओलंपिक खेल : शिव महेश दुबे

**फर्रुखाबाद,**15 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत में 2036 तक ओलंपिक गेम होंगे यह नरेंद्र मोदी की गारंटी है यह भारतीय जनता पार्टी के चुनावी केंद्रीय कार्यालय में लोकसभा प्रभारी शिव महेश दुबे ने पत्रकारों से वार्ता करके दौरान कहां की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संकल्प पत्रके दौरान अपना 10 वर्ष के कार्यों का विजन पेश किया। दुबे ने कहा कि भाजपा ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है उन्होंने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाल। 4 करोड़ लोगों को आवास दिए हैं। 14 करोड़ लोगों को घर तक नल के द्वारा पानी दिया गया। भाजपा सरकार ने 50000 रेवाड़ी वालों को बिना ब्याज के ऋण दिया अब यह ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिया जाएगा जिसके लिए 20 करोड़ रुपए कर दिए गए हैं।

# पश्चिम की हवा से होगा भाजपा का सूपड़ा साफ : अखिलेश यादव

## मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा में किया दावा

**मुजफ्फरनगर,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इंडिया समूह के पक्ष में चल रही हवा से भारतीय जनता पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुये उन्होने सोमवार को कहा कि पहले चरण के चुनाव से ही हवा इंडिया गठबंधन के पक्ष में है। पश्चिमी यूपी में चल रही हवा भाजपा का सूपड़ा साफ कर देगी। इस बार लोकसभा चुनाव का माहौल अलग है। हर वर्ग के लोग भाजपा के खिलाफ और इंडिया गठबंधन के पक्ष में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण बचाने का चुनाव है। भाजपा के लोग और उनके कई सांसद देश में लोकसभा चुनाव जीतकर संविधान बदलने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों की फसलों को एमएसपी का कानूनी अधिकार देने का वादा पूरा नहीं किया। किसानों की आय दुगनी नहीं हुई। नौजवानों को हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा पूरा नहीं किया। किसानों, नौजवानों में भाजपा को लेकर



यह लोकसभा चुनाव लोकतंत्र, संविधान व आरक्षण बचाने का चुनाव है : अखिलेश यादव

भारी आक्रोश है। भाजपा सरकार किसानों, नौजवानों की सरकार नहीं है। यह उद्योगपतियों की सरकार है। केन्द्र सरकार ने उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रूपये का कर्ज माफ किया लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया।

भाजपा सरकार तीन काले किसान विरोधी कृषि कानून लायी थी लेकिन किसानों की ताकत के आगे उसे झुकना पड़ा। यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार में सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर नौकरी दी जाएगी। पुरानी पेंशन बहाल होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की दस साल की सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार कई गुना बढ़ गया है।

### भाजपा बाबा साहब के विचारों की है विरोधी

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर ने जो संविधान बनाया है भाजपा उसी को खत्म करना चाहती है। भाजपा बाबा साहब के विचारों की विरोधी है। बाबा साहब ने देश की जनता को वोट और आरक्षण का जो अधिकार दिया है भाजपा उसे खत्म करना चाहती है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि इस चुनाव में सभी को एकजुट होकर भाजपा को हराना है। लोकसभा चुनाव से नौजवानों, किसानों और देश में जनता का भविष्य जुड़ा है। भाजपा ने सभी को धोखा दिया है। जिसके कारण पूरे देश में भाजपा के खिलाफ नाराजगी है। भाजपा पहले जुमलेबाजी करती थी अब गारन्टी लेकर आई है।



■ मवाना में सोमवार को अम्बेडकर समाज सुधार समिति द्वारा अम्बेडकर जी की 133वीं जयंती समारोह के उपरान्त कार्यक्रम के बाद समिति अध्यक्ष विनोद कुमार व संरक्षक जयचंद फौजी, अशोक कानूनगो, सतपाल सिंह पूर्व दरोगा आदि ने थाना मवाना पहुंच कर थाना प्रभारी और क्राइम प्रभारी और मवाना चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार, विकास शर्मा को प्रतीक चिन्ह देकर शोभा यात्रा के सकुशल संपन्न होने पर सम्मानित किया। फोटो देशबन्धु

## परिवार के साथ नहाते समय गंगा में डुबा युवक

**मवाना/हस्तिनापुर,**15 अप्रैल (देशबन्धु)। तापमान में वद्धि के साथ ही भीकुंड गंगा घाट पर श्रद्धालुओं के डूबने का सिलसिला शुरू हो गया। सोमवार दोपहर मेरठ से परिवार के साथ गंगा नदी के आस पास घूमने आया एक पर्यटक नहाते समय गंगा में डूब गया। सूचना पाकर मौके पहंचे स्थानीय गोताखोरों की टीम ने पानी में लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मेरठ के मलियान फाटक निवासी अनुज परिवार के साथ वन आरक्षित क्षेत्र में घुमने के लिए आया था। बताया जा रहा है कि दोपहर सभी भ्रमण के दौरान भीकुंड गंगा घाट पहुंचे। गर्मी का एहसास होने पर अनुज परिवार के साथ गंगा नदी में स्नान करने लगा। नहाते समय गंगा में कुछ आगे बढ़ा और पानी अधिक होने के चलते गंगा में डूबने लगा। जब तक परिवार के सदस्य से बचाने प्रयास करते हुए अनुज गहरे पानी में ओझल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा में डुबे युवक को खोजने का प्रयास किया लेकिन खबर लिखे जाने तक युवक कोई पता नही लगा।

## सार संक्षेप

### नवरात्र व रामनवमी पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

**मवाना।** स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल (मदर विंग) में सोमवार को नवरात्रे व रामनवमी पर्व पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। शुभारंभ प्रबंधक मनोज रस्तोगी और प्रबंधिका मीनू रस्तोगी ने सिंह वाहिनी मां दुर्गा के नवरूपों की विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया। विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। छोटी-छोटी कन्याओं आराध्या चौहान, इशिका, मिशिका, अवनी रस्तोगी, अवनी जैन, आराध्या, पाखी, हर्षाली आदि ने देवी के नवरूप धारण कर सभी को आकर्षित कर लिया। सबसे आकर्षक का केंद्र था महिषासुर का वध। राम स्तुति व भजन कीर्तन की भी शानदार प्रस्तुतियां दी गई। प्रबंधक मनोज रस्तोगी, प्रबंधिका मीनू रस्तोगी, प्रधानाचार्या प्रमोद राजपूत व उप प्रधानाचार्या प्रीति कक्कड़ ने राम को आदर्श मानकर उनके गुणों को अपने जीवन में अपनाने पर बल दिया। मंच संचालन अध्यापिका चारू के नेतृत्व में अर्तिका व आराध्या ने सुचारू रूप से किया।

### नौ देवियों का स्वरूप बनकर आईं बहनें

**मवाना।** शीला प्रियपाल सरस्वती शिशु वाटिका हरिहर विहार कॉलोनी हस्तिनापुर रोड मवाना में सोमवार को रामनवमी का कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें नौ देवियों का स्वरुप बनकर छोटी-छोटी बहनें विद्यालय आई। प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा, वाटिका प्रमुख रीना रस्तोगी ने देवियों का स्वागत किया। उनका तिलक एवं आरती की छोटी-छोटी बहन देवियों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। आचार्य बहनों ने सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किए।

### पुलिस टीम सम्मानित

**मवाना।** मवाना अम्बेडकर समाज सुधार समिति द्वारा अम्बेडकर की 133 वी जयंती समारोह के उपरान्त कार्यक्रम के बाद समिति अध्यक्ष विनोद कुमार व संरक्षक जयचंद फौजी, अशोक कानूनगो, सेवानिवृत्त दरोगा सतपाल सिंह ने थाना मवाना पहुंच कर थाना प्रभारी सुभाष सिंह, क्राइम प्रभारी और मवाना चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार, विकास शर्मा को शोभा यात्रा के सकुशल संपन्न होने पर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### एएस इंटर कॉलेज मवाना में मना अग्निशमन दिवस

**मवाना।** एएस इंटर कॉलेज मवाना में सोमवार को अग्निशमन दिवस के अवसर पर उन 66 अग्निशमन कर्मचारियों की शहादत पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें उन्होंने जनसेवा करते हुए सहर्ष मृत्यु को गले लगाया था। कालेज में आयोजित कार्यक्रम में अग्निशमन अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डाक बंबई में सेना की विस्फोट सामग्री से भरा पानी का जहाज आग की लपटों से घिर गया।

### सूचना

मैंने अपना नाम अंशिका गोयल से बदलकर अंशिका अभिषेक गोयल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। अंशिका अभिषेक गोयल पत्नी अभिषेक रमावतार गोयल, निवासी फ्लैट नंबर 1101, फ्लोर नंबर 11, ट्रॉपिकल लैगून टॉवर नंबर-02, घोडबंदर रास्ता, साईं बाबा कॉम्प्लेक्स, कवेसर, ठाणे वेस्ट, (महाराष्ट्र)।

## पूरे देश में ठाकुरों में है नाराजगी : संगीत सोम

### भाजपा के चार सौ पार का किया दावा



**मेरठ,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। चौबीसी में जनसभा होने के बाद भी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक संगीत सिंह सोम के बयानों की तल्खी अभी भी देखने को मिल रही है। उनकी नाराजगी जाहिर तो नहीं हो रही लेकिन इशारों में वह अपने तेवर सख्त करते दिखे। उन्होंने मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर पूछे सवाल के जवाब में कहा कि मैं किसी एक सीट के बारे में कुछ नहीं बाल सकता, लेकिन हां इस बार भाजपा 400 पार जा रही है। उन्होंने कहा कि मेरे साथ क्षेत्र की जनता नहीं बल्कि मैं क्षेत्र की जनता के लिए तत्पर हूं और उनका प्यार मेरे लिए सर्वोपरि है। उन्होंने ठाकुरों की नाराजगी के सवाल के जवाब में कहा कि ठाकुर केवल यहां के ही नाराज नहीं हैं, बल्कि पूरे देश में नाराज है जिसका मुझसे कोई लेना-देना नहीं है।

मैं भारतीय जनता पार्टी के लिए पूरी महनत से कार्य करूंगा। बता दें कि पिछले कई दिनों से चौबीसी की राजनीतिक गतिविधियों में सियासी काफी हलचल देखने को मिल रही थी। जिसका कारण था पार्टी के नेताओं के बीच चल रही खीचतान। इस विरोधक का असर मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर काफी देखा जा रहा है।

## अमेठी के सलोन विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगी स्मृति ईरानी

### अमेठी लोस क्षेत्र में आते है पांच विधानसभा क्षेत्र

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी दिल्ली से एक दिन बाद फिर अमेठी लौट आई हैं। जबकि कांग्रेस और बसपा के उम्मीदवारों का अभी अता-पता तक नहीं है। केवल राहुल गांधी के चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। बाकी अधिकारिक घोषणा कोई नहीं है। जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पांच साल से अमेठी में डेरा डाले हुए हैं। जबकि राहुल गांधी चुनाव हारने के बाद से अब तक



केवल तीन बार कुछ घंटों के लिए अमेठी आए हैं। राहुल गांधी 2019 में करीब 55 हजार वोटों से हार गए थे। स्मृति ईरानी इस बार जीत का अंतर बढ़ाने के लिए दिन-रात बराबर कर दिए हैं। लेकिन राहुल गांधी की तरफ से चुनाव हारने के बाद भी कोई दिलचस्पी नहीं है। जिससे कांग्रेसी वोटर भी असमंजस में फंसे हुए हैं। केंद्रीय मंत्री के चुनावी कमांडर विजय गुप्ता ने बताया कि अमेठी सांसद तीन दिन में पांच हजार यादवों को भाजपा में शामिल कराने के बाद एक दिन के लिए दिल्ली गई थी।

स्मृति ईरानी मंगलवार को रायबरेली जनपद के सलोन विधानसभा में 13 स्थानों पर कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगी। इसके बाद मेदन मेवई में रात्रि विश्राम करेंगी। उन्होंने बताया कि अमेठी में भाजपा के एक लाख कार्यकर्ता संगठन से जुड़े हुए हैं।

## हिटलरशाही सरकार को उखाड़ने का करें कार्य : वर्मा




**मेरठ,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। गठबंधन प्रत्याशी सुनीता वर्मा के लिए लगातार कांग्रेसियों व गठबंधन दलों के नेता लगातार धुंआंधार चनाव प्रचार कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट की समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेसी व तमाम गठबंधन के नेताओं ने शिरकत की। पूर्व किठौर विधानसभा प्रत्याशी डा. बबीता सिंह गुर्जर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि गठबंधन प्रत्याशी सुनीता वर्मा को भारी मतों से जीताने के लिए सभी को रणनीति बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से निवेदन कर कहा कि सभी को साथ मिलकर चलना है।

**समन्वय बैठक का किया गया आयोजन**

## रक्तदान शिविर में स्थानीय लोगों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा



■ मुख्य अतिथि पीएनबी के सर्किल हेड बद्री विशाल सिंह ने किया शुभारंभ

■ रक्तदानकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

**मेरठ,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। पीएनबी के 130वें स्थापना दिवस के अवसर पर एमआईईटी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़कर भाग लिया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पीएनबी के सर्किल हेड बद्री विशाल सिंह ने किया। इस दौरान प्रो डॉ. एसके सिंह,डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ हनी तोमर, विभूति शंकर, डॉ. अंकुर सक्सेना, अजय चौधरी मौजूद रहे। इस दौरान छात्रों ने 115 यूनिट ब्लड डोनेट किया। पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल हेड बद्री विशाल सिंह और सीएससी हेड अनिल कुमार द्वारा रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र सहित गिफ्ट देकर प्रोत्साहन किया गया। इस दौरान पंजाब नेशनल बैंक द्वारा नए ग्राहकों के लिए खाते भी खोले गए। रक्तदान शिविर में पंजाब नेशनल बैंक मेरठ, एमआईईटी अहिंसा सोशल कमेटी, एनएसएस इकाई, पीएल शर्मा जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक, रेडियो मेरठ 89.6 एफएम का सहयोग रहा।

## संत रविदास गुरुकुलम विद्यालय में किया कन्या पूजन

**मेरठ,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। जन सेवा न्यास द्वारा संचालित संत रविदास गुरुकुलम विद्यालय सराय काजी मेरठ मे आज कन्या पूजन का कार्यक्रम किया गया। विधालय की प्रधानाचार्या पिंकी सिंह ने बच्चों को नवरात्रों के बारे में बताया कि प्रथम नवरात्रि के दिन हमारा हिन्दू नववर्ष शुरू होता है। उसके बाद दीप प्रज्ज्वलित करके कन्याओं को भोजन कराया गया जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने एवं शिक्षिकाओं ने पूरा सहयोग किया। मुख्य अतिथि के रूप मे सुशील पालीवाल, प्रवीण कौशिक, विश्वास राणा, सूर्यमनू शर्मा, डाक्टर रविन्द्र, देवेन्द्र, विधालय के अध्यक्ष- सुभाष शर्मा एव विधालय के प्रबंधक- हरिओम शर्मा एवं महिलाओ मे अंजू सोम, पिंकी राणा, पूजा, मंजू शर्मा, महेन्द्री देवी, अनीता आदि उपस्थित रहे।



## बार काउंसिल चुनाव को डा. शोएब एडवोकेट को बनाया प्रत्याशी



**मेरठ,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। एसोसिएशन मेरठ के होल में एक मीटिंग सर्व समाज अधिवक्ताओं की ओर से आयोजित की गई। मीटिंग का संचालन रियासत अली खां एडवोकेट ने किया और मीटिंग की अध्यक्षता मिसबाहुद्दीन सिद्दीकी एडवोकेट (पूर्व अध्यक्ष) ने किया। मीटिंग मे डॉक्टर शोएब एडवोकेट मेरठ को सर्व समाज ने बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के मेंबर के लिए प्रत्याशी घोषित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नेपाल सिंह सोम, कुंवर विनय सिंह, सरताज चौधरी, जीशान सिद्दीकी (विशेष आमंत्रित सदस्य) कुंवर सदाकत अली, एस ए खान, अमित चौधरी, आबिद अंसारी, गजाला, अशफाक सैफी, तंसीर अहमद, जितेंद्र कुमार, नितिन कुमार, अनीस गाजी, मोहम्मद उबेद, फरमान अली, खुर्शीद आलम, आलमगीर, राजपाल आर्य आदि सैकड़ों अधिवक्तागण मीटिंग मे उपस्थित रहे।

**आयोजन** *सुभारती विधि संस्थान में वाद विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन*

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में 66 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**मेरठ, 15 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान द्वारा 9वें सुभारती एवं उन्मुक्त भारत राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता 2024 का दो दिवसीय आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय ''दल-बदल राजनीति, राजनीतिक स्वतंत्रता का एक वैध मानक है'' निर्धारित किया गया था। प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र के अवसर पर सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के थपलियाल, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा एवं सुभारती विधि संस्थान के संकाय अध्यक्ष प्रो. डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।**

अवगत हो कि इस राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में लगभग 13 प्रदेशों व केन्द्र शासित प्रदेशों के विश्वविद्यालय की 33 टीमों के 66 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम का संचालन बीएएलएलबी की छात्रा इफरा सिद्दीकी व पलक त्यागी ने किया। निर्णायक मंडल में अंग्रेजी विभाग, शहीद मंगल पाण्डेय स्नातकोत्तर महिला कॉलेज की डॉ. उशा साहनी, लोकपाल, मनरेगा, मेरठ मण्डल की अंशु त्यागी एवं जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, चंदौली, की सदस्य नितिन ढिल्लन शामिल रहीं। द्वितीय दिवस समापन सत्र में कार्यक्रम की संयोजिला आफरीन अल्मास एवं एना सिसोदिया ने बताया कि निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुसार केरल विश्वविद्यालय की टीम को सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित किया है । इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ वक्ता का प्रथम स्थान हिमाचल प्रदेश नेशनल लॉ विश्वविद्यालय की देवांशी शर्मा, द्वितीय स्थान केरल विश्वविद्यालय की पदमा एस तथा तृतीय स्थान नारसी मुंजी इंस्टिट्यूट इंदौर की अनुष्का त्रिपाठी व प्रवीण गांधी लॉ कॉलेज की सुहा शेख ने प्राप्त किया । सुभारती विधि संस्थान के निदेशक राजेश चन्द्रा (पूर्व न्यायमूर्ति, प्रयागराज उच्च न्यायालय) ने विजेता घोषित किये गये सभी प्रतिभागियों को बधाई देने के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इस प्रतियोगिता में सुभारती विधि संस्थान के विद्यार्थियों जोया, परमजीत, अनुश्रेष्ठ, अमीना एवं कसक आदि का योगदान रहा ।




■ केरल विश्वविद्यालय की टीम को सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित किया

■ कार्यक्रम का संचालन बीएएलएलबी की छात्रा इफरा सिद्दीकी व पलक त्यागी ने किया

## लाइब्रेरी साइंस में हुआ व्याख्यान का आयोजन



**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में डॉ. बीआर अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रोफेसर व डीन, डॉ. एमपी सिंह ने ''इन्फॉर्मेशन लिटरेसी यूजेज ऑफ लाइब्रेरी एण्ड ऑनलाईन रिर्सोसेज'' विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर त्यागी ने मुख्य वक्ता प्रो. डॉ.एमपी सिंह एवं विभाग के सभी शिक्षकों के साथ मिलकर मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया। विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर त्यागी ने मुख्य वक्ता डॉ. एमपी सिंह का संक्षिप्त परिचय दिया। इस अवसर पर डॉ. एमपी सिंह ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज सूचना साक्षरता सूचना की आवश्यकता होने पर पहचानने की क्षमता हैं और आवश्यक जानकारी का पता लगाने, मूल्यांकन करने और प्रभावी ढंग से उपयोग करने की क्षमता हैं। सूचना का होना आज अत्यन्त महत्वपूर्ण है जिससे जानकारी एकत्र करना और उसका उपयोग करना सरल व कुशल बनाया जा सके। आज के परिवेश में सूचना साक्षरता की आवश्यकता अत्यधिक है। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक डॉ. सुधीर त्यागी, डॉ. सपना शर्मा, डॉ. अल्पना उपस्थित रहें सभी विद्यार्थियों ने प्रदत्त जानकारियों को जानने में विशेष रूचि दिखाई।




# लोकसभा चुनाव के पहले चरण में विधायकों की भी होगी परीक्षा

■ तीन प्रमुख उम्मीदवारों में से दो का अपना कोई विधायक ही नहीं ■ सपा के दो विधायकों का इमरान मसूद से 36 का आंकड़ा

**लखनऊ/सहारनपुर,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। सहारनपुर लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव में प्रमुख दलों के उम्मीदवारों की जीत-हार में उनके विधायकों की भूमिका भी रहेगी।

दिलचस्प यह है कि तीन प्रमुख उम्मीदवारों में से दो का अपना कोई विधायक ही नहीं है। तीसरी बार चुनाव लड़ रहे भाजपा के राघव लखनपाल शर्मा के पक्ष में उनकी पार्टी के तीन विधायक सहारनपुर महानगर के राजीव गुंबर, रामपुर मनिहारान के देवेंद्र निम और देवबंद क्षेत्र के बृजेश सिंह चुनाव को अपनी प्रतिष्ठा का सवाल बनाकर अपने प्रत्याशी की जीत में दिन-रात एक किए हुए हैं।

दूसरे प्रमुख उम्मीदवार कांग्रेस इमरान मसूद जिनका भी यह तीसरा लोकसभा चुनाव है। उनकी पार्टी का सहारनपुर संसदीय क्षेत्र में कोई विधायक नहीं है। इमरान मसूद पांचों विधानसभा क्षेत्रों में खुद ही अपने चुनाव अभियान की अगुवाई कर रहे हैं। अलबत्ता उनको समर्थन दे रही समाजवादी पार्टी के दो विधायक बेहट के उमर अली खान और सहारनपुर ग्रामीण के आशु मलिक का लाभ जरूर इमरान मसूद को मिल सकता है लेकिन दोनों ही विधायकों के इमरान मसूद से 36 का आंकड़ा है। इस संबंध में सवाल करने पर इमरान मसूद चुप्पी साध लेते हैं। गौरतलब है कि खुद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव सहारनपुर सीट से बसपा सांसद फजर्लुरहमान कुरैशी को उम्मीदवार बनाना चाहते थे और कांग्रेस के कोटे में सीट चले जाने पर उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से भी फजर्लुरहमान को उम्मीदवार बनाने की



पेशकश की थी लेकिन कांग्रेस अपने जुझारू मुस्लिम नेता इमरान मसूद के नाम पर ही अड़ी रही। इमरान मसूद का पूरे जिले के मुस्लिमों पर अच्छा-खासा प्रभाव माना जाता है। बेहट विधानसभा सीट पर तो 2007 के विधानसभा चुनाव में इमरान मसूद ने मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव सरकार में शामिल काबिना मंत्री जगदीश राणा को चुनाव में परास्त कर दिया था। इमरान मसूद को शायद ही सपा के दोनों विधायकों से उतना सहयोग मिल सके जितना अपेक्षित है।

इमरान मसूद को मुस्लिम बहुल देवबंद सीट पर देवबंद के पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक माविया अली से भी सहयोग नहीं मिल रहा है। देवबंद के पूर्व पालिकाध्यक्ष जियाउद्दीन अंसारी अस्वस्थ हैं। लेकिन उनकी हमदर्दी बसपा उम्मीदवार माजिद अली के साथ है। माजिद अली जिला पंचायत के सदस्य हैं। माजिद अली देवबंद क्षेत्र के काली नदी पार क्षेत्र के गांव फुलास के निवासी हैं। उनकी पत्नी बसपा से जिला पंचायत की अध्यक्ष रह चुकी हैं। बसपा का भी जिले में कोई विधायक नहीं है।

माजिद अली थोड़े दिनों पहले तक चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी में थे। मायावती 14 अप्रैल को देवबंद क्षेत्र में उनके चुनाव प्रचार में आई थीं लेकिन मुस्लिमों की उपस्थिति नगण्य होने से मायावती बसपाईयों पर कुपित हुई थी। मुस्लिमों की सोच के जानकार और दारूल उलूम देवबंद के विद्वान मौलाना अब्दुल्ला जावेद कहते हैं कि इस चुनाव में मुस्लिमों की पहली पसंद कांग्रेस है और उसके बाद मुसलमान समाजवादी के साथ है। यूपी में सपा-कांग्रेस गठबंधन होने से मुस्लिमों का रूझान उसी ओर रहेगा। मुस्लिमों में इमरान मसूद बसपा पर भारी पड़ सकते हैं।

बसपा के कद्दावर नेता और मायावती की सीट से तीन बार विधायक रहे दलित नेता जगपाल सिंह भाजपा में हैं। उन्होंने पिछला चुनाव सहारनपुर देहात सीट से भाजपा के टिकट पर लड़ा था। भाजपा को हिंदू गूर्जरों में अच्छा समर्थन मिल रहा है। गुर्जर बिरादरी के मुकेश चौधरी और कीरतपाल सिंह भाजपा से विधायक हैं। हालांकि दोनों की विधानसभा सीटें कैराना लोकसभा क्षेत्र में पड़ती हैं।

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह गुर्जर कहते हैं कि उनकी बिरादरी का बड़ा समर्थन भाजपा के साथ है। जिले में राजपूतों की नाराजगी धीरे-धीरे कम हो रही है। राजपूत बिरादरी के दो पूर्व विधायकों वीरेंद्र ठाकुर और शशिबाला पुंडीर कहते हैं कि राजपूतों में दो-तीन कारणों से भाजपा को लेकर नाराजगी हैं।

मप्र चुनाव के पहले चरण में छह संसदीय क्षेत्र में 19 को मतदान

# दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

**भोपाल,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में छह संसदीय क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान होने वाला है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण सीट छिंदवाड़ा है, जिस पर सब की नजर है। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल नाथ की प्रतिष्ठा दांव पर है। वहीं भाजपा ने इस सीट को जीतने के लिए पूरा जोर लगा रखा है।

राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं और यहां चार चरणों में मतदान होना है। पहले चरण में 19 अप्रैल को छह सीटों पर मतदान होना है, जिनमें सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा शामिल है। इनमें शहडोल और मंडला अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है।

पहले चरण के चुनाव में छिंदवाड़ा सीट पर सबकी नजर है। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल नाथ के पुत्र नकुल नाथ दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं। नकुल नाथ पिछला चुनाव 40 हजार से भी कम वोट के अंतर से जीते थे।

छिंदवाड़ा को कमल नाथ परिवार का गढ़ माना जाता है। 1980 के बाद हुए लोकसभा चुनाव



■ सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट व छिंदवाड़ा शामिल
■ छिंदवाड़ा में रोचक मुकाबले का अनुमान

में सिर्फ एक बार ही इस परिवार के प्रतिनिधि को हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा बीते चार साल से कमल नाथ के इस गढ़ में सेंध लगाने की रणनीति पर काम कर रही है और यही कारण है कि कांग्रेस के कई नेता भाजपा का दामन थाम चुके हैं जिनमें पूर्व विधायक से लेकर कमल नाथ के सबसे करीबियों में से एक दीपक सक्सेना भी शामिल हैं।

भाजपा ने इस चुनाव में छिंदवाड़ा में स्थानीय और बाहरी को मुद्दा बनाने की कोशिश की है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने तो यहां तक कहा कि छिंदवाड़ा का सांसद स्थानीय व्यक्ति को क्यों नहीं बनना चाहिए। कमल नाथ तो इस क्षेत्र के लिए समस्या बन चुके हैं।

वहीं दूसरी ओर कमल नाथ अपने 45 साल के रिश्ते को याद दिलाते हुए भावनात्मक अपील करने में लगे हैं। महाकौशल क्लस्टर की जिम्मेदारी भाजपा ने राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को सौंपी है और वे यहां पर भाजपा उम्मीदवार विवेक बंटी साहू की जीत के लिए पूरा जोर लगाए हुए हैं। उनका अधिकांश समय भी छिंदवाड़ा संसदीय सीट में ही गुजर रहा है।

राजनीति के जानकारों का कहना है कि छिंदवाड़ा का चुनाव बड़ा रोचक है और जीत तथा हार किसी के भी हिस्से में आ सकती है। यह पहला ऐसा चुनाव है जिसमें जीत के लिए भाजपा ने पूरा जोर लगाया है और कमल नाथ के गढ़ को ढहाने की कोशिश की है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेताओं के भाजपा में शामिल होने से कमलनाथ को मतदाताओं की संवेदना (सिंपैथी) भी मिल रही है। यहां मुकाबला बराबरी का है।

## आम चुनाव : भारत-नेपाल सीमा आज से रहेगी बंद

**नैनीताल,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तराखंड से सटी भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा मंगलवार 16 अप्रैल से तीन दिन बंद रहेगी। इस दौरान सीमा पर आवाजाही ठप रहेगी।

उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। प्रदेश में 17 अप्रैल पांच बजे से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार थम जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत सुरक्षा की खातिर भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा को बंद रखने का निर्देश जारी किया गया है।

भारत-नेपाल समन्वय समिति की 19 मार्च को हुई बैठक में भी आम चुनाव की खातिर पिथौरागढ़ और चंपावत जिले से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा को बंद करने का निर्णय लिया गया था। निर्वाचन आयोग की ओर से बकायदा अधिकारियों को इसके लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

इसके तहत अंतरराष्ट्रीय सीमा मंगलवार 16 अप्रैल शाम पांच बजे से पूरी तरह से बंद हो जाएगी और इसके बाद 19 अप्रैल को मतदान संपन्न होने के बाद शाम पांच बजे खुल पाएगी। इस दौरान सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। किसी तरह की आवाजाही नहीं हो पायेगी।

चंपावत के जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडे के अनुसार मेडिकल इमरजेंसी हेतु सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) 57वीं वाहिनी के कमांडेंट एवं अन्य कार्यों के लिये उप जिलाधिकारी पूर्णागिरी, टनकपुर एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी टनकपुर को अधिकृत किया गया है।

## बागी के उतरने से नवादा में राजद की मुश्किलें बढ़ीं

**नवादा,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के नवादा सीट पर राजद से बगावत कर चुनावी मैदान में उतरे विनोद यादव ने यहां के संघर्ष को त्रिकोणीय बना दिया है। राजद के लिए यहां की राह अब मुश्किल नजर आने लगी है। इस चुनाव में नवादा सीट पर मुख्य मुकाबला एनडीए और विपक्षी महागठबंधन के बीच माना जा रहा था, लेकिन अब ये मुकाबला दिलचस्प हो गया है। सीट इस बार एनडीए के घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के बदले भाजपा के खाते में चली गई है। भाजपा ने नवादा से भूमिहार समाज से आने वाले विवेक ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है, जबकि महागठबंधन की ओर से राजद ने श्रवण कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया है।

राजद के प्रत्याशी की घोषणा होते ही राजद के नेता विनोद यादव पार्टी से खिलाफ़त कर चुनावी मैदान में उतर गए। देखा जाए तो इस सीट पर



एनडीए का दबदबा रहा है। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के भोला सिंह और वर्ष 2014 में गिरिराज सिंह ने जीत का परचम लहराया था। पिछले चुनाव में यह सीट लोजपा के खाते में थी और चंदन सिंह की जीत हुई थी। 2004 के चुनाव में राजद के प्रत्याशी वीरचंद्र पासवान यहां से विजयी हुए थे।

पूर्व विधायक राजवल्लभ यादव के भाई और विधायक विभा देवी के देवर विनोद यादव ने बागी तेवर अपनाते हुए माहौल को स्थानीय बनाम बाहरी बना दिया है। यादव को स्थानीय राजद विधायकों का भी समर्थन मिल रहा है, बताया जाता है कि राजद के बागी के चुनाव मैदान में आने से राजद को नुकसान होना तय है।

ऐतिहासिक और धार्मिक नवादा की धरती शुरू से समृद्ध रही है। झारखंड की सीमा से जुड़े इस संसदीय क्षेत्र का चुनाव परिणाम यहां के जातीय समीकरण तय करते रहे हैं। माना जा रहा है कि भूमिहार के सामने कुशवाहा को उतार कर लालू प्रसाद ने एनडीए को टक्कर देने की कोशिश की थी, लेकिन इस चक्कर में उनके कुनबे के लोग यानी यादव ही उनके विरोध में उतर आए हैं।

## 85 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों व दिव्यांगों के लिए होम वोटिंग शुरू

**नोएडा,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। चुनाव आयोग ने इस बार 85 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांगों को यह सहूलियत दी है कि अगर वह बूथ पर ना जाकर अपने घर से ही वोट डालना चाहते हैं तो उन्हें यह सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए उन्हें एक फॉर्म भरना होगा। गौतमबुद्ध नगर के नोएडा, जेवर और दादरी विधानसभा क्षेत्र में 15 और 16 अप्रैल को यह सिलसिला सुबह से शुरू हो गया है। फॉर्म भर कर गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता आज और कल मतदान करेंगे। इन्हें घर पर ही मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन ने



विधानसभा वार टीमों का गठन कर लिया है। इनके घर पर मतपत्र पहुंचेंगे।

गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर पांच विधानसभा हैं - खुर्जा व सिकंदराबाद बुलंदशहर में आते हैं, जिन पर 13 व 14 अप्रैल को मतदान कराया जा चुका है। अब 15 व 16 अप्रैल को नोएडा, दादरी और जेवर विधानसभा में 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग, दिव्यांग व कोरोना संक्रमित मरीज पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मत का प्रयोग करेंगे। इस बार लोकसभा के चुनाव में निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को घर से ही वोट डालने की सुविधा दी है।

# पुरी में भगवान जगन्नाथ की कृपा से आज तक वंचित है भाजपा

**पुरी,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। आध्यात्मिकता और पर्यटन के लिए विश्व भर में मशहूर ओडिशा में पुरी के राजनीतिक इतिहास में एक दिलचस्प तथ्य है कि यहां भाजपा यहां भगवान जगन्नाथ की कृपा से आज तक वंचित है और उसे लोकसभा के किसी भी चुनाव में जीत का आर्शीवाद नहीं मिला।

वर्ष 1977 के लोकसभा चुनाव के दौरान पूरे देश में चली आपातकाल विरोधी लहर में सर्वाधिक स्थानों पर जनता पार्टी ने फतह हासिल की, लेकिन पुरी संसदीय क्षेत्र में परिणाम जनता दल के पक्ष में गया। ऐसा ही जबरदस्त माहौल 2004 के चुनाव में मोदी लहर के रूप में सामने आया और तब भी भाजपा जीत से महरुम रही और बीजू जनता दल (बीजद) के सर जीत का सेहरा बंधा।

भगवान जगन्नाथ की नगरी के रूप में विख्यात पुरी कांग्रेस का गढ़ रहा है, हालांकि पिछले 25 साल से यहां बीजद की बादशाहत है। गत तीन आम चुनावों में बीजद की जीत का परचम लहरा रहे पिनाकी मिश्रा यहां जीत की हैट्रिक जमा चुके हैं।

नब्बे फीसदी हिन्दू बाहुल्य पुरी में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है और भाजपा ने सामुदायिक समीकरण और रणनीति के तहत इस बार भी अपने प्रवक्ता संबित पात्रा को पुरी की चुनावी रणभूमि में उतारा है। पार्टी प्रवक्ता के रूप में टीवी चैनलों में बहस और परिचर्चा के दौरान तर्क-वितर्क और कभी शिष्टता एवं मर्यादा से भी परे धाराप्रवाह बोलने की वजह से बहुत बार विवाद का बने पात्रा 2019 के आम चुनावों के दौरान पुरी में चुनाव यात्रा बनाम भोजन यात्रा के जरिए आकर्षण का केंद्र थे तथा चुनाव प्रचार के दौरान कभी किसी पिछड़े दलित के घर चले जाने और उनके यहां भोजन करने से भी गुरेज नहीं किया था। इसके बावजूद वह बीजद के पिनाकी मिश्रा के हाथों बुरी तरह पराजित हुए थे।

**पुरी में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक**


वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव मे पुरी सीट पर एक तरफ भाजपा ने अपने प्रवक्ता संबित पात्रा को दोहराया है वहीं बीजद ने अपनी चुनावी व्यूह और रणनीति में बदलाव करते हुए पूर्व आईपीएस अधिकारी अरूप पटनायक को अपना उम्मीदवार बनाया है। मूलत: ओडिशा के पुरी जिले के डेलांगा निवासी और 1979 बैच के अधिकारी रहे पटनायक सेवानिवृत्ति के बाद बीजद में शामिल हो गए थे।

पटनायक की उम्मीदवारी स्थानीय नेताओं के लिए कम विस्मयपूर्ण नहीं रही। किसी को तनिक भी उम्मीद नहीं थी कि 2009, 2014 और 2019 के आम चुनाव में जीत की हैट्रिक बनाने वाले पिनाकी मिश्रा को इस बार संभावित चौकड़ी बनाने से वंचित कर दिया जाएगा, लेकिन ओडिशा की राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले बीजद सुप्रीमो एवं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने नए राजनीतिक दांव-पेंच का प्रयोग करते हुए सबको चौंका दिया है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने इस दफा पुरी सीट से महिला उम्मीदवारी को तरजीह देते हुए सुचरिता मोहंती को अपना प्रत्याशी बनाया है।

पुरी स्थित 'गोल्डन बीच' समुद्र की विशाल बलखाती लहरों में मस्ती की हिलोरें मारने के यहां पहुंचने वाले पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। हाल ही में पुरी के पर्यटन टूर पर आये इस संवाददाता ने चुनाव के परिप्रेक्ष्य में यहां के माहौल को समझने और लोगों के विचार एवं प्रतिबद्धताओं को टटोलने की कोशिश की। यहां गोल्डन बीच के समीप एक होटल के प्रबंधक विप्लव मुखर्जी ने बातचीत के दौरान कहा कि पुरी की अर्थ-व्यवस्था मुख्यत: पर्यटन पर.निहित है और प्रदेश में बीजद सरकार अच्छा काम कर रही है तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उसने काफी कदम उठाए है जिसका लाभ बीजद और उसके उम्मीदवारों को मिलता रहेगा। पुरी निवासी और भुवनेश्वर में एमबीए की छात्रा नीलांजना मिश्रा ने भी कमोबेश यही मंतव्य व्यक्त किया।

पुरी और आसपास के प्रमुख पर्यटन स्थलों में गाइड का काम करने विजय मोहंती का कहना है कि परिवर्तन संसार का नियम है और कुछ भी अपरिवर्तनीय नहीं है। उन्होंने कहा कि पुरी में इस बार बदलाव का माहौल है और इसकी झलक भी नजर आ रही है। भाजपा अपना जनाधार बढ़ाने के लिए प्रयासरत है और इसका प्रतिफल उसे जरुर मिलेगा। पुरी लोकसभा सीट के लिए छठें चरण में 25 मई को मतदान होगा और 10 दिन बाद 04 जून को मतगणना के बाद पता चलेगा कि इस बार भगवान जगन्नाथ की कृपा किस पर रही और जनता-जनार्दन ने किसे अपना नुमाइंदा चुना।

बाइरैक
birac
जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद्
भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) के तत्वावधान में एक गैर-लाभकारी सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम
BIG
Kick Starting Entrepreneurship
BIG 24वां आमंत्रण
बायोटेक्नोलॉजी इग्निशन ग्राण्ट
नए आइडियाज़ के प्रोत्साहन हेतु
व्यावसायीकरण की संभावना वाले इनोवेटिव आइडियाज़
950+ आइडियाज़ को प्रोत्साहन



हेल्थकेयर, लाइफसाइंसेज, डायग्नोस्टिक्स, मेडिकल डिवाइसेस, वैक्सीन, ड्रग डेवलपमेंट और डिलीवरी सिस्टम, औद्योगिक जैव, कृषि, द्वितीयक कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता, स्वच्छ ऊर्जा और संबंधित क्षेत्रों के अंतर्गत इनोवेशन।
₹50 लाख तक की अनुदान राशि
योग्य आवेदनकर्ता
वैज्ञानिक, संकाय, अनुसंधान स्कॉलर, किसी भी विद्या में स्नातक सहित व्यक्तिगत उद्यमी
15 अप्रैल, 2019 को या इसके बाद निर्गमित स्टार्टअप कंपनी/एलएलपी में पंजीकृत होना चाहिए
बाइरैक के BIG पार्टनर्स और बायोनेस्ट इन्क्यूबेटर्स द्वारा परामर्श उपलब्ध
बाइरैक के BIG पार्टनर्स
www.ikpknowledgepark.com | www.kiitincubator.in | www.fitt-iitd.org | www.ccamp.res.in | www.venturecenter.co.in | www.sineiitb.org | www.siicincubator.com | www.aidea.naarm.org.in
ऑनलाइन आवेदन करें www.birac.nic.in
आवेदन की अन्तिम तिथि 31 मई, 2024 सायं 5:30 बजे तक
गाइडलाइन और FAQ के लिए www.birac.nic.in
कृपया विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें: सुश्री तरनजीत कौर, प्रबंधक - उद्यमिता विकास
ई-मेल: biracbig.dbt@nic.in | sped01@birac.nic.in

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| मारुति | 1.24 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.22 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.16 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| विप्रो | 2.70 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.37 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.15 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.09 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.05 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 71,644 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 80800 |
| वायदा | 70,981 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# वैश्विक हालात से निर्यात-आयात प्रभावित

# अप्रैल में व्यापार घाटा 15.60 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली**, 15 अप्रैल (एजेंसियां)। वैश्विक बाजार में अनिश्चिततायें बढ़ने के बीच भारत से वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात और आयात मार्च 2024 में हल्की गिरावट के साथ क्रमशः 41.68 अरब डालर और 57.28 अरब डालर रहा। अप्रैल,24 में व्यापार घाटा (निर्यात- आयात का अंतर) वार्षिक आधार पर सीमित हो कर 15.60 अरब डालर रहा। पिछले साल मार्च में 41.96 अरब डालर के वाणिज्यक वस्तुओं के निर्यात और 60.92 अरब डालर के साथ व्यापार घाटा 18.96 अरब डालर के बराबर था। मार्च 24 में गैर पेट्रोलियम एवं गैर रत्न आभूषण निर्यात 33.67 अरब डालर और आयात 35.21 अरब डालर रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023-24 में व्यापार घाटा 240.2 अरब डालर रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 265 अरब डालर था। वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) की अवधि में वाणिज्यक वस्तुओं का निर्यात 437.06 अरब डॉलर रहा, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान वाणिज्यिक निर्यात 451.07 अरब डॉलर था। इसी तरह 2023-24 में वाणिज्यिक आयात 677.24 अरब डॉलर रहा जबकि 2022-23 में आयात यह 715.97 अरब डॉलर था। वर्ष 2023-24 में गैर पेट्रोलियम एवं गैर रत्नाभूषण निर्यात 320.21 अरब डालर तथा आयात 422.80 अरब डालर के बराबर रहा। वर्ष 2022-23 में ये आंकड़े क्रमश : 315.64 अरब डालर और 435.54 अरब डालर थे।

**मार्च 24 में गैर पेट्रोलियम व गैर रत्न आभूषण निर्यात 33.67 एवं आयात 35.21 अरब डॉलर रहा**



लगातार वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, अनुमानित सम्पूर्ण निर्यात पिछले साल के उच्चतम रिकॉर्ड को पार कर गया : **वाणिज्य मंत्रालय**

मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि लगातार वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, अनुमानित सम्पूर्ण निर्यात (माल और सेवाओं को मिला कर) पिछले साल के उच्चतम रिकॉर्ड को पार गया है। विज्ञप्ति के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 के 776.40 अरब डॉलर के सम्पूर्ण वस्तु एवं सेवा निर्यात की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में सम्पूर्ण निर्यात अनुमानित 776.68 अरब डॉलर है। वर्ष 2023-24 में वस्तुओं और सेवाओं को मिला कर सम्पूर्ण आयात 854.80 अरब डालर के बराबर रहा, जो इससे पिछले वर्ष 898.02 अरब डालर के बराबर था।

मार्च में सम्पूर्ण निर्यात 70.31 अरब डालर और आयात 73.12 अरब डालर के बराबर रहा। इस तरह मार्च, 24 माह का सम्पूर्ण व्यापार घाटा सीमित हो कर 2.91 अरब डालर के बराबर रहा जो कि पिछले वर्ष मार्च में 5.48 अरब डालर के बराबर था।

वित्त वर्ष 2023-24 में वस्तु और सेवाओं-दोनों के व्यापार को मिला कर सम्पूर्ण व्यापार घाटा सीमित हो कर 78.12 अरब डालर रहा जबकि वर्ष 2022-23 में सम्पूर्ण व्यापार घाटा 121.62 अरब डालर था।

मंत्रालय के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक सामान का निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 के 23.55 अरब डालर की तुलना में 23.64 प्रतिशत बढ़कर 2023-24 में 29.12 अरब डॉलर हो गया। दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात सालना आधार पर 9.67 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 27.85 अरब डॉलर रहा। इसी तरह इंजीनियरिंग सामान के निर्यात में चुनौतियों के बावजूद 2023-24 में कुल 2.13 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 109.32 अरब डॉलर हो गया। कृषि वस्तुओं में तम्बाकू का निर्यात 19.46 प्रतिशत ऊंचा रहा।

## बढ़ते वैश्विक जोखिमों से दरों के कटौती में देरी कर सकता है आरबीआई

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्लेषकों की राय है कि कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी समेत बढ़ते वैश्विक जोखिमों के मद्देनजर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नीतिगत दरों में कटौती में देरी कर सकता है।

कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने कहा कि हम मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में दरों में आधा फीसदी की कटौती की अपनी अपील पर कायम हैं। इसके बावजूद हमें लगता है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के दरों में कटौती के चक्र में देरी और ऊंची खाद्य मुद्रास्फीति के कारण आरबीआई की दरों में कटौती में और देरी हो सकती है।



ब्रोकरेज कंपनी ने कहा कि निकट भविष्य में बढ़ती महंगाई के कारण खाद्य महंगाई में तेजी, भू-राजनैतिक जोखिमों और ओपेक प्लस देशों के आपूर्ति में कटौती करने से कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और गैर-ऊर्जा वस्तुओं की ऊंची कीमतों के कारण वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में औसत खुदरा महंगाई के पांच प्रतिशत से ऊपर रहने का जोखिम है। जैसा कि आरबीआई गवर्नर ने भी कहा है, ये जोखिम मुद्रास्फीति कम करने के अंतिम पड़ाव पर चुनौती बन सकते हैं। जैसा कि अपेक्षित था, मार्च में ओवरऑल मुद्रास्फीति घटकर 4.85 प्रतिशत पर आ गई जबकि कोर मुद्रास्फीति मामूली रूप से घटकर 3.3 प्रतिशत पर रही। ब्रोकरेज ने कहा कि हम ओवरऑल मुद्रास्फीति में केवल धीरे-धीरे नरमी की उम्मीद करते हैं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने एक रिपोर्ट में कहा है कि मुद्रास्फीति और आईआईपी डेटा उम्मीदों के अनुरूप थे, जिसका मौद्रिक राजकोषीय नीति पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा। कंपनी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि अगले साल खुदरा महंगाई दर औसतन 4.5 प्रतिशत रहेगी। हमारे विचार में, दर में कटौती केवल वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में हो सकती है।

## खाद्य तेलों में उबाल, दालें महंगी

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आवक के मुकाबले उठाव अधिक होने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में उबाल आ गया तथा दालें भी महंगी हो गई। वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 93 रिंगिट गिरकर 4405 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.20 सेंट की तेजी के साथ 46.09 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में तेजी का रुख रहा। सरसों तेल 74 रुपए, सूरजमुखी तेल 74 रुपए, सोया रिफाइंड 220 रुपए और वनस्पति तेल 133 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, मूंगफली तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में दालों के भाव चढ़ गए। इस दौरान चना 250 रुपए, दाल चना 250 रुपए, मसूर दाल 50 रुपए और मूंग दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे

## देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बढ़े रोजगार के अवसर

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) या मशीन लर्निंग (एमएल) से संबंधित नौकरियों में तेजी देखी जा रही है। पिछले साल की तुलना में इस साल मार्च में इस क्षेत्र में नौकरियों में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह बात सोमवार को एक नई रिपोर्ट में कही गई।

नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स के अनुसार, मार्च में मशीन लर्निंग इंजीनियर जैसी भूमिकाओं के लिए भर्ती में 82 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि हुई। फुल स्टैक डेटा वैज्ञानिक भूमिका ने पिछले वर्ष की तुलना में नियुक्तियों में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।



- पिछले साल की तुलना में इस साल एआई में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई
- एआई में नियुक्तियां विशेष रूप से अहमदाबाद व हैदराबाद में रही अधिक

नौकरीडॉटकॉम के मुख्य बिजनेस ऑफिसर डॉ. पवन गोयल ने कहा कि बेसलाइन सुधार पीछे छूट गया है और मार्च में कुछ उज्ज्वल बिंदु दिखाई दे रहे हैं, आने वाली तिमाहियों में सकारात्मक रुझान हैं। अनुभवी पेशेवरों और भारतीय एआई/एमएल प्रतिभा की मांग से हर किसी को खुश होना चाहिए। इसके अलावा, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि मार्च में पिछले साल की तुलना में तेल और गैस क्षेत्र में नियुक्तियों में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें एमईपी इंजीनियरों और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरों की अधिकतम मांग थी।


इस क्षेत्र में नियुक्तियां विशेष रूप से अहमदाबाद और हैदराबाद में अधिक थीं। पिछले वर्ष की तुलना में फार्मा सेक्टर में दो प्रतिशत अधिक नियुक्तियां हुईं।

16 वर्ष से अधिक अनुभव वाले वरिष्ठ पेशेवरों की अधिकतम नियुक्तियां हुईं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल मार्च में इस वर्ग में 11 प्रतिशत अधिक नियुक्तियां हुईं।

# ईरान-इजराइल संघर्ष से डरा बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी धड़ाम

**मुंबई,** 15 अप्रैल (एजेंसियां।) इजराइल पर ईरान के जवाबी हमले से क्षेत्रीय स्तर पर तनाव और गहराने से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 845.12 अंक अर्थात 1.14 प्रतिशत का गोता लगाकर करीब तीन सप्ताह के निचले स्तर 73,399.78 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 246.90 यानी 1.1 प्रतिशत की गिरावट लेकर 22,272.50 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 1.50 अंक टूटकर 40,293.72 अंक और स्मॉलकैप 1.54 प्रतिशत कमजोर होकर 45,166.87 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4049 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2991 में गिरावट जबकि 913 में तेजी रही वहीं 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 44 कंपनियां लुढ़क गई जबकि शेष छह में बढ़त रही। विश्लेषकों के अनुसार, भू-राजनीतिक तनाव और अपेक्षा से अधिक अमेरिकी मुद्रास्फीति ने निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित किया और सूचकांकों को निचले स्तर पर ले आया। उनके समृद्ध मूल्यांकन और समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कंपनियों की आय वृद्धि में नरमी की आशंका के कारण प्रमुख नुकसान मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों को हुआ। दूसरी ओर, यूरोपीय बाजार सकारात्मक रुख के साथ खुला जबकि तेल की कीमतें कम हुई क्योंकि बाजार को उम्मीद थी कि राजनयिक प्रयासों से इजराइल और ईरान में जारी तनाव कम हो जाएगा।




- सेंसेक्स 1.14 प्रतिशत का गोता लगाकर तीन सप्ताह के निचले स्तर 73,399.78 पर
- निफ्टी 246.90 यानी 1.1 प्रतिशत की गिरावट लेकर 22,272.50 अंक पर बंद

इससे बीएसई में ऊर्जा और तेल एवं गैस समूह की 0.40 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर शेष 18 समूहों में भारी बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 1.23, सीडी 1.24, एफएमसीजी 1.04, वित्तीय सेवाएं 1.81, हेल्थकेयर 1.07, इंडस्ट्रियल्स 1.41, आईटी 1.58, दूरसंचार 0.61, यूटिलिटीज 1.37, ऑटो 0.89, बैंकिंग 1.55, कैपिटल गुड्स 1.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.08, पावर 1.44, रियल्टी 1.12, टेक 1.19 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.12 प्रतिशत लुढ़क गए।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 930 अंक की भारी गिरावट के साथ 73,315.16 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 74 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे ही रहा। कारोबार के दौरान लिवाली होने से दोपहर से पहले यह 73,905.80 अंक के उच्चतम जबकि बिकवाली के दबाव में कारोबार के अंतिम चरण में 73,315.16 अंक निचले स्तर पर रहा।

अंत में पिछले दिवस के 74,244.90 अंक के मुकाबले 1.14 प्रतिशत लुढ़ककर 73,399.78 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 180 अंक टूटकर 22,339.05 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,427.45 अंक के उच्चतम जबकि 22,259.55 अंक के निचले स्तर पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन प्रमुख कंपनियों के शेयरों ने नुकसान उठाया उनमें विप्रो 2.70, आईसीआईसीआई बैंक 2.37, बजाज फिनसर्व 2.15, बजाज फाइनेंस 2.09, टाटा मोटर्स 2.05, एलटी 1.96, एचडीएफसी बैंक 1.71, एक्सिस बैंक 1.54, टीसीएस 1.47, टाटा स्टील 1.38, इंफोसिस 1.24, एसबीआई 1.17, इंडसइंड बैंक 1.14, आईटीसी 1.07, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.76, रिलायंस 0.17, पावरग्रिड 0.16 और एनटीपीसी 0.08 प्रतिशत शामिल है। वहीं, मारुति 1.24, नेस्ले इंडिया 1.22 और भारती एयरटेल ने 0.16 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## मार्च में थोक मुद्रा स्फीति बढ़कर 0.53 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रा स्फीति मार्च में बढ़ कर 0.53 प्रतिशत हो गई, जो तीन महीने का इसका उच्चतम स्तर है। फरवरी में थोक मुद्रास्फीति 0.20 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी वाणिज्य मंत्रालय के मासिक आंकड़ों के मुताबिक मार्च में प्याज आलू और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी के कारण थोक मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ा। मार्च में खाद्य वस्तुओं की थोक मुद्रा स्फीति 4.65 प्रतिशत रही। मार्च में प्राथमिक खाद्य वस्तुओं के अलावा औषधियों, वनस्पति से बने उत्पादों, लकड़ी और लकड़ी से बने सामान तथा चार्म उद्योग के उत्पादों और कुछ अन्य विनिर्मित वस्तुओं की थोक कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई। मार्च में प्याज के दाम पिछले साल से करीब 57 प्रतिशत और आलू के भाव 53 प्रतिशत ऊपर चल रहे थे जबकि पिछले साल मार्च में प्याज की थोक कीमतें 37 प्रतिशत कम हुई थी और आलू थोक बाजार में सालाना आधार पर 25.59 प्रतिशत नीचे बिक रहा था। मार्च में प्राथमिक वस्तुओं की थोक मुद्रास्फीति 4.51 प्रतिशत रही। ईंधन और बिजली वर्ग तथा विनिर्मित उत्पादों में थोक भाव पिछले साल से क्रमशः 0.77 प्रतिशत और 0.85 प्रतिशत कम रहे।



फरवरी में थोक मुद्रास्फीति 0.20 प्रतिशत थी

## सार संक्षेप

### एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने लॉन्च किया एनर्जी मैनेजर एसी

**नई दिल्ली।** कंज्यूमर ड्यूरेबल्स कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने वर्ष 2024 में मात्र 100 दिनों में 10 लाख से अधिक एयरकंडीशनर बेचने का रिकॉर्ड बनाते हुये 80 प्रतिशत तक एनर्जी बचत करने वाले नए एसी लॉन्च करने की आज घोषणा की। कंपनी के प्रबंध निदेशक होंग जू जियोन ने कहा कि 2024 में हमारा पूरा ध्यान सभी प्रोडक्ट कैटेगरी में अपनी मार्केट लीडरशिप की स्थिति को और मजबूत बनाने पर है। एलजी एयर कंडीशनरों की नई रेंज के साथ हम ग्राहकों को सबसे अधिक एनर्जी एफिशिएंट कूलिंग सॉल्यूशन प्रदान कर रहे हैं। इसी के साथ हम आगे भी विभिन्न कैटेगरी में प्रोडक्ट इनोवेशन को पेश करना जारी रखेंगे। हम ग्राहकों की लाइफस्टाइल को अच्छी तरह से समझते हैं, इसी के आधार पर हम आगे भी बेहतरीन इनोवेशन करना जारी रखेंगे और इसी के साथ बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करना जारी रखेंगे।

### ई-स्कूटर की एस1 एक्स रेंज की कीमतों में कटौती

**नई दिल्ली।** भाविश अग्रवाल के नेतृत्व वाली ओला इलेक्ट्रिक ने सोमवार को डिलीवरी ब्योरे के साथ अपने ई-स्कूटर की एस1 एक्स रेंज की नई कीमतों की घोषणा की। तीन बैटरी कॉन्फ़िगरेशन - 2 केडब्ल्यूएच (किलोवाट-घंटा), 3 केडब्ल्यूएच, 4 केडब्ल्यूएच में उपलब्ध, एस1 एक्स पोर्टफोलियो की कीमत अब क्रमशः 69,999 रुपए (शुरुआती कीमत), 84,999 रुपए और 99,999 रुपए होगी। डिलीवरी अगले सप्ताह से शुरु हो जाएगी। हमारा एस1 ओला के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि पूरे देश में ईवी की पहुंच और बढ़ेगी। इसके अलावा, कंपनी ने एस1 प्रो, एस1 एयर और एस1 एक्?स+ के लिए नई कीमतों की घोषणा की, जो 1,29,999 रुपए, 1,04,999 रुपए और 84,999 रुपए में उपलब्ध होंगी। कंपनी के अनुसार, 6 किलोवाट मोटर द्वारा संचालित स्कूटर 3.3 सेकंड में 0-40 किमी/घंटा की त्वरित गति प्रदान करता है और 4केडब्ल्यूएच और 3केडब्ल्यूएच मॉडल में 90 किमी प्रति घंटे की शीर्ष गति प्रदान करता है और 2केडब्ल्यूएच वेरिएंट में 4.1 सेकंड और 85 किमी प्रति घंटे की गति प्रदान करता है।

### राम लला के मुकुट के लिए एप्पल ग्रीन डायमंड के रत्न चुनें



**नई दिल्ली।** रीक्रिस्टलाइज्ड रत्न उद्योग में अपनी पहचान रखने वाले एप्पल ग्रीन डायमंड, गर्व से भारत की सबसे पवित्र परंपराओं में से एक को बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका की घोषणा की है । धार्मिक महत्व और सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण प्रतिष्ठित राम मंदिर में अब एक मुकुट है जो कई पन्ने और एक अद्वितीय रूबी सहित उत्कृष्ट रत्नों से सुसज्जित है, जो एप्पल ग्रीन डायमंड के ब्रांड 'जापान के डायमंडलाइट' के सौजन्य से है। ऐप्पल ग्रीन डायमंड के संस्थापक और सीईओ अरुण थापर ने व्यक्तिगत रूप से मुकुट के लिए कीमती रत्नों के चयन का प्रबंधन किया। मुकुट के केंद्र में एक प्रमुख 35.81 कैरेट का अंडाकार बर्मी रूबी है, जो दोनों तरफ पन्ने से घिरा हुआ है और रूबी के ऊपर एक कुल 22.23 कैरेट है। इस महत्वपूर्ण योगदान पर विचार करते हुए, अरुण थापर ने गहरा आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'इस प्रतिष्ठित परंपरा में हमारी भागीदारी एक विशेषाधिकार है और पूरी एप्पल ग्रीन डायमंड टीम के लिए बहुत गर्व का स्रोत है।

## अंबुजा सीमेंट करेगी माई होम ग्रुप की ग्राइंडिंग कारोबार का अधिग्रहण

- अंबुजा सीमेंट्स को मौजूदा डीलर भी विरासत में मिलेगा

**नई दिल्ली**, 15 अप्रैल (एजेंसियां)। अदाणी समूह के नियंत्रण वाली अंबुजा सीमेंट्स ने तूतीकोरिन में माई होम ग्रुप की 15 लाख टन वार्षिक सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई को 413.75 करोड़ रुपए में अधिग्रहण करने का करार किया है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि तूतीकोरिन बंदरगाह के पास स्थित यह इकाई तमिलनाडु और केरल के दक्षिणी बाजारों में अंबुजा की उपस्थिति को बढ़ाएगी। यह संयंत्र कच्चे माल की सोर्सिंग के लिए दीर्घकालिक फ्लाई ऐश आपूर्ति समझौते के साथ 61 एकड़ भूमि में फैला हुआ है। कंपनी आंतरिक संसाधनों से यह अधिग्रहण करेगी। इससे समूह की कुल सीमेंट क्षमता 7.89 करोड़ टन वार्षिक हो जाएगी।

समूह के सीमेंट कारोबार के सीईओ अजय कपूर ने कहा कि हमें इस अधिग्रहण की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो इस क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है और अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। बुनियादी ढांचे और भौगोलिक लाभों के अलावा, अंबुजा सीमेंट्स को मौजूदा डीलर भी विरासत में मिलेगा।

# टाटा प्रोजेक्ट्स ने डीएफपीसीएल के नाइट्रिक एसिड परियोजना का किया अधिग्रहण

**मुंबई,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। तेल, गैस और हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में कारोबार करने वाली टाटा समूह की कंपनी टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (टीपीएल) ने दीपक फर्टिलाइजर्स एंड पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएफपीसीएल) की नाइट्रिक एसिड विस्तार परियोजना का अधिग्रहण करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि गुजरात में डीएफपीसीएल के दहेज संयंत्र में स्थित नाइट्रिक एसिड विस्तार परियोजना में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण प्रबंधन (ईपीसीएम) सेवाओं के प्रावधान के साथ-साथ ऑफ साइट्स और यूटिलिटीज के लिए एफईईडी शामिल है।

टीपीएल के ऊर्जा एवं औद्योगिक कारोबार के अध्यक्ष एवं सीईओ राजीव मेनन ने कहा कि टाटा प्रोजेक्ट्स की यात्रा हाल के वर्षों में काफी उल्लेखनीय रही है जिसमें ऑनशोर टर्मिनल में उपस्थिति से लेकर कोर प्रोसेस रिफाइनरी इकाइयों में प्रवेश करने तक शामिल है। डीपीएफसीएल का अधिग्रहण एक विविध और प्रौद्योगिकी संचालित ईपीसी कंपनी बनने के हमारे संकल्प को और मजबूत करता है। नाइट्रिक एसिड कॉम्प्लेक्स परियोजना विभिन्न अनुबंध मॉडलों में शामिल होने की हमारी क्षमता को प्रदर्शित करती है ।



डीपीएफसीएल का अधिग्रहण एक विविध व प्रौद्योगिकी संचालित ईपीसी कंपनी बनने के हमारे संकल्प को और मजबूत करता है : **राजीव मेनन**

## 10 करोड़ किलोमीटर के पार पहुंचा टाटा पावर का ईवी चार्जिंग नेटवर्क

**नई दिल्ली।** टाटा पावर देश भर में सार्वजनिक, अर्ध-सार्वजनिक, बस/बेड़े और होम चार्जर सेगमेंट में 10 करोड़ ग्रीन किलोमीटर तक बिजली पहुंचाने वाली पहली ईवी चार्जिंग समाधान प्रदाता बन गया है। टाटा पावर का ईवी चार्जिंग नेटवर्क 2030 तक एक करोड़ वार्षिक ईवी बिक्री के सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए 530 शहरों और कस्बों में सेवा प्रदान करेगा। टाटा पावर ने ईजी चार्ज के नाम से अपने नेटवर्क का विस्तार 86 हजार से अधिक होम चार्जर्स, 5,300 से अधिक सार्वजनिक अर्ध-सार्वजनिक और फ्लीट चार्जिंग पॉइंट के साथ 530 शहरों व कस्बों में 850 से अधिक बस चार्जिंग स्टेशनों तक किया है। ढ

# खेल जगत

## पथिराना एक पीढ़ी में एक बार पैदा होने वाले गेंदबाज : ब्रेट ली


**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज गेंदबाज ब्रेट ली ने श्रीलंका के पेसर मथीशा पथिराना की जमकर तारीफ की और कहा कि वह एक पीढ़ी में एक बार पैदा होने वाले गेंदबाज हैं। सीएसके ने रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में एमआई को 20 रन से हराकर आईपीएल 2024 में अपनी चौथी जीत हासिल की। चेन्नई ने 207 रनों का लक्ष्य रखा लेकिन रोहित शर्मा के नाबाद शतक के बावजूद मुंबई निर्धारित 20 ओवरों में 186 रन ही बना सकी। 206 का बचाव करते हुए, पथिराना ने (4-28) के स्पेल के साथ सीएसके के गेंदबाजी विभाग का नेतृत्व किया। गेम चेंजिंग स्पेल के दम पर पथिराना ने प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। पथिराना ने मुंबई को 70 रन के कुल स्कोर पर ईशान किशन (23) के रूप में पहला झटका देकर मैच में अपने विकेटों का खाता खोला।



# राजस्थान की निगाहें कोलकाता को भी हरा शीर्ष पर बने रहने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह





**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (देशबन्धु)। तीन तीन अर्धशतक जड़ने वाले रेयन पराग और कप्तान संजू सैमसन, शतक जड़ने वाले जोस बटलर जैसे अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों, स्पिन का जाल बुन बल्लेबाजों को नचाने वाले लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल (11 विकेट) अपने रफ्तार के सौदागर ट्रेंट बोल्ट (छह विकेट) और नेंद्रे बर्गर (छह विकेट) के गेंद से दिखाई धार की बदौलत अपने छह में से पांच मैच जीत शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स की निगाहें आईपीएल 2024 क्रिकेट में अब पांच में से चार जीत दूसरे स्थान पर चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को उसके घर कोलकाता में मंगलवार को हरा शीर्ष पर बने रहने की होगी। वहीं दो अर्धशतक जड़ चुके विकेटकीपर सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट, पिंच हिटर ओपनर सुनील नारायण के साथ फिनिशिर आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स की कोशिश अपने ईडन गार्डन के मैदान पर राजस्थान के रॉयल प्रदर्शन पर लगाम उसे शिकस्त देकर खुद शीर्ष पर पहुंचने की होगी। अपना अपना पिछला मैच जीतने वाली राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मंगलवार रोचक संघर्ष की आस है। राजस्थान का पलड़ा भले ही भारी है लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स उसे अपने घर में बेशक कड़ी टक्कर देगी। अब तक दोनों टीमों के बीच आईपीएल में हुए पिछले पांच में तीन मैच राजस्थान रॉयल्स ने मुश्किल स्थिति में कोलकाता नाइट राइडर्स से जीते है। राजस्थान रॉयल्स को मौजूदा सीजन में अब तक एकमात्र हार गुजरात टाइटंस से अपने घर अंतिम गेंद पर तीन विकेट से झेलनी पड़ी है। वहीं केकेआर को एकमात्र हार चेन्नई सुपर किंग्स से चेन्नै में तीन विकेट से झेलनी पड़ी है। राजस्थान और केकेआर के लिए अच्छी बात यह है कि एक एक हार के बाद ये दोनों ही टीमें कड़े संघर्ष के बाद फिर जीत की राह पर लौट आई है और इसलिए दोनों ही मंगलवार को जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। राजस्थान रॉयल्स के बाद मजबूत शीर्ष क्रम के साथ शेमरॉन हेटमायर जैसे ऐसा पावर हिटर है जो कुछ ही गेंदों में मैच का रुख उसकी ओर मोड़ने का दम रख रखता है। रन बनाने में मौजूदा संस्करण में दूसरे नंबर पर चल रहे राजस्थान के रेयन पराग (कुल 284 रन) और तीसरे नंबर चल रहे कप्तान संजू सैमसन (कुल 264 रन) का 2024 की आईपीएल की नीलामी में सबसे महंगे बिके केकेआर के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क (पांच विकेट), वैभव अरोड़ा(छह विकेट) आंद्रे रसेल (छह विकेट), हर्षित राणा(पांच विकेट) तथा मिस्ट्री स्पिनर सुनील नारायण (पांच विकेट) और वरुण चक्रवर्ती (पांच विकेट ) के खिलाफ कड़ा इम्तिहान होगा। अपना इस सीजन का पहला अर्धशतक तलाशने में जुटे नौजवान ओपनर यशस्वी जायसवाल भी जरूर कोलकाता के आक्रमण के खिलाफ शुरू में दे दनादन कर अपनी रंगत वापस पाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

- कोलकाता की कोशिश फिनिशर रसेल व रिंकू के सहारे शीर्ष पर पहुंचने की
- स्टार्क, वैभव, रसेल के खिलाफ राजस्थान के रेयन व संजू का इम्तिहान चुनौती

कोलकाता नाइट राइडर्स के शीर्ष क्रम मे दो अर्धशतक जड़ने वाले फिल साल्ट (कुल 191 रन), एक एक अर्धशतक जड़ने वाले सुनील नारायण (कुल 167 रन) और आंद्रे रसेल (कुल 115 रन), अंग कृष रघुवंशी(4 मैच, 85 रन) और वेंकटेश अय्यर कुल 64 रन), कप्तान श्रेयस अय्यर (कुल 125 रन) टुकड़ों टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। राजस्थान रॉयल्स के रफ्तार के सौदागर ट्रेंट बोल्ट और बर्गर ने पारी के शुरू में साल्ट, सुनील नारायण और अंग कृष रघुवंशी के विकेट सस्ते में निकाल दिए तो फिर अभी भी रनों के लिए जूझ रहे कप्तान श्रेयस ही नहीं बल्कि रसेल और रिंकू के लिए बेहद कंजूस और मौजूदा सीजन के सबसे कामयाब स्पिनर युजवेंद्र चहल के खिलाफ तेज रन बना केकेआर को बड़े स्कोर तक पहुंचाना खास मुश्किल हो सकता है। चेन्नै सुपर किंग्स के बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा (3/18) जिस तरह स्पिन का जाल कोलकाता नाइट राइडर्स को मात्र 137 रन पर रोकने के बाद जिस आसानी से मात्र तीन विकेट खोकर 141 रन बना जीत हासिल की थी उससे भी राजस्थान रॉयल्स के चतुर स्पिनर युजवेंद्र चहल निश्चित रूप से मंगलवार को ईडन गार्डन के मैदान पर अपनी टीम को जीत दिलाकर शीर्ष पर उसकी स्थिति और मजबूत करने में कोई कसर कतई छोड़ने वाले हैं।

## सीएसके के खिलाफ हार्दिक का प्रदर्शन 'बिल्कुल सामान्य' : गावस्कर



कप्तान हार्दिक पांड्या का आखिरी ओवर इस हार के लिए काफी हद तक जिम्मेदार

**मुंबई,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। रोहित शर्मा की नाबाद शतकीय पारी के बावजूद मुंबई को रविवार को सीएसके के खिलाफ 20 रन से हार का सामना करना पड़ा। एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या का आखिरी ओवर इस हार के लिए काफी हद तक जिम्मेदार है। इसे लेकर पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने हार्दिक पांड्या की आलोचना की। रविवार शाम को वानखेड़े स्टेडियम में सीएसके के खिलाफ मुंबई को हार मिली। एमआई कप्तान के खिलाफ चेन्नई ने दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी के पारी के अंतिम ओवर में लगातार तीन छक्कों की मदद से 26 रन बनाए। धोनी की नाबाद 20 रनों की शानदार पारी सीएसके के लिए सटीक जीत का अंतर बन गई और एमआई को टूर्नामेंट की चौथी हार का सामना करना पड़ा। पांड्या ने अपने 4 ओवर के स्पैल में (2-43) का आंकड़ा हासिल किया। गावस्कर ने कहा, 'मैंने पिछले काफी समय में शायद सबसे खराब तरह की गेंदबाजी देखी है। पांड्या की बॉलिंग देखकर कोई भी कह सकता था इस पर माही आराम से छक्का जड़ सकते हैं। एक छक्का तक तो ठीक है, लेकिन अगली बॉल आप एक लेंथ बॉल डाल रहे हैं, जबकि आपको पता है कि बल्लेबाज लेंथ बॉल का ही इंतजार कर रहा है। अगली गेंद पैरों पर डाली गई जो फुल टॉस थी, बावजूद इसके कि धोनी गेंद को हिट करना चाह रहे थे।' इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि टूर्नामेंट में स्टेडियम में प्रशंसकों से पांड्या को लगातार जो ताने मिल रहे हैं, उसका असर मैदान पर उनके प्रदर्शन पर पड़ना शुरू हो गया है। गावस्कर की तरह पीटरसन भी आखिरी ओवर में गेंद से पांड्या के प्रदर्शन की आलोचना कर रहे थे।

### हार्दिक पांड्या के सपोर्ट में आए पोलार्ड

सीएसके से 20 रन की हार के बाद एमआई को आईपीएल 2024 में घरेलू मैदान पर पहली हार मिली। इस बीच मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड फैंस के निशाने पर बार-बार आने वाले टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या के समर्थन में सामने आए हैं। आईपीएल 2024 में हार्दिक पांड्या की किस्मत उनका साथ नहीं दे रही है। वो बल्लेबाजी और बॉलिंग में बुरी तरह फ्लॉप हो रहे हैं, उनकी कप्तानी पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि अब भी मुंबई इंडियंस अपने नए कप्तान का बचाव कर रही है। रविवार शाम को वानखेड़े स्टेडियम में सीएसके के खिलाफ हार झेलने वाली मुंबई के कप्तान के खिलाफ चेन्नई के दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी ने पारी के अंतिम ओवर में लगातार तीन छक्कों की मदद से 26 रन बनाए। इसके बाद बल्ले से पांड्या ने 6 गेंदों पर केवल दो रन बनाए। धोनी की नाबाद 20 रनों की शानदार पारी अंततः सीएसके के लिए सटीक जीत का अंतर बन गई और एमआई को टूर्नामेंट की चौथी हार का सामना करना पड़ा।

## टी-20 विश्वकप के बाद मेजर लीग में खेलेंगे ट्रैविस हेड

**मुम्बई,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज ट्रैविस हेड टी-20 विश्व कप के बाद आराम करने की बजाय मेजर लीग क्रिकेट के दूसरे सत्र में खेलने के लिए स्टीवन स्मिथ के जुड़ेंगे। हेड इस समय सनराइजर्स हैदराबाद के साथ आईपीएल में खेल रहे हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप 29 जून को समाप्त होगा। उन्होंने टी-20 विश्वकप के बाद ऑस्ट्रेलिया में आराम करने की बजाय वाशिंगटन फ्रीडम के साथ अनुबंध करके मेजर लीग में खेलने का विकल्प चुना है। टी-20 विश्वकप के बाद सितंबर में इंग्लैंड के सफेद गेंद दौरे तक ऑस्ट्रेलिया का कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं है। हेड और स्मिथ फ्रीडम के नए कोच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के तहत खेलेंगे, जिन्होंने हाल ही में ग्रेग शिपर्ड की जगह ली थी। फ्रीडम ने हाल ही में न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र के साथ अनुबंध की घोषणा की। उन्होंने 2023 सत्र के लिए मार्को जेन्सन और अकील होसेन में दो विदेशी खिलाड़ियों को बरकरार रखा। हेड के साथ स्मिथ,



एडम ज़म्पा (लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स), स्पेंसर जॉनसन (नाइट राइडर्स) और टिम डेविड (एमआई न्यूयॉर्क) शामिल हो गए हैं। उन्होंने एमएलसी के दूसरे सत्र के लिए अनुबंध की पुष्टि की है।

## मैं रिजल्ट के बारे में ज्यादा नहीं सोचता : पथिराना

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 206 रन के बचाव में मथीशा पथिराना ने (4-28) के शानदार स्पैल के साथ चमक बिखेरी। इस शानदार प्रदर्शन के बाद सीएसके के युवा तेज गेंदबाज ने कहा कि उनका फोकस सिर्फ अपने प्रदर्शन को बेहतर करने पर रहता है। पथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण सीएसके के पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे, लेकिन जब लक्ष्य का पीछा कर रही एमआई के खिलाफ विकेट लेने की सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब उन्होंने मैच जिताऊ गेंदबाजी की और मेहमान टीम को 20 रन से जीत दिलाई। प्लेयर ऑफ द मैच पथिराना ने मैच के बाद कहा, 'जब हम पावरप्ले में गेंदबाजी कर रहे थे, तो मैं काफी घबराया हुआ था।

मुझसे कहा गया कि शांत रहो और अपना काम करो, इससे मुझे आत्मविश्वास मिला। मैं नतीजों के बारे में ज्यादा नहीं सोचता, सिर्फ अपने खेल को बेहतर करने की टेंशन लेता हूं।' पथिराना ने मुंबई को 70 रन के कुल स्कोर पर ईशान किशन



- पथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण सीएसके के पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे
- मैच जिताऊ गेंदबाजी की और मेहमान टीम को 20 रन से जीत दिलाई

(23) के रूप में पहला झटका देकर मैच मेंने अपने विकेटों का खाता खोला। इसके बाद उन्होंने उसी ओवर में सूर्यकुमार यादव (0) को मुस्तफिजुर रहमान के हाथों कैच कराकर दूसरा झटका दिया। फिर, उन्होंने तिलक वर्मा (31) और रोमारियो शेफर्ड (1) को भी आउट कर मुंबई को बैकफुट पर धकेल दिया। पथिराना ने अपने कोटे के 4 ओवर में मात्र 28 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। उन्होंने कहा, 'कभी-कभी मुझे बल्लेबाजों के हिसाब से अपनी योजनाएं बदलनी पड़ती हैं। मैं दो सप्ताह पहले थोड़ी परेशानी से जूझ रहा था, लेकिन सहयोगी स्टाफ ने मेरा समर्थन किया और यही मेरी फॉर्म का मुख्य कारण है।'

## सार संक्षेप

### ब्रिटिश बॉक्सर विली लिमोंड का 45 वर्ष की आयु में निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व ब्रिटिश और राष्ट्रमंडल सुपर-लाइटवेट चैंपियन विली लिमोंड की ग्लासगो के पास गाड़ी चलाते समय दौरा पड़ने के एक सप्ताह बाद 45 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई। विली लिमोंड को अपनी कार में बेहोश पाए जाने के बाद अस्पताल ले जाया गया। उन्हें ग्लासगो में एक पब्लिक ट्रेनिंग सेशन में भाग लेना था। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उनके बेटे जेक ने कहा, 'पापा का सुबह निधन हो गया। उन्होंने लगभग 10 दिनों तक संघर्ष किया, एक योद्धा की तरह।' लिमोंड ने आखिरी बार सितंबर में हमवतन रिकी बर्न्स का सामना किया था और इस साल 3 मई को जो लॉज़ के खिलाफ ग्लासगो में रिंग में कमबैक करने वाले थे। 1999 से 2023 तक, लिमोंड ने अपने 48 पेशेवर मुकाबलों में से 42 जीते, जिनमें 13 नॉकआउट शामिल थे। हालांकि, उनमें से केवल तीन मैच 2016 के बाद शामिल हैं। लिमोंड की छह में से चार हार विश्व खिताब जीतने वाले बॉक्सर के खिलाफ थी जिसमें - अमीर खान, एंथोनी क्रोला, एरिक मोरालेस और रिकी बनर्स का नाम शामिल है।

### मायकोलास एलेक्ना ने डिस्कस थ्रो का नया विश्व रिकार्ड बनाया

**रामोना (अमेरिका)** । लिथुआनिया मायकोलास एलेक्ना ने पुरुष एथलेटिक्स डिस्कस थ्रो का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। मायकोलास अलेक्नाा ने रविवार को रमोना में ओक्लाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में डिस्कस थ्रो में 74.35 मीटर डिस्क फेंक कर जर्मनी के जर्गेन शुल्ट के 74.08 मीटर के विश्व रिकार्ड को तोड़ा। उल्लेखनीय है कि जर्मनी के जर्गेन शुल्ट ने वर्ष 1986 में 74.08 मीटर डिसक्स थ्रो फेंक कर विश्व रिकार्ड कायम किया था।

### कई आरोपों में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल स्लेटर पुलिस हिरासत में

**क्वींसलैंड।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर माइकल स्लेटर को कई आरोप लगाये जाने के बाद पुलिस हिरासत में भेजा गया है। स्लेटर पर गैरकूननी रूप से पीछा करना या डराना-धमकाना, रात में घर में घुसना, हमला, शारीरिक नुकसान पहुंचाने और गला दबाने जैसे घरेलू हिंसा के आरोप हैं। पूर्व सलामी बल्लेबाज और टीवी कमेंटेटर पर जमानत का उल्लंघन करने और घरेलू हिंसा के आदेश का उल्लंघन करने के 10 आरोप भी लगाए गए है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को कई दिनों से लग रहे घरेलू हिंसा के आरोपों के बीच उन्होंने 54 वर्षीय स्लेटर को सनसाइन कोस्ट के पते से गिरफ्तार किया है। उन्हें मंगलवार को अदालत में पेश किया जायेगा। तब तक वह पुलिस की हिरासत में रहेंगे।

## खालसा कॉलेज ने जीता पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया है। आज यहां हुये मुकाबले में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने कांटे की टक्कर के फाइनल में खालसा कॉलेज एलुमनी टीम को 3-2 से हराया। विजेता श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के लिए अरबाज, मोहित और हर्ष तेवतिया ने एक-एक गोल दागे। खालसा कॉलेज





एलुमनी टीम की तरफ से विपिन नांदल और मनीष ने एक-एक गोल किए। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के हर्ष तेवतिया मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर पुरस्कार श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के ऋषभ को दिया गया। सर्वेश्रेष्ठ डिफेंडर - विपिन नांदल ( श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनी टीम), सर्वेश्रेष्ठ मिडफील्डर - अंकित (श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज), सर्वेश्रेष्ठ फॉरवर्ड - अजय राठी ( श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनी), प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट - पवन चौहान (श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज) को नवाजा गया है। भारत के पूर्व हॉकी ओलंपियन, अर्जुन अवार्ड, पद्मश्री और ध्यान चांद लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित हरबिंदर सिंह और पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के ज्वाइंट सेक्रेटरी गौतम वडेरा ने पुरस्कार वितिरित किये।

## 50 की उम्र में आईआरएस अधिकारी एकता ने पावर लिफ्टिंग में जीता मेडल

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। जहां दुनिया के अधिकांश लोग 50 साल की उम्र में रिटायरमेंट के बारे में सोचते हैं, वहीं दिल्ली की एक वरिष्ठ आईआरएस महिला अधिकारी एकता विश्नोई ने साबित कर दिया है कि जब फिटनेस की बात आती है, तो उम्र सिर्फ एक संख्या है। पहले ही फिटनेस की दुनिया में अपनी पहचान बना चुकी भारतीय खेल प्राधिकरण की उप-महानिदेशक एकता विश्नोई, अब पावरलिफ्टिंग की दुनिया में अपना दबदबा बना रही हैं। उन्होंने हाल ही में हैदराबाद में संपन्न हुई नेशनल सीनियर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में कई पदक जीते हैं और





रिकॉर्ड तोड़े। 50 साल की उम्र में विश्नोई ने अपने से आधी उम्र की लड़कियों के साथ प्रतिस्पर्धा की और डेडलिफ्ट में 165 किलोग्राम की सर्वश्रेष्ठ लिफ्ट के साथ रजत पदक जीता। साथ ही स्क्वाट में 132.5 किलोग्राम, बेंच प्रेस में 70 किलोग्राम और डेडलिफ्ट में 165 किलोग्राम की सर्वश्रेष्ठ लिफ्ट के साथ कुल मिलाकर कांस्य पदक जीता। इन लिफ्टों के साथ, उन्होंने प्रतियोगिता में मास्टर 2 श्रेणी के सभी रिकॉर्ड भी तोड़ दिए। इससे पहले, विश्नोई ने राष्ट्रीय मास्टर्स पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, कॉमनवेल्थ पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप और एशियन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2022 में भी एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता था। उनकी उपलब्धि के लिए, उन्हें 2023 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा सम्मानित किया गया था। इससे भी बड़ी बात यह है कि वह एक एथलीट के रूप में ही नहीं, बल्कि एक प्रशासक के रूप में भी धूम मचा रही हैं।

## आईपीएल के लाइव मैच के वीडियो या फोटो पोस्ट करने पर बीसीसीआई ने लगाई पाबंदी !

**नई दिल्ली,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल के मंच पर मैच तो कमाल के होते हैं, लेकिन इसके साथ कई विवाद भी सामने आते हैं। एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ है। जब भारत के एक पूर्व बल्लेबाज ने आईपीएल मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए अपनी तस्वीर खींची और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया तब काफी बवाल हुआ था। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, इसके तुरंत बाद, पूर्व भारतीय बल्लेबाज को बीसीसीआई स्टाफ द्वारा पोस्ट को हटाने के लिए कहा गया। अब बीसीसीआई ने कमेंटेटर्स, खिलाड़ियों और टीमों पर आईपीएल मैच के दौरान फोटो, वीडियो बनाने या अपलोड न करने का निर्देश दिया है। अगर फिर भी कोई नियमों का उल्लंघन करना है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कुछ खिलाड़ियों ने हाल ही में मैच के दिनों






की तस्वीरें शेयर की थी और उन्हें इन पोस्ट को डिलीट का निर्देश दिया गया था। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि एक आईपीएल टीम ने मैच का लाइव वीडियो स्ट्रीम कर दिया था, जो कि नियमों का उल्लंघन है और बीसीसीआई ने उस पर 9 लाख का जुर्माना लगाया था। आईपीएल ब्रॉडकास्टर ने मैच टेलीकास्ट राइट्स के लिए बीसीसीआई को हजारों करोड़ रूपए दिए हैं और इसलिए फोटो और वीडियो पर उन्हीं का अधिकार है।

## बुंडेसलिगा में बेयर लेवरकुसेन की खिताबी जीत

**बर्लिन,** 15 अप्रैल (एजेंसियां)। बायर्न म्यूनिख द्वारा लीग पर 11 साल तक लगातार दबदबा बनाए रखने के बाद, बेयर लेवरकुसेन ने आखिरकार रविवार को वेर्डर ब्रेमेन को 5-0 से हराकर बुंडेसलीगा का खिताब जीत लिया। 29वें राउंड के समापन पर वेर्डर ब्रेमेन पर शानदार जीत के बाद, लेवरकुसेन ने पांच राउंड शेष रहते हुए अपना पहला बुंडेसलीगा खिताब जीता। न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मैच की शुरुआत से ही लेवरकुसेन ने अपना पक्ष हावी रखा और लगातार विरोधी टीम पर दबाव बनाने की कोशिश की। लेवरकुसेन के प्रयासों का फल तब मिला जब विक्टर बोनीफ़ेस ने 22वें मिनट में पेनल्टी को गोल में तब्दील किया। फिर, वेर्डर ब्रेमेन ने कई बार कोशिश की लेकिन मेजबान टीम का दबदबा कायम रहा। लेवरकुसेन के गोलकीपर लुकास ह्राडेकी ने कई शानदार बचाव किए। दूसरे हाफ में एक बार फिर लेवरकुसेन ने अटैक करना शुरू किया और ग्रैनिट ज़ाका ने



60वें मिनट में टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद फ्लोरियन विर्ट्ज़ ने 68वें मिनट में एक शक्तिशाली शॉट के साथ टीम की बढ़त 3-0 की। इतना ही नहीं उन्होंने हैट्रिक जमाते हुए 83वें और 90वें मिनट में अपनी टीम के लिए ऐतिहासिक जीत पक्की कर दी। इस जीत के साथ लेवरकुसेन प्रतियोगिताओं में 43 मैचों से अजेय के अपने रिकॉर्ड पर कायम है। टीम के लिए यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिसमें इस सीज़न में बुंडेसलीगा में 29 मैचों की अजेय श्रृंखला शामिल है। साथ ही उन्होंने अपने नाम रिकॉर्ड 79 अंक अर्जित किए हैं।

फ्लोरियन विर्ट्ज़ ने कहा, 'मुझे अभी भी एहसास नहीं हो रहा है कि हमने क्या हासिल किया है।' जोनास हॉफमैन ने कहा, 'यह अविश्वसनीय है और इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। मैंने इसे सपने में भी नहीं सोचा था।' अलोंसो की टीम इस सीज़न में दो और खिताब जीत सकती है क्योंकि यूईएफए यूरोप लीग और जर्मन कप अभी भी उनकी दावेदारी में हैं।